kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

वर्ष-11 | अंक-100 | शुक्रवार, 13 मई 2022 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12

वैकल्पिक ऊर्जा का अधिक से अधिक उपयोग कर पर्यावरण संरक्षण के साथ हम अपने जीवन को भी और अधिक उपयोगी बना सकते हैं। ऊर्जा उत्पादन के साथ-साथ ऊर्जा संरक्षण करना भी महत्वपूर्ण है। हमें बिजली पैदा करने के साथ-साथ इसके समुचित वितरण और संरक्षण के कार्य को भी करना है। सौर ऊर्जा सुदूर क्षेत्रों में भी आसानी से उपलब्ध कराई जा सकती है। एके शर्मा

चालू वित्त वर्ष में बनेंगे 18000 किमी राष्ट्रीय राजमार्ग : गडकरी 11

सोनाक्षी सिन्हा ने सगाई की अफवाहों पर लगाया विराम 12

संक्षेप

राजीव कुमार बने मुख्य निर्वाचन आयुक्त

नयी दिल्ली। वरिष्ठतम निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार को भारतीय निर्वाचन आयोग का नया मुख्य निर्वाचन आयुक्त नियुक्त किया गया है। केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्रालय ने गुरुवार को यहां जारी एक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी। मंत्रालय ने बताया कि श्री कुमार की नियुक्ति 15 मई से प्रभावी होगी। वह निवर्तमान मुख्य निर्वाचन आयुक्त सुशील चंद्रा का स्थान लेंगे। श्री चंद्रा का कार्यकाल 14 मई को समाप्त हो रहा है। केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री किरेन रिजिजू और मंत्रालय में राज्य मंत्री एस पी सिंह बघेल ने श्री कुमार को शुभकामनायें दी हैं। श्री कुमार वर्ष 1984 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी हैं। उन्होंने सितंबर 2020 को निर्वाचन आयोग में निर्वाचन आयुक्त के रूप में कार्यभार संभाला था। इससे पहले, वह उद्यम चयन बोर्ड के अध्यक्ष रह चुके हैं। वह अप्रैल 2020 में अध्यक्ष पीईएसबी के रूप में शामिल हुए थे।

दो दिवसीय लखनऊ दौरे पर आ रहे हैं रक्षा मंत्री

लखनऊ । लखनऊ से सांसद देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शनिवार को अपने संसदीय क्षेत्र लखनऊ पहुंचेंगे। रक्षामंत्री 14 मई को सुबह 10:30 बजे विशेष विमान से लखनऊ एयरपोर्ट पहुंचेंगे। यहां से वह सीधे होटल रेगनेंट निराला नगर के लिए प्रस्थान करेंगे। महानगर अध्यक्ष मुकेश शर्मा ने बताया कि निराला नगर में रक्षामंत्री लखनऊ प्रबुद्ध वर्ग फाउंडेशन के कार्यक्रम 'नमस्ते लखनऊ विद राजनाथ सिंह के मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होंगे। इसके बाद 12:30 बजे होटल द ग्रैंड जेबीआर गोमती नगर में पूंजी बाजार पर आयोजित कार्यशाल में हिस्सा लेंगे। यहां से दिलकुशा आवास के लिए रवाना होंगे। शाम 4:30 बजे होटल ताज में चिकनकारी एसोसिएशन की ओर से आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। अगले दिन 15 मई को दिन में 11 बजे गोमती नगर जन कल्याण समिति की ओर से सीएमएस गोमती नगर शाखा में होने जा रहे समिति के वार्षिकोत्सव में शामिल होंगे। कार्यक्रम के बाद रक्षा मंत्री वापस दिलकुशा आवास आएंगे और कुछ देर रुकने के बाद दिन 03:50 बजे एयरपोर्ट प्रस्थान करेंगे।

यूपी के मदरसों में राष्ट्रगान हुआ अनिवार्य, आदेश जारी

लखनऊ। यूपी के सभी मदरसों में गुरुवार से रोजाना राष्ट्रगान का गायन अनिवार्य कर दिया गया। उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा बोर्ड के रजिस्ट्रार एसएन पांडे ने गत नौ मई को सभी जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारियों को इस बारे में आदेश जारी किया। पांडे ने आदेश में कहा है कि पिछली 24 मार्च को बोर्ड की बैठक में लिए गए निर्णय के अनुरूप नए शिक्षण सत्र से सभी मदरसों में प्रार्थना के समय राष्ट्रगान अनिवार्य कर दिया गया है। पांडे ने बताया कि रमजान माह के दौरान मदरसों में 30 मार्च से 11 मई तक अवकाश घोषित था और 12 मई से नियमित कक्षाएं शुरू हुईं लिहाजा यह आदेश आज से लागू हो गया है।

आठ साल के पीक पर महंगाई!

खुदरा महंगाई अप्रैल में अनुमान से ज्यादा उछलकर 7.79 फीसदी पर पहुंची

एजेंसी

- महंगाई के मोर्चे पर आम आदमी को जबरदस्त झटका
- इंडस्ट्रियल प्रोडक्शन मार्च में 1.9 प्रतिशत बढ़ा
- लगातार चौथे महीने महंगाई आरबीआई की लिमिट के पार

नई दिल्ली। आम आदमी की जेब पर डाका डाल रही महंगाई के सरकारी आंकड़े जारी हो गए हैं। अप्रैल में खुदरा मुद्रास्फीति 7.79% के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गई है। जबकि खाद्य मुद्रास्फीति की दर 8.38% रही. महंगाई की ये दर अपने 8 साल के उच्च स्तर पर है. इससे पहले मई 2014 में महंगाई दर 8.33% थी. जबकि मार्च 2022 में खुदरा महंगाई 6.95 फीसदी रही थी।

भारतीय रिजर्व बैंक ने महंगाई की अपर लिमिट 6% तय की हुई है। महंगाई के लिए टोलरेंस बैंड 2-6 फीसदी रखा है, लेकिन अप्रैल का डेटा दिखाता है कि ये अब उससे काफी ऊपर जा चुकी है। ये लगातार चौथा महीना है जब महंगाई दर आरबीआई की तय लिमिट से ऊपर है। इससे पहले फरवरी में भी खुदरा महंगाई दर 6.07% और जनवरी में 6.01% रही थी। कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स पर आधारित खुदरा महंगाई के आंकड़े सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय ने गुरुवार को जारी किए हैं। खाने-पीने की चीजों के दाम बेकाबू बने हुए हैं. अप्रैल के फूड बास्केट की महंगाई के आंकड़े भी इसकी पुष्टि करते हैं। अप्रैल में खाद्य महंगाई 8.38% पर रही है,, जबकि मार्च 2022 में यह 7.68% थी और पिछले साल अप्रैल में 1.96% थी। खाने-पीने की महंगाई बढ़ाने में सबसे बड़ा हाथ खाद्य तेल की कीमतों में तेजी का है। इसके अलावा डॉलर के मुकाबले रुपये की कीमत में गिरावट और ईंधन की कीमतों के उच्च स्तर पर बने रहने से भी महंगाई बढ़ी है। खाद्य तेलों की महंगाई दर अप्रैल में सबसे अधिक 17.28% रही, जबकि इसके बाद सब्जियों की महंगाई दर 15.41% बढ़ी। इसके अलावा फ्यूल और लाइट की महंगाई दर अप्रैल में 10.80% रही। अगर आप महंगाई के आंकड़े देखें तो इसकी मार शहरों के मुकाबले गांव में ज्यादा देखी गई है। अप्रैल 2022 में ग्रामीण स्तर पर खुदरा महंगाई दर 8.38% रही, जबकि शहरों में ये स्तर 7.09% रहा। वहीं खाद्य मुद्रास्फीति के मामले में भी शहरी इलाकों में खाद्य महंगाई दर 8.09% रही, जबकि ग्रामीण इलाकों में ये 8.50% रही। मार्च 2022 में शहरी स्तर पर महंगाई दर 6.12% थी, जबकि ग्रामीण स्तर पर 7.66%. वहीं खाद्य महंगाई दर भी मार्च 2022 में शहरी स्तर पर 7.04% थी और ग्रामीण स्तर पर ये 8.04% तक पहुंच गई थी। महंगाई के बढ़ते स्तर को देखते हुए रिजर्व बैंक ने अप्रैल की मौद्रिक नीति समिति की बैठक में फाइनेंशियल ईयर 2022-23 के लिए महंगाई के प्रोजेक्शन को 1.2 फीसदी बढ़ाकर 5.7 फीसदी कर दिया था। इसके साथ ही सेंट्रल बैंक ने फाइनेंशियल ईयर 2022-23 के लिए इकोनॉमिक ग्रोथ का फोरकास्ट 7.8 फीसदी से घटाकर 7.2 फीसदी कर दिया था। इसके बाद मई महीने की शुरुआत में रिजर्व बैंक ने एक आपात बैठक की और रेपो दर 0.40 फीसदी बढ़ाकर 4.40 फीसदी करने का ऐलान किया।

सेंसेक्स 1158 और निफ्टी 359 अंक लुढ़का

- वैश्विक अर्थव्यवस्था के सुस्त पड़ने की आशंका से शेयर बाजार में कोहराम

मुंबई। अमेरिका में आसमान छूती महंगाई को काबू में करने के लिए फ़ेड रिजर्व के ब्याज दरों में फिर तेजी वृद्धि करने के रुख से वैश्विक अर्थव्यवस्था की रफ्तार सुस्त पड़ने की आशंका से हताश निवेशकों की बिकवाली के दबाव में विदेशी बाजारों के करीब डेढ़ वर्ष के निचले स्तर पर आने से आज घरेलू शेयर में कोहराम मच गया। अंतर्राष्ट्रीय बाजार के रुख के बीच वित्त सचिव टी. वी. सोमनाथन के गुरुवार के उस बयान का भी घरेलू शेयर बाजार पर असर पड़ा, जिसमें उन्होंने कहा यदि रिजर्व बैंक ब्याज दरों में बढ़ोतरी करता है तो देश की आर्थिक विकास दर धीमी पड़ जाएगी। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स ● शेष पेज 11 पर

ज्ञानवापी का 17 से पहले सर्वे

एजेंसी

- कोर्ट कमिश्नर नहीं बदले जायेंगे
- मस्जिद परिसर का वीडियो रिकार्डिंग भी होगा, दो और सर्वे कमिश्नर नियुक्त

वाराणसी। ज्ञानवापी परिसर के सर्वे मामले में गुरूवार को सिविल जज (सीनियर डिवीजन) रवि कुमार दिवाकर की अदालत ने फैसला सुना दिया । न्यायालय ने कहा है कि सर्वे कमिश्नर अधिवक्ता अजय मिश्र नहीं हटाए जाएंगे। न्यायालय ने दो और विशेष और सहायक कमिश्नर नियुक्त किए हैं। न्यायालय ने आदेश दिया है कि 17 मई से पहले सर्वे किया जायेगा। न्यायालय ने कहा है कि 17 मई से पहले कार्रवाई को पुख्ता करें। कमीशन की कार्रवाई में बाधा नहीं आनी चाहिए। न्यायालय ने 17 मई को सर्वे रिपोर्ट पेश करने के आदेश दिए हैं। सर्वे कार्यवाही जिला प्रशासन के सहयोग से होगी। सुबह नौ से दोपहर 12 बजे तक सर्वे किया जाएगा। बाधा उत्पन्न करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

न्यायालय से नियुक्त विशेष कोर्ट कमिश्नर विशाल कुमार सिंह और सहायक कोर्ट कमिश्नर अजय सिंह है। अदालत ने अंजुमन इंतजामिया कमेटी की एडवोकेट कमिश्नर बदलने की मांग भी खारिज कर दी । स्पष्ट किया गया कि अजय कुमार मिश्रा एडवोकेट कमिश्नर बने रहेंगे। उन्हें 17 मई तक न्यायालय में पूरी कार्यवाही की रिपोर्ट पेश करनी होगी। कमीशन कार्यवाही के स्थल पर वादी, प्रतिवादी, अधिवक्तागण, एडवोकेट कमिश्नर, उनके सहायक व कमीशन कार्रवाई से संबंधित व्यक्तियों को छोड़ कर अन्य कोई बाहरी व्यक्ति नहीं शामिल हो सकेगा। अदालत ने महत्वपूर्ण टिप्पणी करते हुए कहा कि यह बात समझ से परे है कि यह देखने में आता है कि जिला प्रशासन के अधिकारी अपने अहंकार के कारण न्यायालय के आदेश का अनुपालन कराना उचित नहीं समझते हैं। माननीय उच्च न्यायालय द्वारा निर्देश का पालन भी अधिकारी नहीं करते हैं। न्यायालय ने पूरी कार्रवाई के लिए डीजीपी और प्रदेश के चीफ सेकेट्री को निगरानी करने के लिए आदेशित किया है। फैसले के पूर्व न्यायालय में दोपहर से ही गहमागहमी रही। अदालत के बाहर सुरक्षा का व्यापक प्रबंध किया गया था। अदालत का फैसला आते ही अधिवक्ताओं के एक समूह ने हर-हर महादेव का नारा लगा खुशी जताई। वहीं, वादी पक्ष के अधिवक्ताओं ने भी खुशी जता एक दूसरे को मिठाई भी खिलाई। इसके पहले बीते बुधवार को कोर्ट कमिश्नर बदलने की दाखिल याचिका पर फिर सुनवाई हुई। न्यायालय में वादी और प्रतिवादी पक्ष के अधिवक्ताओं ने अपनी दलीलें पेश की। सुनवाई पुरी होने के बाद न्यायालय ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि के मुकदमे का शीघ्र निस्तारण करे अदालत : उच्च न्यायालय

प्रयागराज। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने उत्तर प्रदेश में मथुरा की स्थानीय अदालत को कृष्ण जन्म भूमि से जुड़े मुकदमे का शीघ्र निस्तारण करने का निर्देश दिया है। उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति सुनील कुमार राय ने मथुरा स्थित सत्र न्यायालय को भगवान श्रीकृष्ण विराजमान एवं अन्य बनाम सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड एवं तीन अन्य मामलों में दर्ज मुकदमे की सुनवाई चार महीने में पूरी करने को कहा है। उन्होंने याचिका का निस्तारण करते हुए मथुरा के सिविल जज को इस मामले से जुड़ी अर्जियों पर दोनों पक्षों की सुनवाई यथाशीघ्र पूरी कर चार महीने में फैसला करने को कहा। ● शेष पेज 11 पर

ताजमहल के बंद दरवाजों को खोलने की गुजारिश वाली याचिका खारिज

लखनऊ। इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ खंडपीठ ने ताजमहल के बंद दरवाजों को खोलने की गुजारिश वाली याचिका पर गुरूवार को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति देवेन्द्र कुमार उपाध्याय और न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की खंडपीठ ने आज अपराह्न सवा दो बजे मामले की सुनवाई करते हुए याचिका को खारिज कर दिया। याचिका अयोध्या के डॉ. रजनीश सिंह ने दायर की थी। याचिका में इतिहासकार पीएन ओक की किताब ताजमहल का हवाला देते हुए दावा किया गया कि ताजमहल वास्तव में तेजोमहालय है, जिसका निर्माण 1212 एडी में राजा परमार्दी देव ने कराया था। ● शेष पेज 11 पर

देवेंद्र सिंह चौहान यूपी के कार्यवाहक डीजीपी बने

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। लापरवाही के कारण मुकुल गोयल को डीजीपी के पद से हटाये जाने के बाद देवेंद्र सिंह चौहान को यूपी का कार्यवाहक पुलिस महानिदेशक नियुक्त किया गया है।

मुकुल गोयल को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की नाराजगी के बाद बुधवार रात को उनके पद से हटा दिया गया था। गोयल को शासकीय कार्यों की अवहेलना, विभागीय कार्यों में रुचि न लेने और अकर्मण्यता के आरोप में उनको पद से हटाया गया। गोयल पर कार्रवाई के पीछे हाल के दिनों की घटनाएं बड़ी वजह मानी जा रही हैं। गोयल को पिछले साल एक जुलाई को तत्कालीन डीजीपी हितेश चंद्र अवस्थी की सेवानिवृत्ति के बाद डीजीपी बनाया गया था। वह केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से वापस लौटे थे। शुरू से ही उनका कार्यकाल विवादों से घिरा रहा। एक मामले में तो मुख्यमंत्री तक को बयान देना पड़ा। वरिष्ठता के आधार पर 1987 बैच के आईपीएस अफसर आरपी सिंह सबसे वरिष्ठ डीजी हैं और मौजूदा समय में प्रशिक्षण निदेशालय में हैं। दूसरे नंबर पर 1987 बैच के ही सीबीसीआईडी में डीजी जीएल मीना, तीसरे पर 1988 बैच के डीजी भर्ती बोर्ड राज कुमार विश्वकर्मा, चौथे पर 1988 बैच के डीजी इंटेलीजेंस देवेंद्र सिंह चौहान और पांचवें पर 1988 बैच के डीजी जेल आनंद कुमार हैं। इनमें देवेंद्र सिंह चौहान डीजीपी की रेस

अयोध्या में मठ मंदिर कर मुक्त

एजेंसी

अयोध्या। उत्तर प्रदेश में अयोध्या नगर निगम ने मठ मंदिरों को करमुक्त किये जाने का प्रस्ताव पारित कर दिया है।

महापौर ऋषिकेश उपाध्याय ने गुरूवार को बताया कि मंडलायुक्त के गांधी सभागार में नगर निगम की बोर्ड की बैठक में मठ मंदिरों को कर मुक्त किये जाने का प्रस्ताव पारित किया गया। अब मठ-मंदिरों को केवल प्रतीकात्मक टैक्स (टोकन मनी) ही देना होगा। इसके साथ ही मंदिरों का बकाया टैक्स माफ करने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में शहर में जलभराव से निजात के लिये 182 करोड़ रुपये से नालों का निर्माण करने का भी फैसला लिया गया।

करीब तीन घंटे चली बैठक में अयोध्या के मठ-मंदिरों को कर मुक्त किये जाने का प्रस्ताव पारित कर दिया गया। उन्होंने साफ किया कि इस दायरे में केवल वही मठ-मंदिर व आश्रम आयेंगे जो मठ-मंदिर आश्रम का व्यवसायिक उपयोग नहीं कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिये गृहकर, जलकर में दस फीसदी छूट दिये जाने की समय सीमा भी 31 जुलाई तक बढ़ा दी गयी है। शहर को जलभराव की समस्या से निजात दिलाने के लिये करोड़ों रुपये की लागत से विकास प्राधिकरण अयोध्या निर्माण करवायेगा। अकेले अयोध्या जोन से ही नगर निगम प्रशासन को टैक्स के रूप में ढाई करोड़ रुपये की आमदनी होती है। इस जोन में करीब आठ हजार मठ-मंदिर व आश्रम हैं। उन्होंने बताया कि 95 प्रतिशत मठ-मंदिर अयोध्या जोन में ही हैं, ऐसे में अब मठ-मंदिर, आश्रम व धर्मशाला जो अपने स्थान का व्यवसायिक प्रयोग नहीं कर रहे हैं, उन्हें कर से मुक्त किया जायेगा।

राम की नगरी का प्रवेश द्वार स्वर कोकिला 'लता' के नाम

अयोध्या। भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या के रानोपाली स्थित प्रवेश द्वार चौराहा अब भारत रत्न स्वर कोकिला लता मंगेशकर के नाम से जाना जायेगा। अयोध्या नगर निगम के महापौर ऋषिकेश उपाध्याय ने गुरूवार को बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर नगर निगम अयोध्या की बोर्ड बैठक में यह निर्णय लिया गया कि भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या के रानोपाली स्थित प्रवेश द्वार चौराहा अब भारत रत्न स्वर कोकिला लता मंगेशकर के नाम से जाना जायेगा। उन्होंने बताया कि अयोध्या के रानोपाली क्षेत्र में स्थित प्रवेश चौराहा (उदया चौराहा) भारत रत्न स्वर कोकिला लता मंगेशकर के नाम पर विकसित किया जायेगा, जहां लता मंगेशकर द्वारा रिकार्ड हुए भगवान श्रीराम व हनुमानजी के भजन सुनाई देंगे। श्री उपाध्याय ने कहा कि इसके साथ ही इस चौराहे पर लता मंगेशकर की प्रतिमा भी लगाया जायेगा। वहीं टेढ़ी बाजार चौराहा भी धार्मिक गतिविधियों के तहत सौंदर्यीकरण किया जायेगा, साथ ही साथ आने वाले श्रद्धालुओं को निषाद राज एवं भगवान के बीच के संबंधों के इतिहास ● शेष पेज 11 पर

राज्यसभा के 11 सदस्यों के निर्वाचन कार्यक्रम जारी, 10 जून को मतदान

लखनऊ। उत्तर प्रदेश कोटे के 11 राज्यसभा सदस्यों का कार्यकाल चार जुलाई को समाप्त हो रहा है। निर्वाचन आयोग ने उनके द्विवार्षिक निर्वाचन के लिए कार्यक्रम जारी कर दिया है। 24 मई से नामांकन प्रक्रिया शुरू होगी। नामांकन की अंतिम तिथि 31 मई है और 10 जून को मतदान एवं परिणाम आएगा।

उप्र के अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी चन्द्रशेखर ने बताया कि उत्तर प्रदेश विधान सभा के निर्वाचित सदस्यों द्वारा राज्य सभा के निर्वाचित 11 सदस्यों का कार्यकाल चार जुलाई को समाप्त हो रहा है। भारत निर्वाचन आयोग ने रिक्त होने वाली सीटों के लिए द्विवार्षिक निर्वाचन हेतु कार्यक्रम निर्धारित कर दिया गया है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 24 मई को नाम निर्देशन की अधिसूचना जारी की जाएगी। 31 मई को नाम निर्देशन हेतु अंतिम तिथि तय की गयी है। एक जून को नाम निर्देशनों की जांच और तीन जून को नाम वापसी के लिए अंतिम तिथि निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि ● शेष पेज 11 पर

चंद मिनट की आंधी बारिश ने बढ़ाई उमस

कैनविज टाइम्स संवाददाता

- अगले छह दिन ऐसे ही रहेगा मौसम

लखनऊ। सुबह से ही चल रही दक्षिण-पूर्वी हवाओं की नमी और दिन में 40 डिग्री सेल्सियस के पार तापमान...। इन दोनों का जब मिलन हुआ तो शाम शुरू होते ही तेज आंधी चली और उसके बाद अचानक बरसात शुरू हो गयी। चंद मिनट की बरसात उमस में इजाफा कर गयी। हालांकि बारिश के बाद करीब चार डिग्री तापमान लुढ़क गया। शहर में गोमतीनगर, अलीगंज, चारबाग, आलमबाग, हजरतगंज, निरालानगर समेत कई इलाकों में बारिश हुई। मौसम विभाग के मुताबिक वातावरण में ये बदलाव स्थानीय कारकों से हुआ है। अगले छह दिनों तक अधिकतम पारा 40-41 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहेगा।

बुधवार से राजधानी में उमस बढ़ गयी थी। आर्द्रता 80 फीसदी तक पहुंच गई थी। रात का तापमान सामान्य से चार डिग्री सेल्सियस अधिक यानी 28.5 डिग्री सेल्सियस था। गुरुवार सुबह से गर्मी-उमस बढ़ने लगी थी। सुबह नौ बजे ही तापमान 30 डिग्री सेल्सियस पार गया था। आर्द्रता भी करीब 58 फीसदी थी। दिन में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस पार पहुंच गया। इसके बाद दक्षिण-पूर्वी हवाओं ने नमी और बढ़ा दी। इन हवाओं को जब अधिक तापमान का साथ मिला तो शाम 40 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से तेज आंधी चली और कई जगहों पर बरसात हुई। आंधी-बारिश के चलते तापमान चार डिग्री लुढ़क कर 36 डिग्री पर आ गया। मौसम विभाग निदेशक जेपी गुप्ता ने बताया कि मौसम के इस बदलाव का पूर्वानुमान था। मई में अमूमन मौसम ऐसा ही होता है। जब तक हवाएं राजस्थान की तरफ से आती हैं तो गर्मी ज्यादा होती है, जैसे ही दक्षिण-पूर्वी हवाओं का दौर शुरू होता है नमी के साथ उमस बढ़ने लगती है। अगले छह दिन मौसम ऐसा ही रहेगा। गर्मी और उमस होगी। आंधी के साथ बौछारें भी पड़ सकती हैं।

बीते पांच वर्ष में 2 करोड़ 51 लाख से अधिक आबादी को शुद्ध पेयजल दिया

जल शक्ति मिशन के कामों की करें हर सप्ताह समीक्षा : योगी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

- 36 लाख घरों में नल कनेक्शन लगाए
- विंध्य-बुंदेलखंड क्षेत्र में 18.67 लाख घरों को पेयजल
- 57.62 लाख घरों में कार्य जारी
- 2.64 लाख घरों में शुद्ध पेयजल मुहैया कराना है

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को अपने सरकारी आवास पांच कालिदास मार्ग पर केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत के साथ जलशक्ति विभाग व स्वच्छ भारत मिशन की विविध परियोजनाओं की समीक्षा बैठक की।

बैठक के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने हर देशवासी को शुद्ध पेयजल सुलभ कराने के उद्देश्य से 15 अगस्त 2019 को घोषित की गई 'जल जीवन मिशन' से आज बुंदेलखंड-विंध्य क्षेत्र की तस्वीर बदल रही है। हर घर में शुद्ध पेयजल का सपना पूरा हो रहा है। उन्होंने कहा कि 'हर घर नल-हर घर जल' के संकल्प के साथ प्रदेश के 2.64 लाख घरों में शुद्ध पेयजल मुहैया कराया जाना है। विगत पांच वर्ष में शुद्ध पेयजल से वंचित दो करोड़ 51 लाख से अधिक आबादी के लिए शुद्ध पेयजल का सपना साकार हुआ है। 36 लाख घरों में नल के कनेक्शन लगाये गये हैं। अकेले विंध्य-बुंदेलखंड क्षेत्र में 18.67 लाख घरों को पाइप्ड पेयजल से जोड़ा गया है। 57.62 लाख घरों में कार्य जारी है। शेष घरों को भी पाइप्ड पेयजल की सुविधा मिलने लगेगी। इस कार्य को समयबद्धता के साथ चरणबद्ध रूप से पूरा किया जाए।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार साथ मिलकर जलशक्ति, स्वच्छ भारत मिशन, नमामि गंगे परियोजनाओं के समयबद्ध और गुणवत्ता पूर्ण क्रियान्वयन करेंगे। केंद्र की टीम को 'टीम यूपी' को पूरा सहयोग मिलेगा। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के कार्यों की कृषि उत्पादन आयुक्त के स्तर पर साप्ताहिक समीक्षा की जाए। इसकी रिपोर्ट मुख्यमंत्री कार्यालय को उपलब्ध कराएं। मंत्री और अधिकारी फील्ड विजिट करें। हमें स्थलीय निरीक्षण की व्यवस्था को और मजबूत करना होगा। कार्यपद्धति में पूरी शुचिता और पारदर्शिता होनी चाहिए। जल जीवन मिशन से 100 प्रतिशत संतृप्त गांवों का पारदर्शिता के साथ सत्यापन होना चाहिए। जब गांव के हर एक घर में नल से जल आना शुरू हो जाए। पानी पर्याप्त हो और गुणवत्ता संतुष्टिपरक हो, तब वहां ग्राम पंचायत की बैठक आयोजित कर लाभान्वित लोगों की संतुष्टि का स्तर आंका जाए। इसकी वीडियोग्राफी भी कराई जाए। अगर एक भी उपभोक्ता असंतुष्ट है तो उनकी अपेक्षाओं को पूरा किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आर्सेनिक, फ्लोराइड, खारापन, नाइट्रेट, आयरन आदि के कारण गुणवत्ता प्रभावित जल वाले क्षेत्रों के सुधार के लिए जल जीवन मिशन अंतर्गत विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। इस सम्बंध में भारत सरकार अतिरिक्त वित्तीय सहायता प्रदान कर रही है। इन क्षेत्रों में कार्य तेज किए जाने की जरूरत है। विकास परियोजनाओं के लिए डीपीआर तैयार करने वाली संस्था परियोजना के क्रियान्वयन/ निर्माण आदि के लिए होने वाली टेंडर प्रक्रिया में भाग नहीं लें। इस व्यवस्था पर कड़ाई से अमल किया जाए। प्रदेश के 23 हजार गांवों में जहां कार्य जारी हैं, उन्हें आगामी छह माह के भीतर पूरा करने का लक्ष्य रखें। जिन 18 हजार 629 गांवों के लिए डीपीआर तैयार है, उनकी एसएलएसएससी की स्वीकृति की प्रक्रिया प्रत्येक दशा में अगले एक माह के भीतर पूरी कर ली जाए। जल जीवन मिशन के लिए विलेज एक्शन प्लान ग्राम पंचायत के बजाय राजस्व गांवों के स्तर पर बनाया जाए। सभी 97 हजार राजस्व गांवों में इस कार्य को तेजी से पूरा कर लिया जाए। वाटर टेस्टिंग के कार्य से स्थानीय जल समितियों को ● शेष पेज 11 पर

भाजपा सरकार ने लॉ एंड ऑर्डर को ही कर दिया है बुलडोज : अखिलेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने कहा है कि उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार ने लॉ-एण्ड-आर्डर को ही बुलडोज कर दिया है। बहन बेटियों के लिए उत्तर प्रदेश सर्वाधिक असुरक्षित प्रदेश बन गया है। स्कूल, घर, थाने और अब अस्पताल में भी बलात्कार होने लगे हैं। दूसरी बार मुख्यमंत्री के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने उत्तर प्रदेश को रेप स्टेट बना दिया है। भाजपा सरकार महिलाओं के प्रति पूरी तरह असंवेदनशील साबित हो चुकी है।

अखिलेश यादव ने गुरुवार को जारी एक बयान में कहा कि कानपुर में पुलिस बिना एफआईआर मां-बेटी को उठा लाई और थाने में रात में पूछताछ के बहाने प्रताड़ित किया जिससे परेशान महिला में खुदकुशी कर ली। ललितपुर काण्ड में पुलिस को आरोपित तो जल्दी ढूंढ़े नहीं मिले पीड़िता से ही थाने में दुष्कर्म कर यूपी को देशभर में बदनाम कर लिया। ललितपुर काण्ड की स्याही सूखने भी नहीं पाई थी कि अलीगढ़ में पुलिस के सिपाही ने एक नाबालिग से दुष्कर्म कर दिया। वहीं, राजधानी लखनऊ में 10 साल की एक बच्ची से दुष्कर्म सरोजनी नगर थाना क्षेत्र में किया गया। श्रावस्ती में दुष्कर्म का विरोध करने पर बदमाशों ने महिला की आंख फोड़ दी। लखीमपुर में बंधक बनाकर एक मासूम बच्ची से दुष्कर्म किये जाने की घटना विचलित करने वाली है। मिर्ज़ापुर में गर्भवती महिला से दुष्कर्म हुआ। श्री यादव ने आगे कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार में अपराध का मीटर दुगना रफ्तार से बढ़ रहा है। पुलिस थाने अराजकता के केन्द्र बन गए हैं। लूट, हत्या, अपहरण और बलात्कार के मामलों में उत्तर प्रदेश आगे जा रहा है। भाजपा सरकार ने विकास को किनारे कर रखा है। वह नफरत और समाज को बांटने वाली गतिविधियों को बढ़ावा देने में लग गई है। मुख्यमंत्री जी को जगह-जगह जाकर भाषण देने का शौक है, वे प्रशासन पर लगाम कसने में विफल साबित है। फर्जी मुकदमों और फर्जी एनकाउण्टरों में भाजपा सरकार रिकार्ड बना रही है। हिरासत में मौतों को लेकर तो राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग तक तमाम नोटिस जारी कर चुका है।

फाइलेरिया रोधी दवा खाने से काई न छूटे : बृजेश पाठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने गुरूवार को प्रदेश के 19 जनपदों में शुरू होने वाले मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम का वर्चुअल शुभारम्भ किया । उदघाटन के मौके पर उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि

फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का लक्ष्य पूर्ण रूप से प्राप्त करने के लिए हमें सुनिश्चित करना होगा कि कोई भी लाभार्थी फाइलेरिया रोधी दवा खाने से न छूटे। इसके लिए प्रदेश से लेकर ग्राम स्तर के अंतिम छोर तक गहन मोनिटरिंग के साथ कार्य करना होगा साथ ही जनपद से लेकर ब्लॉक स्तर के समस्त फाइलेरिया रोगियों की सूची बनाकर उनके इलाज का प्रबंधन सुनिश्चित किया जाये।

डॉ. नूपुर रॉय ने कहा कि प्रदेश में सभी सहयोगी संस्थाएं, सरकार के साथ जिस तरह समन्वय बनाकर कार्य कर रहीं हैं, पूरी आशा है कि प्रदेश से फाइलेरिया का उन्मूलन बहुत जल्दी होगा ।

निदेशक संचारी रोग डॉ. ए.के.सिंह ने कहा कि इस कार्यक्रम में इस बात का विशेष ध्यान रखा जा रहा है कि आशा के माध्यम से उसके क्षेत्र के प्रत्येक परिवार के पात्र लाभार्थी द्वारा फाइलेरिया रोधी दवाओं का सेवन प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मियों के सामने ही सुनिश्चित किया जाये।

इस अवसर पर, संयुक्त निदेशक फाइलेरिया एवं राज्य कार्यक्रम अधिकारी फाइलेरिया डॉ. वी.पी.सिंह, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, ने कहा कि आमतौर पर बचपन में होने वाला यह संक्रमण लिम्फैटिक सिस्टम को नुकसान पहुंचाता है और अगर इससे बचाव न किया जाए तो इससे शारीरिक अंगों में असामान्य सूजन होती है। यह दवाएं दो वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं और अति गंभीर रूप से बीमार व्यक्ति यों को ये दवाएं नहीं खिलाई जाएगी। डॉ. सिंह ने बताया कि मोर्बिडिटी मैनेजमेंट एंड डिसेबिलिटी प्रिवेंशन (एम.एम.डी.पी.) यानि रुग्णता प्रबंधन एवं विकलांगता की रोकथाम द्वारा हाइड्रोसील और लिम्फ़ेडेमा से संक्रमित व्यक्तियों की देखभाल एवं उनको समुचित इलाज प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने जानकारी दी कि प्रदेश में वर्ष दिसम्बर 2021 के आंकड़ों के अनुसार हाइड्रोसील के लगभग 26 हज़ार मरीज़ और लिम्फ़ेडेमा के लगभग 83 हज़ार मरीज़ हैं । डॉ. सिंह ने यह भी बताया कि ये दवाएं पूरी तरह सुरक्षित हैं । रक्तचाप, शुगर, अर्थरायीटिस या अन्य सामान्य रोगों से ग्रसित व्यक्तियों को भी ये दवाएं खानी हैं । सामान्य लोगों को इन दवाओं के खाने से किसी भी प्रकार के दुष्प्रभाव नहीं होते हैं । अगर किसी को दवा खाने के बाद उल्टी, चक्कर, खुजली या जी मिचलाने जैसे लक्षण होते हैं तो यह इस बात का प्रतीक हैं कि उस व्यक्ति के शरीर में फाइलेरिया के कीटाणु मौजूद हैं, जोकि दवा खाने के बाद कीटाणुओं के मरने के कारण उत्पन्न होते हैं । बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन के प्रतिनिधि डॉ. भूपेंद्र त्रिपाठी और केला लेज़रसन ने संयुक्त रूप से कहा कि मास ड्रग कार्यक्रम के दौरान सभी लाभर्थियों को फाइलेरिया रोधी दवाएं खिलाने से फाइलेरिया जैसे गंभीर संक्रमण से बचाव सुनिश्चित होगा । प्रदेश के पूर्व राज्यमंत्री एवं सदर विधायक बलरामपुर, पलटूराम ने समस्त प्रतिभागियों से फाइलेरिया मुक्त प्रदेश बनाने का आवाहन किया। इस अवसर पर प्रदेश के पूर्व राज्यमंत्री एवं सदर विधायक बलरामपुर, पलटूराम, राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण केंद्र, स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय, भारत सरकार की निदेशक डॉ. तनु जैन एवं अपर निदेशक डॉ. नूपुर रॉय, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, उत्तर प्रदेश के निदेशक संचारी रोग डॉ. ए.के.सिंह उपस्थित रहे।

बेटियां पढ़ें और आगे बढ़ें : बेबी रानी मौर्य

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की महिला,बाल विकास एवं पुष्टाहार मंत्री बेबी रानी मौर्य ने कहा कि बेटियां पढ़ें और आगे बढ़ें। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महिलाओं के प्रति बहुत अधिक संवेदनशील हैं। वह गुरुवार को राज्य महिला आयोग की ओर से आयोजित लैंगिक असमानता विषय कार्यशाला को संबोधित कर रही थीं।

बेबी रानी मौर्य ने कहा कि महिलाओं के साथ कोई खड़ा नहीं हो रहा है। इसलिए उनका उत्पीड़न हो रहा है। महिला आयोग की सदस्य महिलाओं की आवाज बनें। राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला ने कहा कि योगी सरकार बेटियों को स्वावलंबन व सुरक्षा देने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि नारी किसी से कम नहीं है। हमारे यहां वैदिक काल में भी गार्गी व अपाला जैसी नारियां थी। अभी भी बेटियों को पढ़ने से रोका जा रहा है।

प्रतिभा शुक्ला ने कहा कि नारी का सम्मान करना पड़ेगा। आज नारी को प्रताड़ित करने का काम एक नारी ही कर रही है। इसलिए शिक्षा बहुत जरूरी है। समाज में संस्कारों का अभाव है। राज्य मंत्री असीम अरुण ने कहा कि आज महिला सुरक्षा का वातावरण बना है। इसलिए महिलाओं में आत्मविश्वास भी बढ़ा है। राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष बिमला बाथम ने कहा कि लैंगिक समानता के मामले में आज भी भेदभाव हो रहा है। शिक्षा में भी भेदभाव हो रहा है। उन्होंने कहा कि अगर भेदभाव मिट जाये तो राम राज्य का प्रादुर्भाव होगा। बिमला बाथम ने कहा कि आदिकाल में महिलाएं सशक्त थी। केन्द्र व प्रदेश सरकार महिलाओं के कल्याण व स्वावलंबन के लिए अनेक योजनाएं चला रही है। राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष ने कहा कि महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण मिलना चाहिए। प्रमुख सचिव महिला एवं बाल विकास अनीता मेश्राम ने कहा कि महिलाओं का विकास सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सरकार ने महिलाओं के लिए अनेक योजनाएं शुरू की है। इसी का परिणाम है कि प्रदेश में 1000 पुरुषों पर 1017 महिलाएं हैं। बाल विवाह में भी कमी आई है।

योगी करेंगे महंत नृत्यगोपाल दास के जन्मोत्सव का शुभारंभ

एजेंसी

अयोध्या। श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं मणिराम दास छावनी के महंत नृत्यगोपाल दास का 84वां जन्मदिन चार से 13 जून तक रामनगरी अयोध्या में धूमधाम से मनाया जायेगा जिसका उदघाटन उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे।

महंत नृत्यगोपाल दास के उत्तराधिकारी महंत कमल नयन दास ने गुरूवार को बताया कि महंत नृत्यगोपाल दास जी का चौरासिवां जन्म दिवस चार जून से तेरह जून तक धूमधाम से मनाया जायेगा, जिसकी तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। इस जन्मोत्सव का उद्घाटन उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ चार जून को करेंगे। जन्मोत्सव में कथाव्यास प्रेमभूषण जी महाराज, रामलीला सहित कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया है। देश के संत धर्माचार्यों को

जन्मोत्सव में बुलाने के लिये निमंत्रण पत्र दिये जा रहे हैं।

महंत कमल नयन दास ने बताया कि तेरह जून को एक संत सम्मेलन का भी आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम में कांची कामकोटि पीठ के शंकराचार्य विजेन्द्र सरस्वती महाराज को भी निमंत्रण भेजा गया है और निवेदन किया गया है कि श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं मणिराम दास छावनी के महंत नृत्यगोपाल दास के जन्मोत्सव में आने का कष्ट करें। देश भर के महान विभूतियों, संत धर्माचार्यों जगद्गुरू रामानंदाचार्य सहित कई साधु संत मौजूद रहेंगे। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या, पूर्व उप मुख्यमंत्री दिनेश शर्मा सहित कई अन्य मंत्रियों को भी बुलाया गया है। उन्होंने बताया कि केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह को भी निमंत्रण भेजा गया है हालांकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की व्यस्तता को देखते हुये उन्हे निमंत्रण नहीं भेजा गया है। महंत ने बताया कि जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में गरीबों को दस दिन श्रीराम सत्संग भवन में भोजन कराया जायेगा। साथ ही साथ नेत्र रोगियों का भी इलाज दस दिन कैम्प लगाकर निःशुल्क किया जायेगा। उन्होंने बताया कि इस समय महंत नृत्यगोपाल दास का स्वास्थ्य ठीक है और छावनी में ही वह स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं।

आज़म के साथ द्वेषपूर्ण तरीक़े से अन्याय कर रही उप्र की भाजपा सरकार: मायावती

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। बसपा की अध्यक्ष मायावती ने जेल में बंद समाजवादी पार्टी (सपा) के वरिष्ठ विधायक आज़म खान के साथ उत्तर प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार द्वारा अन्याय किए जाने का आरोप लगाया है।

मायावती ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव से नाराज़ बताए जा रहे आज़म के लिए हमदर्दी व्यक्त करते हुए गुरुवार को भाजपा शासित राज्यों में कांग्रेस सरकारों की तर्ज़ पर विरोधी दलों के नेताओं, ग़रीबों, दलितों और मुस्लिमों पर ज़ुल्म करने का आरोप लगाया।

उन्होंने ट्वीट कर कहा, यूपी व अन्य भाजपा शासित राज्यों में भी, कांग्रेस की ही तरह, जिस प्रकार से टारगेट करके गरीबों, दलितों, अदिवासियों एवं मुस्लिमों को जुल्म-ज्यादती व भय आदि का शिकार बनाकर उन्हें परेशान किया जा रहा है यह अति-दुःखद, जबकि दूसरों के मामलों में इनकी कृपादृष्टि जारी है। मायावती ने रामपुर से सपा विधायक आज़म खान का उदाहरण देते हुए कहा, इसी क्रम में यूपी सरकार द्वारा अपने विरोधियों पर लगातार द्वेषपूर्ण व आतंकित कार्यवाही तथा वरिष्ठ विधायक मोहम्मद आज़म खान को करीब सवा दो वर्षों से जेल में बन्द रखने का मामला काफी चर्चाओं में है, जो लोगों की नज़र में न्याय का गला घोंटना नहीं तो और क्या है? एक अन्य ट्वीट में उन्होंने कहा, साथ ही, देश के कई राज्यों में जिस प्रकार से दुर्भावना व द्वेषपूर्ण रवैया अपनाकर प्रवासियों व मेहनतकश समाज के लोगों को अतिक्रमण के नाम पर भय व आतंक का शिकार बनाकर, उनकी रोजी-रोटी छीनी जा रही है, वह अनेकों सवाल खड़े करता है जो अति-चिन्तनीय भी है। ग़ौरतलब है कि आज़म खान कई आपराधिक मामलों में पिछले दो साल से अधिक समय से जेल में बंद हैं। लगभग सभी लम्बित मामलों में उन्हें अदालत से ज़मानत मिलने के बाद हाल ही में दो साल पुराने फ़र्ज़ी दस्तावेज़ बनवाने के एक अन्य मामले में यूपी पुलिस ने उनके ख़िलाफ़ आरोप पत्र दायर कर दिया। इससे उनके जेल से फ़िलहाल रिहा होने की उम्मीद पर पानी फिर गया। आज़म को जेल से बाहर आने के लिए इस मामले में भी अदालत से ज़मानत लेनी होगी।

कल होगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

लखनऊ। जनपद न्यायाधीश जिला जज राम मनोहर नारायण मिश्र ने कहा कि 14 मई को लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा इस लोक अदालत का उद्देश्य जनपद वासियों के लम्बित वादों का निस्तारण करना है। जिन लोगों के लम्बित मुकदमें है वे राष्ट्रीय लोक अदालत में आकर अपने मुकदमों का निस्तारण करा सकते है। उन्होंने बताया कि लखनऊ वासियों को अब मुकदमों के पीछे ज्यादा चक्कर नहीं लगाना होगा। आगामी दिवस 14 मई को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के तत्वाधान में जनपद न्यायालय लखनऊ कलेक्ट्रेट एवं जनपद की समस्त तहसीलों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन, इसके अतिरिक्त पारिवारिक न्यायालय एवं मोती महल स्थित मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, लखनऊ तथा कामर्शियल कोर्ट, लखनऊ में भी लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। 14 मई को आयोजित होने वाली लोक अदालत में बैंक वसूली वाद, किरायेदारी वाद, मोबाइल फोन व केबल नेटवर्क संबंधी प्रकरण, आयकर, बैंक व अन्य वित्तीय संस्थाओं से सम्बन्धित प्रकरण, ऐसे प्रकरण जिनमें पक्षकार पारस्परिक सद्भावना हेतु आपसी सुलह समझौते से निपटाना चाहे, दीवानी वाद, उन्होंने कहा कि लम्बित वादों की संख्या देख कर यह व्यवस्था लागू की है।

उत्तर प्रदेश के 63 जनपदों के व्यापारी हुए एकजुट

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश की प्रांतीय कार्यसमिति की बैठक गुरूवार को अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान गोमतीनगर में संपन्न हुई। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल ने अन्य राष्ट्रीय एवं प्रांतीय पदाधिकारियों के साथ दीप प्रज्वलन करके भारत माता, लाला विशंभर दयाल अग्रवाल, शहीद हरीश चंद्र अग्रवाल, व्यापारी नेता कन्हैयालाल मौर्या के चित्रों पर माल्यार्पण करके बैठक का शुभारंभ किया। उत्तर प्रदेश के 63 जनपदों के व्यापारी प्रतिनिधियों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल के नेतृत्व में व्यापारी समाज की सुरक्षा सम्मान और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए हुंकार भरी सभी ने एकजुट होकर व्यापारी की परिभाषा को बदलने का संकल्प किया। फौजी और आईपीएस की तरह व्यापारी को सम्मान मिले, व्यापारी दिवस मिले, पंजीकृत व्यापारियों से विधान परिषद चुना जाए, व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ को शासन स्तर पर मान्यता मिले, व्यापारी दुर्घटना बीमा योजना में सभी प्रकार के मामलों में तुरंत मुआवजा मिले, वरिष्ठ व्यापारियों के लिए पेंशन योजना प्रारंभ की जाए, डीजल पेट्रोल को जीएसटी के दायरे में लाया जाए बहुराष्ट्रीय ऑनलाइन विदेशी कंपनियों की मनमानी पर रोक लगाते हुए उनके गोदामों पर निरंतर छापे मारे जाएं और उन पर अतिरिक्त टैक्स लगाया जाए प्रदेश की मंडियों के बाहर लगने वाले मंडी शुल्क को समाप्त किया जाए, सीपी टैक्स को समाप्त किया जाए सहित अन्य विषयों पर प्रस्ताव पारित किए। संदीप बंसल ने बैठक का शुभारंभ करते हुए कहा कि सिर्फ और सिर्फ संगठन ही है जिसकी ताकत के दम पर सत्ता प्राप्त होती है और आज उत्तर प्रदेश में अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के निर्णय ने फिर से साबित किया कि जिसके साथ व्यापारी उसका पलड़ा भारी यह नारा चुनाव से पूर्व संगठन ने दिया था और भारतीय जनता पार्टी को समर्थन दिया था पूरे प्रदेश में सभी जनपदों में व्यापारियों ने एकजुट होकर भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार प्रसार किया और उसका परिणाम है कि पूर्ण बहुमत के साथ भारतीय जनता पार्टी की उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार बनी उन्होंने प्रदेश के समस्त पदाधिकारियों का हृदय से धन्यवाद और आभार व्यक्त किया और सभी पदाधिकारियों को अंग वस्त्र पहनाकर सम्मानित किया। संगठन के प्रदेश प्रवक्ता सुरेश छबलानी ने बताया कि बैठक के दूसरे सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना उपस्थित रहे। उन्होंने संपूर्ण व्यापारी समाज का आभार व्यक्त करते हुए भारतीय जनता पार्टी की दो तिहाई बहुमत की सरकार बनाने पर धन्यवाद दिया और कहा कि जो भी विषय संदीप बंसल द्वारा इस कार्य समिति के माध्यम से उनके संज्ञान में लाए जा रहे हैं उन सभी पर सकारात्मक निर्णय लिया जाएगा और व्यापारियों की सभी समस्याओं का समाधान होगा उन्होंने कहा कि देश की सीमा की रक्षा एक सैनिक करता है उसी प्रकार अर्थव्यवस्था की रक्षा एक व्यापारी करता है और व्यापारी ने उत्तर प्रदेश में राजस्व को बढ़ाया है पिछली सरकार में और अप्रैल के महीने में भी जो लक्ष्य था उत्तर प्रदेश सरकार का उससे ज्यादा कर एकत्रीकरण हुआ है आने वाले समय में व्यापारियों की सभी समस्याओं को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री और देश के प्रधानमंत्री तक पहुंचाया जाएगा व्यापारी दिवस विधान परिषद सदस्य व्यापारी दुर्घटना बीमा योजना व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ इन सभी बिंदुओं पर तत्काल निर्णय लिया जाएगा।

बिजली और पानी बचाने का संकल्प लें सभी लोग : आनंदी बेन

राज्यपाल की उपस्थिति में गोद लिए गए 75 आंगनबाड़ी केंद्र

एजेंसी

मुजफ्फरनगर। प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने गुरुवार को मुजफ्फरनगर का दौरा किया। जिला पंचायत सभागार में आयोजित कार्यक्रम में 75 आंगनबाड़ी केंद्रों को गोद लिया गया। राज्यपाल ने आंगनबाड़ी केंद्रों सशक्त बनाने के लिए खिलौना किट वितरित की। राज्यपाल ने कहा कि सभी को बिजली और पानी का व्यर्थ उपयोग नहीं करना चाहिए। बिजली और पानी को बचाकर ही भावी पीढ़ी को खुशहाल जीवन दिया जा सकता है।

जिला पंचायत सभागार में गुरुवार को आंगनबाड़ी केंद्रों को गोद लेने का कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि राज्यपाल आनंदी बेन पटेल की मौजूदगी में विभिन्न संस्थानों द्वारा 75 आंगनबाड़ी केंद्रों को गोद लिया गया। इनमें चौधरी चरण सिंह विवि ने 15, शाकुम्भरी देवी विवि ने 10, बैंकिंग एसोसिएशन मुजफ्फरनगर द्वारा 30 आंगनबाड़ी केन्द्र (पंजाब नेशनल बैंक, भारतीय स्टेट बैंक

व केनरा बैंक द्वारा 05-05 आंगनबाडी केन्द्र, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया, इण्डिन बैंक, पंजाब एण्ड सिंध बैंक, यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया द्वारा 03-03 आंगनबाडी केन्द्र, बैंक ऑफ बडौदा द्वारा 02 आंगनबाडी केन्द्र तथा बैंक ऑफ इण्डिया द्वारा 01 आंगनबाडी) गोद लिए गए। इसके साथ ही विपुल भटनागर अध्यक्ष आईआईए चैप्टर, मुजफ्फरनगर, रजनीश कुमार अध्यक्ष, फैडरेशन ऑफ मुजफ्फरनगर कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज, सतीश चन्द गोयल निदेशक टिहरी ऑयरन एण्ड स्टील कास्टिंग लिमिटिड मुजफ्फरनगर एवं संजय जैन निदेशक सर्वोत्तम रोलिंग मिल्स प्रा.लि. मुजफ्फरनगर द्वारा 05-05 आंगनबाडी केन्द्रों को गोद लिया गया। कार्यक्रम के दौरान 05 अथवा अधिक आंगनबाडी केन्द्रों गोद लेने वाली 07 संस्थाओं को राज्यपाल ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। साथ ही 10 आंगनबाडी केन्द्रों को सुविधा सम्पन्न बनाने के लिए खिलौना किट का वितरण किया गया। राज्यपाल ने 'नगर' सूत्र (न-नल अर्थात जल, ग-गटर/नाली एवं र-रोड) का उल्लेख करते हुए करते हुए जनप्रतिनिधियों को इनसे सम्बंधित समस्याओ के निराकरण में व्यस्त रहने एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं पर अपेक्षित ध्यान देने के लिए कहा। राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रत्येक आम आदमी तक पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित कराने की दिशा में प्रयास कर रहे हैं। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को जल और विद्युत का समुचित उपयोग करना चाहिए। इनका व्यर्थ उपयोग रोका जाना चाहिए। बच्चों को इनकी बचत की आदत अपनाने के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए। इससे पहले राज्यपाल का केंद्रीय मंत्री डॉ. संजीव बालियान, प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष अंजू अग्रवाल, एमएलसी वंदना वर्मा, सीसीएसयू की कुलपति प्रो. संगीता शुक्ला, शाकुंभरी देवी विवि के कुलपति प्रो. एचएस सिंह ने स्वागत किया। राज्यपाल ने आंगनबाड़ी केंद्रों को सशक्त बनाने पर जोर दिया। राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने आंगनबाडी केन्द्रों के उत्थान के लिए केंद्र और राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों के अतिरिक्त समाज से भी योगदान का अनुरोध किया। जनप्रतिनिधि और अधिकारी भी भ्रमण के समय आंगबाडी केन्द्रों पर ड्राई राशन वितरण व्यवस्था, प्राथमिक विद्यालयों में मिड-डे-मील एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र/स्वास्थ्य उपकेन्द्र पर गर्भवती महिलाओ के पंजीकरण की जानकारी भी करें। इस अवसर पर जिलाधिकारी चंद्रभूषण सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन नरेंद्र बहादुर सिंह, सीएमओ डॉ. एमएस फौजदार, एसडीएम परमानंद झा, जिला पंचायत राज अधिकारी अनिल कुमार, अपर मुख्य अधिकारी जितेंद्र कुमार, उपायुक्त उद्योग परमहंस मौर्य, प्रभारी जिला कार्यक्रम अधिकारी राजेश गोंड आदि उपस्थित रहे।

पशुधन मंत्री के सम्मान में हुआ स्वागत समारोह का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। पशु चिकित्सा सेवा संवर्ग द्वारा उत्तर प्रदेश के पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह के स्वागत एवं सम्मान समारोह का आयोजन उप्र आवास विकास परिषद के सभागार में आयोजित किया गया। मंत्री के स्वागत समारोह में डा पी के पवार अपर निदेशक द्वारा पशु चिकित्सा क्षेत्र में पशु चिकित्सकों की उपादेयता, पशुपालकों से बेहतर समन्वय सन्निकटता के साथ प्रदेश के उन्नयन में प्रदत्त योगदान पर प्रकाश डाला गया। समारोह में मंत्री के सम्मान में डा अरविन्द कुमार सिंह मुख्य कार्यकारी अधिकारी उप्र पशु विकास परिषद द्वारा अभिनन्दन पत्र प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह ने अपने सम्बोधन में पशु चिकित्सा सेवा संवर्ग की माँगों पर विचार किए जाने का आश्वासन देते हुए कहा कि पशु चिकित्सा विज्ञान प्रदेश के समाज के उत्थान की रीढ़ है। पशुपालन ग्रामीण अर्थव्यवस्था के सुदृढ़ीकरण के साथ प्रदेश की जीडीपी की बढ़ोत्तरी में विशेष स्थान रखता है। उन्होंने गोवंश के संरक्षण एवं सुरक्षा की महत्ता का वर्णन करते हुए पशुचिकित्सकों से इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में विशेष योगदान का आह्वाहन किया गया। उन्होंने पशु चिकित्सा सेवा संवर्ग को तकनीकी संवर्ग घोषित कराने एवं अन्य सुविधाएं यथा एनपीए की स्वीकृति पर यथाशीघ्र कार्यवाही किए जाने का आश्वासन दिया। निदेशक प्रशासन एवं विकास डा इन्दमणि द्वारा मंत्री का स्वागत करते हुए विभागीय उपलब्धियों से अवगत कराया गया तथा विभागीय कार्यक्रमों से पशुपालकों को लाभान्वित करने से भी अवगत कराया गया। निदेशक रोग नियंत्रण एवं प्रक्षेत्र डा जीवनदत्त द्वारा प्रदेश में पशुरोग रहित पशुधन के संबध में आश्वासन दिया गया। इसी मध्य महामंत्री उपवा द्वारा पशुचिकित्सा सेवा संवर्ग की आशातीत मांगों से अवगत कराया गया।

छापेमारी जारी, 12 बिजली चोरों को पकड़ा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में बुधवार को बिजली विभाग के मुख्य अभियंता सिस गोमती विपिन जैन के आदेश पर बिजली चोरों के ख़िलाफ़ अभियान चलाया गया। अधीक्षण अभियंता मंडल अष्टम अशोक सुंदरम एवं अधिशासी अभियंता ठाकुरगंज संजीव कुमार मिश्रा लेसा सिस गोमती के निर्देशानुसार उपखंड अधिकारी चौपटिया संजय त्रिवेदी एवम उपखंड अधिकारी बालागंज पुरषोत्तम कुमार के नेतृत्व में 33/11 केवी विद्युत राधाग्राम, आजाद नगर व बालाघाट के अन्तर्गत सुबह तड़के 4.30 बजे से अंबरगंज, करीमगंज, झब्बन की बगिया क्षेत्र में मॉर्निंग मास रेड (छापेमारी अभियान) चलाया गया। मास रेड आभियान के दौरान 50 से अधिक संयोजनो की जांच की गई जांच के दौरान 12 व्यक्ति विद्युत की चोरी करते हुए पाए गए जिनका कुल भार लगभग 15 किलो वाट है बिजली चोरी करते पकड़े गए लोगों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की गई। अधिशासी अभियंता संजीव कुमार मिश्रा ने बताया यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। इस अभियान में उपखंड अधिकारी संजय त्रिवेदी व पुरुषोत्तम कुमार, अवर अभियंता लाल बहादुर, आर.एन वर्मा, प्रखर सिंह, परिवर्तन दल लेसा तृतीय के सहायक अभियंता श्रीनिवास राम, परिवर्तन दल लेसा तृतीय के प्रभारी सब इंस्पेक्टर मो. अहमद अन्सारी और उपखंड के अंतर्गत समस्त कर्मचारी शामिल रहे।

मलिहाबाद पुलिस ने गैंगेस्टर एक्ट के अभियुक्त की 3 लाख की संपत्ति की कुर्क

कैनविज टाइम्स संवाददाता

जिलाधिकारी के आदेश पर पुलिस व राजस्व टीम ने की बड़ी कार्यवाही

मलिहाबाद लखनऊ। गैंगेस्टर एक्ट के अपराधी द्वारा अपराध कर अर्जित की गयी सम्पत्ति से बनाये गये मकान को कुर्क करके मलिहाबाद पुलिस ने अपराधियों के विरुद्ध अपनी मंशा साफ कर दी है। मलिहाबाद कोतवाली में 3 वर्ष पूर्व दर्ज मुकदमे में जिलाधिकारी अभिषेक प्रकाश द्वारा पारित आदेश के अनुपालन में बृहस्पतिवार को प्रभारी निरीक्षक सुभाष चंद्र के नेतृत्व में वरिष्ठ उपनिरीक्षक विजय प्रताप सिंह व उपनिरीक्षक कृष्ण कुमार पटेल सहित पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्यवाही करते हुए हारुन पुत्र साजिद उर्फ कल्लू निवासी हमिरापुर की करीब 3 लाख की संपत्ति पर जप्तीकरण की कार्यवाही करते हुए कुर्क कर दिया है। पुलिस के अनुसार हारून एक शातिर किस्म का अपराधी है जिसके द्वारा लूट, डकैती, हत्या का प्रयास सहित थाना मलिहाबाद और कमिश्नरेट लखनऊ तथा सीतापुर मे कई अपराध कारित किये गये है जिसके तहत इनके विरुद्ध कुल 16 अभियोग दर्ज है। उक्त अभियोगों के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाने में दर्ज मु0अ0सं0 01/2019 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा पंजीकृत किया गया था। मामले की विवेचना पूर्ण कर न्यायालय मे प्रेषित किया जा चुका है। प्रभारी निरीक्षक सुभाष चंद्र ने बताया कि हारून द्वारा वर्ष 2015 से लगातार लूट, डकैती जैसे गम्भीर अपराध कारित किये जा रहे हैं। उक्त अपराधों से अभियक्त द्वारा अर्जित किये गये धन से मकान का निर्माण कराया गया था। जिसको जिलाधिकारी अभिषेक प्रकाश द्वारा 14(1) गैंगस्टर एक्ट के तहत कुर्क किये जाने का आदेश पारित किया गया था। आदेश के पालन में पुलिस और राजस्व टीम की उपस्थिति मे अभियुक्त के करीब 3 लाख रुपये के मकान को कुर्क की कार्यवाही की गई है।

लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रोफ़ेसर रविकांत से मिले आम आदमी पार्टी के नेता

प्रोफ़ेसर संग अभद्रता करने वालों पर कार्रवाई की मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में हिंदी विभाग के प्रोफ़ेसर रविकांत के साथ हुई अभद्रता और एफआईआर के प्रकरण में प्रदेश प्रभारी और सांसद संजय सिंह के निर्देश पर गुरूवार को आम आदमी पार्टी के प्रतिनिधि मंडल ने लखनऊ विश्विद्यालय के एसोसिएट प्रोफ़ेसर रविकांत से उनके घर पर मुलाकात की और प्रोफ़ेसर रविकान्त को आश्वासन दिया कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 19 'ए' में अभिव्यक्ति की आजादी के अन्तर्गत प्रोफ़ेसर रविकान्त के साथ हैं।

आम आदमी पार्टी की ओर से जारी बयान में कहा गया कि, चूंकि उन्होंने एक पुस्तक के अंश का उल्लेख किया था तो यदि किसी को उनके किसी वक्तव्य पर ऐतराज है तो वो पहले उस पुस्तक का अध्ययन करें और उसका विरोध दर्ज कराएं। आम आदमी पार्टी, एक सम्मानित शिक्षक के खिलाफ विश्विद्यालय के अंदर हिंसक और अभद्रता पूर्ण प्रतिक्रिया के विरुद्ध हैं। ऐसे लोगों पर कार्रवाई होनी चाहिए। आम आदमी पार्टी की मांग है कि प्रोफ़ेसर रविकान्त और उनके परिवार को पुलिस सुरक्षा दी जाये और उनके द्वारा दी गई तहरीर पर अविलंब मुकदमा दर्ज किया जाय। प्रतिनिधि मंडल में अजय गुप्ता, एस के एस राठौर, दुर्गेश चौधरी, एडवोकेट अमित चोपड़ा, विनोद कुमार पाल, सैय्यद मोहम्मद तक़ी तथा अफरोज आलम शामिल थे।

उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग में लैंगिक समानता पर हुआ महिला जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग के द्वारा गुरूवार को लैंगिक समानता विषय पर आयोजित महिला जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन उप्र राज्य महिला आयोग के भूतल पर स्थित सभागार में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मंत्री महिला कल्याण उप्र बेबी रानी मौर्य, अति विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रतिभा शुक्ला राज्यमंत्री महिला कल्याण बाल विकास एवं पुष्टाहार उप्र शासन एवं असीम अरूण राज्यमंत्री स्वतन्त्र प्रभार समाज कल्याण विभाग, अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण विभाग उप्र तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में अनीता सी मेश्राम प्रमुख सचिव महिला कल्याण एवं बाल विकास विभाग उप्र व मनोज राय निदेशक महिला कल्याण विभाग एवं उप्र राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष विमला बाथम, उपाध्यक्ष सुषमा सिंह, उपाध्यक्ष अंजु चौधरी रही। कार्यक्रम में पीयूष एंटोनी सामाजिक नीति विशेषज्ञ यूनीसेफ द्वारा पीपीटी के माध्यम से लैंगिक समानता विषय पर विस्तृत जानकारी दी गयी एवं विषय सम्बन्धित एक लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया। इस मौके पर मंत्री बेबी रानी मौर्य ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा गया कि लैंगिक असमानता का कारण लोगों का महिलाओं के साथ खड़ा न होना एवं अपने संस्कारों से दूर जाना है। भेदभाव को दूर करने के लिये हर मां अपने बच्चों को अच्छे संस्कार दे एवं आयोग की सदस्यगण ग्रामीण अंचलों का भ्रमण करें तथा सरकार की योजनाओं को साझा करें साथ ही जागरूकता तथा विधिक शिविर लगाये ताकि अधिक से अधिक महिलाओं व बालिकाओं को सरकार की योजनाओं तथा अपने कानूनी अधिकारों की जानकारी हो सके। राज्यमंत्री असीम अरूण असीम अरूण ने सम्बोधन में कहा कि हर महिला व बालिका स्वावलम्बी होकर सशक्त बने ताकि उसे अपनी सुरक्षा के लिए किसी पुरूष की तरफ ना देखना पड़े। महिलाओं को सशक्त करने के लिए जन सहभागिता की आवश्यकता है जिसके लिए जन आन्दोलन किया जाना आवश्यक है।

पैतृक मकान पर कब्जा से आहत पीड़ित ने मुख्यमंत्री से लगाई न्याय की गुहार

माल/लखनऊ। पैतृक मकान से दूर रहकर कारोबार कर रहे एक व्यवसाई के मकान पर दबंग दम्पत्ति द्वारा कब्जा किये जाने से आहत कारोबारी ने मुख्यमंत्री, आई जी रेंज सहित कई प्रशासनिक अफसरों को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। माल थाना क्षेत्र के गुमसेना गाँव निवासी संतोष कुमार पुत्र हरिशंकर द्वारा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व आईजी रेंज लक्ष्मी सिंह को दिये गये शिकायती पत्र के अनुसार पिता हरिशंकर की मृत्यु के बाद वह गुमसेना गाँव स्थित अपने पैतृक मकान में ताला लगाकर कस्बा माल स्थित अपने दूसरे मकान में रहकर अपनी दुकान पर व्यवसाय कर रहा है। बीच बीच मे गुमसेना गांव जाकर अपना मकान तथा सम्पतियों को देख रेख करते थे। पीड़ित का आरोप है कि बीते मंगलवार को उनका पुत्र हिमांशु अपनी पत्नी के साथ गुमसेना स्थित अपने घर को गया था। जहाँ पहले से मौजूद राकेश गुप्ता पुत्र शिवनरायन, सरोजनी पत्नी राकेश गुप्ता, सहित आधा दर्जन लोगों ने उसे घर जाने से रोक लिया और गली गलौज करते हुए मारपीट की साथ ही उसकी पत्नी से अभद्रता भी की। पीड़ित का आरोप है कि दबंगो ने कहा कि यहा तुम्हारा कोई घर नहीं है अगर यहां दोबारा दिखाई पड़े तो जान से मार देंगे। पीड़ित का आरोप है दबंग दम्पत्ति ने अपने साथियों के साथ मिलकर घर व कमरे का ताला तोड़कर उसमें रखे पूर्वजों के सोने चांदी के जेवरात आदि को भी अपने कब्जे में ले लिया। पीड़ित के अनुसार कई बार स्थानीय थाने पर पुलिस से शिकायत करने के बाद भी उसे न्याय नहीं मिल पाया है। पीड़ित का कहना है कि उनके ताऊ लक्ष्मीनारायण के कोई संतान नहीं थी। उन्होंने राकेश गुप्ता व सरोजनी को नौकरानी के रूप में अपने पास रखा था।अब सरोजनी आदि ने दबंगों के साथ मिलकर उसके पैतृक मकान पर कब्जा कर लिया है।पीड़ित ने बताया कि उसने मुख्यमंत्री सहित आई जी रेंज लखनऊ लक्ष्मी सिंह तथा गृह विभाग के उच्च अधिकारियों को शिकायती पत्र देकर मकान कब्जा मुक्त कराने तथा उठाया गया सामान वापस दिलाने की गुहार लगाई है।

बेखौफ प्रॉपर्टी डीलरों ने पशुचर पर जमाया अपना अवैध कब्जा

काकोरी लखनऊ में भूमाफिया प्रापर्टी डीलर मोटी कमाई करने के लिए सरकारी जमीनों भी नहीं छोड़ रहे है ताजा मामला सरोजनी नगर तहसील क्षेत्र के ग्राम बेलवा का है, जहां ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम सभा में खसरा संख्या 137/1 रकबा 12 बिघा 8 बिस्वा जो पशुचर के नाम दर्ज है, उस जमीन पर क्षेत्रीय प्रॉपर्टी डीलर ने क्षेत्रीय लेखपाल व गांव के कुछ लोगों की मिलीभगत से पहले अवैध कब्जा किया,फिर उसी किमती जमीन पर कराई बाउंड्री, जिसकी शिकायत ग्रामिणों ने सम्बंधित अधिकारियों को पूर्व में दें चुके है, पर सम्बंधित अधिकारियों ने मामले को संज्ञान में नहीं लिया, क्योंकि पशुचर की जमीन पर कब्जा कराने की ले रखीं हैं मोटी रकम, इसिलिए पशुचर की जमीन नहीं हो रही सुरक्षित,जिसके चलते ग्रामीणों में काफी आक्रोश व्याप्त है क्षेत्रीय अधिकारियों को लेकर, बड़े अधिकारी तक कराया गया होगा लेकिन अब तक नहीं हुई कोई कार्रवाई

युवक की तालाब में डूबने से मौत

मोहनलालगंज लखनऊ मोहनलालगंज क्षेत्र अंतर्गत तालाब में डूबने से एक युवक की मौत हो गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया जानकारी के मुताबिक मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत भसंडा गांव में एक युवक कि तालाब में डूबने से मौत हो गई तालाब के पास से गुजर रहे ग्रामीणों को पानी में एक युवक का हाथ दिखाए पड़ा जिसके बाद ग्रामीणों ने तालाब में उतर कर युवक को बाहर निकाला जिसकी पानी में डूबने से मौत हो चुकी थी ग्रामीणों ने युवक की पहचान शिवा मिश्रा उम्र लगभग 21 वर्ष के रूप में की सूचना पर रोते बिलखते पहुंचे परिजन ने बताया कि भैंस को बांधने की बात कहकर बेटा घर से निकला था काफी देर बीत जाने के बाद भी जब वापस नहीं आया तो परिजनों ने आसपास इलाके में खोजबीन शुरू की थी परिजनों ने बताया कि शिवा मिश्रा को मिर्गी के दौरे पड़ते थे जिसके चलते वह अक्सर बीमार रहता था मृतक घर में रहकर खेती किसानी करता था प्रभारी मोहनलालगंज अखिलेश मिश्रा ने बताया कि ग्रामीणों ने तालाब में एक युवक के डूबने की सूचना दी थी युवक का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है आगे की कार्रवाई की जा रही है। इकलौते बेटे के आकस्मिक निधन से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है मृतक के माता-पिता के अलावा दो बहने राधा व कोमल हैं जिसमें एक की शादी हो चुकी है।

नाबालिग से छेड़छाड़ करने वाला गिरफ्तार

नगराम, लखनऊ । थाना क्षेत्र के इस्माइल नगर गेट के सामने से पुलिस ने नाबालिक लड़की के साथ छेड़छाड़ करने वाले वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया । नगराम थाना क्षेत्र के एक गांव के व्यक्ति ने बीते मंगलवार को थाने में सूचना दिया कि गांव का ही एक युवक खेत में खरबूजे की रखवाली कर रही उसकी 10 वर्षीय बेटी के साथ जबरन छेड़छाड़ किया ।

बाबू सुंदर सिंह इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्रों द्वारा चलाई गई मुहीम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। बाबू सुंदर सिंह इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्रों द्वारा चलाई गई मुहीम पढ़ेंगे पढ़ाएंगे शिक्षा अभियान के छात्रों का उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। अभियान के तहत नए छात्रों का दाखिला लिया गया साथ ही साथ नए सत्र में उन्हें क्या क्या पढ़ना है ये भी बताया गया। पहले से चल रही क्लास में अतिरिक्त पाठयक्रम गतिविधियों को भी जोड़ा गया। बाबू सुंदर सिंह इंजीनियरिंग कॉलेज की अध्यक्ष रीना सिंह ने जो इस मुहिम की अध्यक्षता भी करती हैं छात्रों को पढ़ने लिखने की सामग्री वितरित किया, साथ ही उन्होंने सभी को पढ़ने के लिए प्रेरित भी किया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य कॉलेज के छात्र, हमारे पढ़ेंगे पढ़ाएंगे शिक्षा अभियान के छात्रों की हर तरह से मदद करे था। वह खुद भी पढ़ें और दूसरों को भी पढ़ाएं। कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत संपन्न हुआ। अंत में कॉलेज के निदेशक ने राष्ट्रीय सेवा योजना के बारे मे छात्रों को जानकारी दी तथा सेवा भाव से कार्य करने के लिए छात्रों को प्रेरित किया। उन्मुखीकरण कार्यक्रम में कॉलेज के निदेशक डॉ सीमांत, फार्मेसी कॉलेज के निदेशक डॉ आलोक कुमार शुक्ला, डीन डॉ अमित श्रीवास्तव, फैकल्टी एवं स्टाफ उपस्थित रहे।

प्रधानमंत्री आवासों का काम तीन माह में पूरा करें ठेकेदार: अक्षय त्रिपाठी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी द्वारा गुरुवार को प्रधानमंत्री आवासों के आंतरिक विकास कार्यों के सम्बंध में समीक्षा बैठक की गई। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों और ठेकेदारों को तीन महीने में प्रधानमंत्री आवासों का कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। उपाध्यक्ष ने बताया कि योजना के अंतर्गत जलापूर्ति के लिए सेक्टर-एन में एक हजार कि.ली. का ओवरहेड टैंक (शिरोपरि जलाशय) बनाया जाएगा। इसके निर्माण के लिए प्राधिकरण ने निविदा आमंत्रित की है। अधिशासी अभियंता प्रताप शंकर मिश्र ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत बसंतकुंज में कुल 2256 आवास बनाए जा रहे हैं। भवनों का निर्माण चार एजेंसियों क्रमशः मेसर्स प्रताप हाइटस, मेसर्स एशिया कंस्ट्रक्शन, मेसर्स सत्या कंस्ट्रक्शन और मेसर्स शिवम लाइट हाउस द्वारा कराया जा रहा है। उपाध्यक्ष द्वारा इन भवनों के आंतरिक विकास कार्यों के सम्बंध में समीक्षा बैठक की गई। इसमें उन्हें यह अवगत कराया गया कि आंतरिक विकास कार्य के अंतर्गत पैकेज-ए का कार्य मेसर्स एस.वी.एस कंस्ट्रक्शन, पैकेज-बी का कार्य मेसर्स ए.के.एस बिल्डर्स और पैकेज-सी का कार्य मेसर्स अंशुल कंस्ट्रक्शन द्वारा कराया जा रहा है। बैठक के दौरान इन सभी फर्मों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। उपाध्यक्ष ने ठेकेदारों को 31 जुलाई तक समस्त कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा आंतरिक सीवर का कार्य मेसर्स कटियार इंटरप्राइजेज तथा आंतरिक वॉटर लाइन का कार्य मेसर्स शौर्य कंस्ट्रक्शन द्वारा किया जाना प्रस्तावित है। इन्हें भी 31 जुलाई तक काम पूरा करने के सम्बंध में निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त वाह्य विद्युतिकरण के कार्य के सम्बंध में अधीक्षण अभियंता ए.के सिंह द्वारा अवगत कराया गया कि आगामी तीन से चार माह में कार्य पूर्ण करा लिया जाएगा, जिससे कि अक्टूबर महीने से भवनों का स्थलीय कब्जा दिया जाना सुनिश्चित हो सकेगा। बैठक में योजना से सम्बंधित अभियंतागण और ठेकेदार समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

लोहिया में नौकरी के नाम पर ठगी

बढ़ती मंहगाई में ठगों, टप्पेबाजों साइबर अपराधियों का बोलबाला

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । राजधानी लखनऊ में ही राम मनोहर लोहिया अस्तपात में नौकरी के नाम पर कई लोगों से ठगी की गयी। बताया जा रहा है कि ठगी करने वाला खुद को लोहिया अस्पताल का ही कर्मचारी बता रहा था। पहले तो लोगों को विश्वास नही हुआ किन्तु आधा पैसा लेकर नियुक्ति पत्र पदान करने व नौकरी ज्वाइन कराने के नाम पर लोगों ने पैसा दे दिया और जब नियुक्ति पत्र लेकर लोग लोहिया के कर्मचारी व अधिकारी से मिले तो पता चला नियुक्ति पत्र ही फर्जी है इस ठगी के शिकार हुये सूरज कुमार गरीब परिवार से है ठगों ने इन से नही कई लोगों से 20-20 हजार रूपये नौकरी के नाम पर ले लिये व फर्जी नियुक्ति पत्र थमा दिया अब उनका मोबाइल भी नही लग रहा है और ठगी के शिकार हुये लोग इधर-उधर भटक रहा है। पुलिस भी जांच का आश्वासन दे रही है। किन्तु अभी तक ये ठग पुलिस की पकड़ से बाहर है। यही नही साइबर अपराधियों द्वारा आये दिन खाता धारकों के खाते से पैसा उड़ाये जाने एवं फर्जी तरीके से किताबों व सामानों को देने के नाम पर पैसा ऑनलाईन लेकर ठगी किये जाने के भी मामले आये दिन हारित हो रहे है। मंहगाई के दौर में ऐसे ठगों साइबर अपराधियों टप्पेबाजों के खिलाफ पुलिस को सघन अभियान चलाने की जरूरत है वर्ना इस तरह की ठगी में लगातार इजाफा ही होता रहेगा।

दिल्ली घूमकर आये तो कार्यालय में लटका मिला ताला

लखनऊ। कोरोना महामारी के बाद अभी लोग उबर भी नही पाये है कि बढ़ती मंहगाई ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है ऐसे में लुटेरों टप्पेबाजों, ठगों एवं साइबर अपराधियों ने बड़े पैमानों पर लोगों को अपना शिकार बनाना शुरू कर दिया है जिसकी चपेट में राजधानी लखनऊ सहित प्रदेश के कई जिले आ गये है। राजधानी लखनऊ स्थित आलमबाग क्षेत्र में इसी माह करीब 18 युवाओं को दक्षिण अफ्रीका में नौकरी लगवाये जाने के नाम पर कृष्णानगर इलाके में स्थित टैट ट्रवेल एजेंसी का बोर्ड लगाकर बैठे ठगों द्वारा लाखों की वसूली कर चम्पत हो जाने का मामला प्रकाश में आया है। पैसा लेने के उपरान्त ठगों ने अभ्यार्थीयों को एयर टिकट भी थमाया किन्तु जब ये लोग दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचे तो टिकट ऑनलाईन शो ही नही हुआ जब लखनऊ लौटे तो ऑफिस में ताला लगा मिला इन युवाओं से ठगों द्वारा करीब 20 लाख से ज्यादा की धनराशि वसूली गई जिनमें एक पीड़ित डॉ. अनुराग सिंह भी है जिन्होने पुलिस को शिकायती पत्र भी दिया है। घटना की पिुलिस जांच में करने में जुटी है किन्तु ठगों का अभी तक पता नही चला सका है।

प्रधानमंत्री आवास योजना में धांधली का आरोप

मोहनलालगंज लखनऊ। मोहनलालगंज नगर पंचायत अंतर्गत बन रहे प्रधानमंत्री आवास योजना में ग्रामीणों ने लगाया धांधली का आरोप शिकायत मिलते ही उप जिलाधिकारी ने एजेंसी द्वारा अधिकृत दो सर्वेक्षको को हटाकर जांच के निर्देश दिए हैं ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि मोहनलालगंज नगर पंचायत में जिला नगरीय विकास अभिकरण के तहत बन रहे प्रधानमंत्री आवास में काफी संख्या में पात्रों के साथ कई अपात्रों के नाम भी पात्रता सूची में दर्ज है और यह भी कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना की पात्रता सूची में नाम शामिल कराने के एवज में लाभार्थियों से मोटी रकम वसूली जा रही है ग्रामीणों ने इसकी शिकायत मोहनलालगंज उप जिलाधिकारी से की शिकायत मिलने के बाद उप जिलाधिकारी शुभी सिंह ने जिला नगरीय विकास अभिकरण ओर से अधिकृत एजेंसी के शिवम मिश्रा व विवेक सिंह को नगर पंचायत मोहनलालगंज क्षेत्र से हटा दिया ग्रामीणों ने बताया क्षेत्रीय सर्वेक्षको की मनमानी के चलते नगर पंचायत क्षेत्र में अपात्र लाभार्थियों का प्रधानमंत्री आवास योजना की सूची में चयन हो गया जबकि पात्र लाभार्थी अभी भी नगर पंचायत दफ्तर के चक्कर काट रहे हैं उप जिलाधिकारी मोहनलालगंज शुभी सिंह ने बताया कि ग्रामीणों की शिकायत पर क्षेत्रीय सर्वेक्षको के खिलाफ कार्यवाही करते हुए उन्हें हटा दिया गया है।

सामुदायिक केंद्र बना भूसे का गोदाम, ज़िम्मेदार अन्जान

ज़िम्मेदारो की लापरवाही के चलते गांव के व्यक्ति ने भवन पर कर रखा है कब्ज़ा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मलिहाबाद/लखनऊ। मलिहाबाद विकास खंड की ग्राम पंचायत मे सरकार द्वारा लाखों रूपयों की लागत से बनवाये गये बहुउद्देशीय सामुदायिक केन्द्र पर लोगों ने अवैध कब्जा करके अपना निवास बनाकर पूरे भवन मे गृहस्थी सम्बन्धी सारी गतिविधियां संचालित कर रहे हैं। यह कारनामा पिछली कई पंचवर्षीय कार्यकाल से चला आ रहा है। जो वर्तमान पंचायत मे भी जारी है। केन्द्र का निरीक्षण कर ग्रामीणों की गतिविधियां संचालित करवाने वाले अधिकारी अपने कार्यालयों मे बैठकर आराम कर रहे हैं। ग्राम पंचायत हरिहरपुर मे बने सामुदायिक केन्द्र का बुरा हाल है। इस भवन का निर्माण शासन ने गांव पंचायत की बैठकें आयोजित करने, शादी व बारात टिकाने तथा अन्य सामूहिक कार्यक्रम आयोजन के लिए कई लाख रूपयों की लागत से कराया था। निर्माण के 6 माह बाद यहीं के निवासी राजू यादव ने तत्कालीन प्रधान व सचिव से सांठगांठ कर अवैध कब्जा कर लिया था। वह इस बने सामुदायिक केन्द्र के हाल मे भूसा तथा दूसरे कमरे मे अन्य सामान भर रखा है। वह यहीं अपनी चारपाई डाल अपने क्रिया कलाप संचालित कर दूध का व्यवसाय भी कर रहा है। यह व्यक्ति केन्द्र के परिसर को जानवरों का अहाता बना रखे है। केन्द्र निर्माण के समय पेयजल के लिए हैण्डपम्प स्थापित किया गया था। यह दबंग व्यक्ति जानवरों व अन्य कार्यों की देखभाल के लिए अपनी पत्नी के साथ यहीं रात गुजारता है। इस सम्बन्ध मे प्रधान आशीष यादव ने बताया कि दबंग अवैध कब्जेदार कई बार मौखिक रूप से अवैध कब्जा खाली कराने को कहा गया है। उन्होंने बताया कि इस दबंग का करीब तीन पंच वर्षीय कार्यकाल से अवैध कब्जा चला आ रहा है। जिम्मेदार अधिकारी सहायक विकास अधिकारी पंचायत रवीन्द्र कुमार त्रिपाठी का कहना है कि यह जानकारी उनके पास नही है। अगर ऐसा है तो सचिव को नोटिस जारी कर अवैध कब्जा खाली कराने का काम किया जायेगा। खण्ड़ विकास अधिकारी अमित सिंह परिहार ने बताया कि अभी तक इस विषय मे कोई जानकारी नहीं थी। आपके माध्यम से यह जानकारी मिली है, मौके पर जाकर सचिव व प्रधान को नोटिस देकर कार्यवाही की जाएगी।

धरी रह गई तैयारियां नहीं पहुँचे प्रभारी मंत्री

कैनविज टाइम्स संवाददाता

ओयल-खीरी। 200 शैय्या युक्त एमसीएच विंग ओयल में आज प्रभारी मंत्री उत्त प्रदेश सरकार सुरेश कुमार खन्ना के संभावित दौरे को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने रातों रात तैयारियां कर लीं और ओपीडी प्रारम्भ करा दी। किन्तु स्वास्थ्य विभाग की सारी तैयारियां धरी की धरी रह गई और मंत्री जी जनपद का भ्रमण कर राजधानी वापस लौट गये।

ज्ञात हो कि एमसीएच ओयल में बीती 27 अप्रैल को जिला पुरुष अस्पताल को सिफ्ट किये जाने के आदेश के क्रम में तीन रोगों ईएनटी, चर्म व मांनसिक रोगों से संबंधित डॉक्टरों को बुला कर ओपीडी का शुभारम्भ खीरी सांसद व केंद्रीय गृहराज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी व सदर विधायक योगेश वर्मा के द्वारा विधि-विधान पूर्वक पूजा-अर्चना कर प्रारम्भ किया गया था। आधी अधूरी तैयारियों के साथ प्रारम्भ की गई ओपीडी महज तीन दिन ही एलसीएच विंग ओयल में टिक सकीं। चैथे दिन सभी डॉक्टरों ने एक बार फिर जनपद मुख्यालय स्थित पुरुष जिला अस्पताल का रुख करते हुए आधी अधूरी तैयारियों और एमसीएच, ल्लजो कि फुल एसी हैङ्क में बिजली कटौती के ऊपर ठीकरा फोड दिया। किन्तु एक बार फिर जैसे ही जनपद प्रशासन को प्रभारी मंत्री के भ्रमण की जानकारी मिली वैसे ही स्वास्थ्य विभाग ने रातों रात एमसीएच विंग ओयल में जिला अस्पताल से डॉ. हर्षदेव भारती सर्जन, डॉ. आरपी वर्मा बाल रोग चिकित्सक, डॉ. आरपी चक्रवर्ती, डॉ.

एमसीएच विंग ओयल में गुरुवार को बैठे सात डॉक्टर, हुई 40 ओपीडी

क्या मंत्री के दौरे तक ही सीमित रहेगी ओपीडी या मिलेगा जनता को लाभ..?

पूनम वर्मा आई स्पेस्लिस्ट, डॉ. दीपेंद्र गौतम चर्मरोग विशेषज्ञ, डॉ. राजकुमार फिजीसियन तथा डॉ. भीमेंदु गौतम डेंटल को यहां मोर्चा संभलने के लिए तैनात कर दिया।

सात डॉक्टरों के बैठने से गुरुवार को एमसीएच विंग में विभिन्न रोगों के कुल 40 मरीज देखे गये। अब देखना है कि यह डॉक्टर यहां कितने दिन बैठ कर अपनी सेवा देते हैं? या एक बारि फिर सभी डॉक्टर प्रभारी मंत्री सुरेश कुमार खन्ना के निरीक्षण की भॉति ही एमसीएच का दौरा कर जिला मुख्यालय चले जायेंगे?

ससुरालियों ने दहेज के खातिर नव विवाहिता को उतारा मौत के घाट

कैनविज टाइम्स संवाददाता

ओयल-खीरी। थाना खीरी क्षेत्र अन्तर्गत गांव जमुनिया में दहेज लोभियों ने एक नवविवाहिता की पीट-पीट कर मौत के घटा उतार दिया और सभी घर से फरार हो गये। मृतका के शरी पर चोटों के कई निशान भी पाये गये हैं। सूचना पर पहुँची पुलिस ने करीब दो घण्टे की गहमा गहमी के बीच लोगों को सूझाबुझा कर शव का पंचनामा भरते हुए परीक्षण के लिए भेज दिया।

पड़ोसी जनपद सीतापुर के थाना हरगांव क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम सरैय्या राह निवासी राम लखन ने बताया कि उसने अपनी पुत्री रेनू देवी (20) की शादी बीती 10 फरवरी 2022 को हिंदू रीतिरिवाज के अनुसार यथा संभव दान-दहेज देकर थाना खीरी के ग्राम जमुनिया निवासी नैमिष पुत्र बिडला राज के साथ की थी। उन्होनें ने आरोप लगाते हुए बताया कि शादी के बाद से ही रेनू के ससुरालीजन दामाद नैमिष, सास निर्मला, देवर रिंकू व सुमित तथा ननद अर्चना व बबली उसे अतिरिक्त दहेज लाने के लिए आये दिन प्रताड़ित किया करते थे। बीते करीब 15दिन पूर्व ससुरीजनों ने सोफा सेट की मांग करते हुए मेरे पुत्री को काफी पीट था। जिसपर वह बीते कल बुधवार को सोफा सेट बनवा कर बेटी के घर लाकर दे गये। पीड़ित पिता ने बताया कि गुरुवार की सुबह ग्रामीणों से खबर मिली की तुम्हारी पुत्री रेनू ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। जब मौके पर जा कर देखा तो रेनू घर में जमीन पर मृत अवस्था में पड़ी हुई थी और घर से सभी ससुरालीजन ट्रैक्टरट्राली लेकर भाग चुके थे और चार पहिया गाड़ी भी गायब थी। बेटी के शरीर पर कई जगह चोटों के निशान मिले हैं और गले पर भी निशान है, पति नैमिष ने अपने परिवार के साथ मिलकर मेरे बेटी को देहेज के खातिर पीट-पीट कर मौत के घाट उतर दिया। सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव का पंचनामा भर कर परीक्षण के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है।

इस संबंध में थाना खीरी प्रभारी इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार मिश्रा ने बातया कि मामले की जानकारी मिली है, शव को परीक्षण के लिए भेज दिया गया है, रिपोर्ट आने के बाद दोषियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जायेगी।

आद्य पत्रकार देवर्षि नारद प्रकट्टोत्सव 16 मई को

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर-खीरी। विगत पांच वर्षों से आद्यदेवर्षि नारद को जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया जाता रहा है। पूर्व की भॉति इस बार भी प्रकट्टोत्सव 16मई को जिला पंचायत सभागार लखीमपुर में आद्य पत्रकार देवर्षि नारद प्रकट्टोत्सव समिति के बैनर तले आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के संयोजक अंशुल नेबातया कि इस कार्यक्रम में जिले भर के पत्रकारों का समागम होगा। इस संदर्भ में आयोजन समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक गुरुवार को आयोजित की गई। जिसमें व्यवस्था प्रमुख राजीव कुमार तिवारी एड ल्लअन्नू तिवारीङ्क एवं आयोजन समिति के अध्यक्ष राकेश मिश्रा ने अपने सम्बोधन में कहा कि श्रृष्टि के आरम्भ से ही निखिल ब्रम्हांड़ में सूचनाओं के आदान-प्रदान एवं लोक कल्याण के निमित्त देवर्षि नारद ने जिस प्रकार से सम्पूर्ण श्रृष्टि में सूचना उपलब्ध कराने एवं उसके वितरण तथा लोक ग्राही अपेक्षाओं पर खरा उतर कर अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की, वह इस धरती के प्रथम पत्रकारिता जगत के शिल्पी के रुप में विख्यात हुए। मानव सभ्यता के लगातार उत्थान एवं सूचनाओं के आदान-प्रदान करने के स्वरुप को आधार प्रदान किया। आज जब हम श्रृष्टि के करोणों वर्षों के बाद चेतना जगत में एक दूसरे से जुड़े रहे हैं तो सूचनाओं के बहुत सारे तंत्र अब वैज्ञानिक आधार पर एक दूसरे के पूरक बन रहे हैं। देवर्षि नारद ब्रह्मज्ञानी होने के अतिरिक्त एक सिद्ध देवत्व संपन्न व्यक्तिव के रुप में आज हमारे सामने है। पत्रकार जगत में उनका व्यक्तिव आदर्श रुप में अनुकरणीय है और आयोजन समिति देवर्षि नारद द्वारा स्थापित मूल्यों को समाज में स्थापित करने हेतु तत्पर हुआ है। सदाचार, लोक कल्याण एवं लोक मंगल के लिये पत्रकारों के बीच जिन विचारों एवं आदर्शवादी मूल्यों की स्थापना की जरुरत आज है वह करें। दशक पूर्व इतनी आवश्यक नहीं थी, कदाचित तब सूचनाओं के सम्प्रेषण एवं सूचनाओं की गहरी छाप होने वाले घटना क्रमों एवं उनकी आवश्यकताओं पर समिति संसाधनों में पूर्ण करने का प्रयास होता था आज हम आणविक एवं दूर संवेदी ग्रहों एवं खगोलीय ज्ञान के परिपथ से जुड़ रहे हैं। इइस लिए आद्य पत्रकार देवर्षि नारद जैसी चमत्कारिक विदा एवं ज्ञान-विज्ञान के माध्यम से हम समाज में लोग मंगल एवं लोक कयाण के क्षेत्रों में असीमित योगदान कर सकते हैं। आयोजन समिति की बैठक में राकेश मिश्रा, अंशुल, राजीव कुमार तिवारी एड. अन्नू, सुबोध शुक्ला, अमरेश, राहुल तिवारी एड. एवं समित के वरिष्ठ सदस्य गंगा प्रसाद पाण्डेय मौजूद रहे।

भूसा व्यापारियों तथा पशुपालन विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अंबेडकर नगर। अंबेडकर नगर जिलाधिकारी सैमुअल पॉल एन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में भूसा व्यापारियों तथा पशुपालन विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित किया गयासंचालित सभी गोवंश आश्रय स्थलों पर गोवंश को मानकों के अनुरूप भूसा एवं हरा चारा उपलब्ध हो सके। इस उद्देश्य से जिलाधिकारी ने माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार की मंशा को मूर्त रूप प्रदान करने के उद्देश्यसेजनप्रतिनिधियों,निवासियों, कृषको, पशुपालकों का आह्वान करते हुए कहा है कि जनपद में गोवंश आश्रय स्थलों का संचालन किया जा रहा है, जिनमें जनपद के निराश्रित, बेसहारा गोवंशों को संरक्षित कराया जा रहा है। समस्त गोवंश आश्रय स्थलों पर संरक्षित गोवंश के भरण पोषण के लिए पर्याप्त भूसा एवं हरे चारे की आवश्कता है। इस समय गेहूं की फसल का कटान किया गया है तथा सभी कृषकों के पास पर्याप्त मात्रा में भूसा उपलब्ध होने की सम्भावना है। डीएम ने सभी सम्मानित जनप्रतिनिधियों, निवासियों, कृषको, पशुपालकों से अपील करते हुए कहा है कि शासन की महत्वाकांक्षी योजना के अन्तर्गत संरक्षित बेसहारा, निराश्रित गोवशों के भरण पोषण के लिए उन्मुक्त भाव से आगे आकर जनपद में संचालित गो आश्रय स्थलों पर अधिक से अधिक मात्रा में भूसे का दान कर पुनीत कार्य में सहभागी बने, ताकि जनपद में संचालित सभी गौ आश्रय स्थलों पर गोवंश को मानकों के अनुरूप भूसा एवं हरा चारा आदि उपलब्ध हो सके। बैठक के दौरान उन्होंने कहा है कि जिन दान दाताओं ने भूसा दान करना चाहते हैं वो दानदाता मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी के मोबाइलनंबर9627882707 पर संपर्क कर सकते हैं। बैठक के दौरान मौके पर मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार द्विवेदी तथा भूसा व्यापारी मौके पर उपस्थित रहे।

करंट लगने से युवक की मौत, परिजनों ने किया अंतिम संस्कार

धौरहरा-खीरी। कस्बे के मोहल्ला कोरियाना के एक घर दोपहर मे पंखा ठीक करते हुये आये बिजली के करेन्टं से युवक की मौत हो गई। नगर पंचायत धौरहरा के मोहल्ला कोरियाना निवासी कालिका बढई के घर मे छोटे पुत्र सुरेन्द्र (30) के द्वारा बिजली तार दांत से काटते वक्त करंट लगने से चिपककर मौत हो गई। परिजनो ने पुलिस को सूचना दिये बगैर अंतिम संस्कार कर दिया। बताया जाता है कि मृतक की तरफ 3 बच्चेन भी थे।

मंत्री ने की जिला महिला चिकित्सालय में स्वास्थ्य सुविधाओं की पड़ताल

लखनऊ मंडल के प्रभारी मंत्री-कबीना मंत्री सुरेश कुमार खन्ना के नेतृत्व वाला मंत्री समूह करीब 10.15 बजे जिला महिला चिकित्सालय पहुंचे, जहां उन्होंने स्वास्थ्य सुविधाओं की पड़ताल करके व्यवस्थाओं का जायजा लिया, संबंधित को जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने चिकित्सालय में भर्ती मेला मैदान निवासी शशि मिश्रा व बिनौरा निवासी नेहा व लघुचा निवासी रेहाना से मिल रही चिकित्सा सुविधाओं की जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने स्पेशल न्यूबॉर्न केयर यूनिट (एसएनसीयू) जाकर व्यवस्थाओं की जमीनी हकीकत जानी। उन्होंने टीकाकरण कक्ष, अल्ट्रासाउंड कक्ष, प्रसव कक्ष समेत विभिन्न व्यवस्थाओं की बारीकी से देखी। उन्होंने निर्देश दिए कि चिकित्सालय की व्यवस्थाओं को और अधिक बेहतर बनाया जाए। मंत्री समूह ने जिला महिला चिकित्सालय में साफ सफाई व्यवस्था को और अधिक बेहतर बनाया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि वर्ष में एक बार अनिवार्य रूप से चिकित्सालय में पेंटिंग अवश्य कराई जाए।

गायब युवक का आठ दिन बाद भी नहीं चला पता, परिजन परेशान

लखीमपुर-खीरी। थाना फरधान क्षेत्र के गांव बौठा आया थाना सिंगाही के ग्राम सिंगहा खुर्द निवासी दीपक मिश्रा का आठ दिन बाद भी कोई पता नहीं चल सका है। इससे उसके परिवार में चीख पुकार मची है। एएसपी ने दो टीमें गठित कर गायब युवक की तलाश करने के निर्देश एसओ फरधान को दिए हैं। थाना सिंगाही के गांव सिंगहा खुर्द निवासी दीपक मिश्रा उर्फ दीपक की ससुराल थाना फरधान क्षेत्र के गांव बौठा में है। पुत्र की साली की शादी चार मई को थी, लेकिन दीपक 21 अप्रैल को साली की शादी होने के कारण अपनी ससुराल चला आया था। इसके बाद वह घर वापस नहीं लौटा। दीपक के पिता राजकुमार मिश्रा ने बताया कि दीपक के ससुराल वालों का कहना है कि उन्होंने पुत्र को लखीमपुर स्थित तिकुनियां बस अड्डे पर पांच मई को छोड़ दिया था, लेकिन वह शाम तक घर नहीं पहुंचा। इससे परिवार के लोग चिंतित हो उठे और उसकी काफी खोजबीन की। रिश्तेदारियों आदि में पता किया, लेकिन कोई पता नहीं चल सका। परिवार वाले उसकी लगातार खोजबीन कर रहे हैं। दीपक का मोबाइल भी पांच मई से स्विच ऑफ जा रहा है। इससे परिवार के लोग अनहोनी की आशंका जता रहे हैं। गायब दीपक के पिता ने तीन दिन पहले थाना फरधान पुलिस को तहरीर देकर पुत्र के ससुरालीजनों पर हत्या कर शव गायब करने की आशंका जताई थी, लेकिन पुलिस ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की है। इकलौता पुत्र होने के कारण परिवार वालों का रो-रोकर हाल बेहाल है। एएसपी अरुण कुमार सिंह ने बताया कि थाना फरधान एसअ ो को दो टीमें गठित कर गायब युवक की सकुशल बरामदगी के निर्देश दिए गए हैं।

बेंच डाली ग्राम पंचायत की लाखों रुपये की जमीन, रिपोर्ट दर्ज

लखीमपुर-खीरी। शहर से सटे गांव सैधरी में एक युवक ने खुद की जमीन बताकर ग्राम पंचायत की कीमती जमीन बेच दी और उसका बैनामा भी करवा दिया। इसकी जानकारी जब खरीदार को हुई तो उसने शिकायत की। शिकायत पर हल्का लेखपाल ने जब जांच की तो मामला सही पाया गया। सदर कोतवाली पुलिस ने लेखपाल की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी सहित कई सुसंगत धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। शहर से सटे गांव सैधरी के राजस्व अभिलेखों में गाटा सं 0 129 / 0.673 हेक्टेअर भूमि रास्ता के खाते में अंकित है। गांव मौलवी (सैधरी) निवासी कमाल खान ने रास्ते की भूमि में से 700 वर्ग फिट जमीन को अपनी बताकर धोखाधड़ी कर मुरादाबाद जिले के अकबरपुर निवासी निवासी हारुन खान पुत्र साबिर खान को बेच दी थी और उसका 24 जनवरी 2022 को बैनामा भी करा दिया था। बैनामा कराने के कुछ दिन बाद हारुन खान को पता चला कि जो जमीन उसने खरीदी है वह ग्राम पंचायत की जमीन है। इस पर उसने इसकी शिकायत तहसील प्रशासन से की, लेकिन अधिकारियों ने कोई कार्रवाई नहीं की। थक हारकर उसने जनसुनवाई पोर्टल पर ऑनलाइन शिकायत की। इससे तहसील अधिकारियों में हड़कंप मच गया। मामले की जांच अधिकारियों ने हल्का लेखपाल सौरभ कुमार राय को सौंपी। लेखपाल सौरभ कुमार राय ने बताया कि जांच में शिकायत सही पाई गई है। जांच में पाया गया कि राजस्व ग्राम सैधरी के गाटा संख्या 129/0673 रास्ते की भूमि में से 700 वर्ग फिट 65.055 वर्ग मीटर भूमि को कमाल खान पुत्र हसनू खान ने अपनी भूमि बताकर हारुन खान को 24 जनवरी 2022 को बैनामा कर दिया है। लेखपाल ने आरोपी कमाल खान के खिलाफ सदर कोतवाली पुलिस को तहरीर दी, जिस पर पुलिस ने धोखाधड़ी सहित कई धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। प्रभारी निरीक्षक सदर चंद्रशेखर सिंह ने बताया हल्का लेखपाल ने जो तहरीर दी थी। उसी के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

गांव से लेकर शहर तक 12 घंटे बिजली कटौती बनी मुसीबत

गोंदलामऊ। तापमान लगातार बढ़ रहा है।इस बीच भीषण गर्मी के साथ ही क्षेत्र में विद्युत संकट भी गहरा गया है।कस्बे से लेकर गांव तक 12 घंटे की बिजली कटौती से उपभोक्ताओं को मुसीबत झेलनी पड़ रही है।साथ ही लोकल फाल्ट और लो वोल्टेज की समस्या ने उपभोक्ताओं की मुसीबतबऔर बढ़ गयी है।पंखा-कूलर गर्म हवा दे हैं।जिससे उपभोक्ताओं का आक्रोश बढ़ रहा है। मंगलवार को अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया।इससे गर्मी से लोग को बेहाल हैं।इस बीच अघोषित कटौती बढ़ गई है। वैसे शासन का निर्देश है कि ग्रामीण क्षेत्र को 18 से 20 घंटे बिजली सप्लाई दी जाए, लेकिन कई दिनों से क्षेत्र से लेकर गांव तक बिजली कटौती इस कदर हो गयी है कि ग्रामीण क्षेत्र में महज 8 घंटे ही बिजली आपूर्ति हो रही है।दिन में आपूर्ति बाधित रहती है।जिससे पेयजल आपूर्ति प्रभावित हो जा रही है, वहीं लोग गर्मी से जूझने के लिए मजबूर हैं। कटौती के बीच लोकल फाल्ट की समस्या भी बढ़ गई है। रात के समय लो-वोल्टेज के चलते पंखा, कूलर गर्म हवा दे रहे हैं।संदना निवासी कमलेश त्रिपाठी का कहना है कि रात्रि के समय बिजली गुल हो जाने से नींद पूरी नहीं हो पा रही है।जबकि गुड्डू सिंह ने कहा कि अभी अप्रैल का महीना है और गर्मी चरम पर है। बिजली कटौती बढ़ने से लोगों को परेशान होना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि लोकल फाल्ट व लो वोल्टेज की समस्या से निजात के साथ ही बिजली आपूर्ति में सुधार किया जाए।

पेंशन प्राप्त करने वाले पेंशनरों का स्मार्ट फोटो आई0डी0 कार्ड दिये जाने का प्रस्ताव

अंबेडकर नगर । कोषागार निदेशालय उ0प्र0 1018 जवाहर भवन लखनऊ द्वारा जनपद अम्बेडकरनगर कोषागार से पेंशन/पारिवारिक पेंशन प्राप्त करने वाले पेंशनरों का स्मार्ट फोटो आई0डी0 कार्ड दिये जाने का प्रस्ताव किया गया है । इस हेतु जनपद के समस्त पेंशनर/पारिवारिक पेंशनर का नाम,कोषागार इंडेक्स संख्या, पेंशन धारक का पता, दूरभाष संख्या, पैनकार्ड आदि विवरण निर्धारित प्रारूप पर जो कोषागार कार्यालय अम्बेडकरनगर से प्राप्त किया जा सकता है ।

न्याय पाने के लिए दर-दर भटक रहा फरियादी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

महराजनगर/सीतापुर । उत्तर प्रदेश सरकार एक तरफ जहां सख्त शासन और न्याय प्रिय मुखिया के होने के बावजूद फरियादी के प्रार्थना पत्र पर अभी तक कोई कार्यवाही ना होने से दर-दर की ठोकरें खाने पर विवश है आपको बताते चलें यह वाक्य जिला सीतापुर के तहसील विसवा के ग्राम पंचायत सांडा का है मोहर्रम अली पुत्र भिखारी निवासी गोहरुवा थाना गुठनी जिला सिवान बिहार ने अपनी पुत्री कमरुन की शादी मुस्लिम रितरिवाज के अनुसार दिनांक 18/2/2022 को शरीफ पुत्र सिरदार सांडा विश्वा सीतापुर के साथ किया था अपनी हैसियत के मुताबिक दान दहेज देकर विदा किया उसके बाद 28/4/2022 को शरीफ ने ससुराल वालों को बताया कि उनकी लड़की गायब हो गई है उसके बाद से मोहर्रम अली आए और जानकारी किया आज 15 दिवस बीत जाने के बावजूद उनकी पुत्री का कोई पता नहीं चला इस संबंध में पुलिस चौकी सांडा में प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई लेकिन अभी तक न्याय नहीं मिला और नाही लड़की का पता चला है मोहर्रम अली का आरोप है की शरीफ पुत्र सिरदार, लल्ली पत्नी शरीफ, यासीन पुत्र गुलाम, रईसुल ईर्ष्या और जलन के कारण गर्भपात की दवा खिलाकर उसका भ्रूण नष्ट करवा दिया है और जान से मार कर क्लास कहीं गायब कर दिया परंतु प्रशासन के द्वारा अभी तक शिकायतकर्ता को न्याय नहीं मिला है जिससे दर-दर की ठोकरें खाने पर विवश है।

मिनी सचिवालय तो बने सुविधाएं मयस्सर नहीं हुई

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अंबेडकर नगर। अंबेडकरनगर उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पंचायत भवन का निर्माण कराया गया है ताकि ग्राम प्रधान सचिव पंचायत सहायक व अन्य अधिकारी व कर्मचारी उसमें बैठे और लोगों की समस्याओं को सुनने के साथ ही उसका निदान करें। गत दिनों पंचायती राज दिवस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गांवों में मिनी सचिवालयों की स्थापना पर जोर दिया है। अधिकांश गांवों में मिनी सचिवालय बने भी हैं। मीडिया की टीम ने जब इनमें मिलने वाली सुविधाओं की पड़ताल की तो पाया कि योजना लापरवाही की भेंट चढ़ गई है। गांव को डिजिटल करने के उद्देश्य से पंचायत सहायकों की तैनाती भी की जा चुकी है। ग्रामीणों को गांव में ही सुविधा उपलब्ध कराने के लिए खोले गए ग्राम सचिवालय आज मात्र दिखावा रह गए हैं।नवनिर्मित पंचायत भवन में ताला लटक रहा है।अभी सभी गांवों में मिनी सचिवालय नहीं बन सके हैं। जहां बने भी हैं वहां उनमें संबंधित कर्मचारी नहीं बैठ रहे हैं। जो कि मीडिया की पड़ताल में देखने को मिला। 11:00 बजे ग्राम सचिवालय हुसैनपुर सकरवारी का ताला सफाई कर्मी द्वारा खोला गया परंतु वहां पर सफाई कर्मी के अलावा कोई भी कर्मचारी मौजूद नहीं रहा। ग्राम सचिवालय के अंदर कमरों में धूल का अंबार देखने को मिला। जैसे कई सप्ताह से ताला ही ना खोला गया हो ।ऐसे में ग्रामीणों को अपने कार्यों के लिए ब्लाक मुख्यालयों के चक्कर काटने पड़ रहे हैं।

इस संदर्भ में ग्राम प्रधान से वार्ता करने के पश्चात बताया गया कोई भी कर्मचारी अपने समय से नहीं आता। प्रधान द्वारा बताया गया कंप्यूटर ऑपरेटर की नियुक्ति तो प्रशासन ने कर दी है परंतु उनके पास किसी भी प्रकार की डिग्री या डिप्लोमा नहीं है और ना ही जानकारी।ग्रामीणों ने बताया कि सचिव गांव में 15-15 दिन तक गांव में नहीं आते हैं। ग्रामीणों द्वारा यह भी कहा गया हफ्ते में एक दिन ग्राम सचिवालय गुलजार होता है इससे लाखों रुपये खर्च होने के बाद भी कोई लाभ नहीं मिल रहा है।ऐसे में ये सचिवालय शासन की उम्मीदों पर खरे नहीं उतर पा रहे हैं।। मोबाइल भी स्विच ऑफ रखते हैं अगर मोबाइल स्विच ऑफ नहीं रहती तो फोन नहीं उठता। जन्म मृत्यु प्रमाणपत्र, परिवार रजिस्टर नकल आदि प्रपत्र लेने के लिए उन्हें भटकना पड़ रहा है। ग्राम पंचायत में मिनी सचिवालय तो बना हैं, लेकिन उनमें अभी ग्रामीणों को सुविधाएं मिलना आरंभ नहीं हुई है।ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम सचिवालय बनाने का क्या फायदा जब यहां सुविधाएं ही नहीं मिल पा रही।पंचायतों में ग्राम सचिवालयों का बुरा हाल, कहीं जर्जर तो कहीं अधूरे पड़े हैं पंचायत भवन।ग्रामीणों द्वारा बताया गया नए प्रधान से लेकर एडीओ पंचायत तक उदासीन है। सरकार के अगुआ प्रधान से लेकर इसके अधिकारी विकास तो दूर, अपना ही सचिवालय संचालित नहीं करवा पा रहे हैं।

नगरीय साफ सफाई से नाखुश मंत्री समूह ने ईओ, एक्सईएन जल निगम को फटकारा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर-खीरी। मंडलीय प्रभारी मंत्री, यूपी के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना, राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी संग अपने निर्धारित भ्रमण कार्यक्रम के दूसरे दिन गुरुवार को शहर की साफ सफाई सहित अन्य व्यवस्थाओं की पड़ताल की। पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस गुरुवार की सुबह करीब 7:30 बजे मंत्री समूह में विधायक योगेश वर्मा, विनोद शंकर अवस्थी, एमएलसी अनूप गुप्ता, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, एसपी संजीव सुमन, सीडीओ अनिल कुमार सिंह संग नपाप के विभिन्न मोहल्लों की साफ-सफाई एवं विकास कार्यों की जमीनी हकीकत जानने निकले। मंत्री समूह सिकटिया, काशीनगर होते हुए डॉन बॉस्को पहुंचे, जहां डॉन बॉस्को के सामने चोक नाले को देखा। निर्देश दिए कि इसे गैंग लगाकर साफ कराया जाए। नाले पर कई लोगों की कब्जा होने की बात सामने आने पर मंत्री ने निर्देश दिए कि आमजन को कम से कम नुकसान करते हुए ड्रेनेज को साफ कराया जाए। वह औचक रूप से मोहल्ला शिव कॉलोनी पहुंचे, जहां उन्होंने गंदगी का अंबार देखकर ईओ आरआर अम्बेश को फटकार लगाई। बोले ऐसे होती है सफाई। खाली प्लाट में गंदगी जमा होने पर निर्देश दिए कि ऐसे प्लाट स्वामियों को नोटिस देकर साफ-सफाई कराते हुए प्लाट के चारों ओर दीवार उठाई जाए। इस गंदगी के अंबार से बीमारी पनपेंगी, इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा। उन्होंने सफाई व्यवस्था में घोर लापरवाही पर सफाई निरीक्षक जितेंद्र सिंह का 2 दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 03 दिन में गैंग लगाकर साफ-सफाई कराकर उन्हें रिपोर्ट दें। निरीक्षण के दौरान शिव कॉलोनी में एक्सईएन जल निगम से खोदी गई रोड को दुरुस्त न कराए जाने का कारण जाना। डीएम ने बताया कि एक्सईएन यदा-कदा लखीमपुर आते हैं। बिना एनओसी के रोड कटिंग का काम किया है, जो नियमों के विपरीत है। कबीना मंत्री ने निर्देश दिए वह उनके कामों से संतुष्ट नहीं है, नाराजगी व्यक्त करते हुए रोडो को पूर्व की भांति दुरुस्त कराने के निर्देश दिए।

मंडलीय प्रभारी मंत्री को अव्वल मिली पंचायत भवन व पीएचसी में व्यवस्थाएं

लखीमपुर। मंत्री समूह ने सुबह 8:45 बजे तहसील व ब्लॉक लखीमपुर के ग्राम कालाआम पहुंचे, जहां उन्होंने पंचायत भवन देखकर उसकी तारीफ की। इस दौरान उन्होंने ग्राम सचिव मोनिका वर्मा व पंचायत सहायक विशाल वर्मा से पंचायत भवन की वर्किंग जानी। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह व सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने मंत्री समूह को बताया कि जिले में अभिनव प्रयोग के रूप में अब तक छह ग्राम चैपाल आयोजित हुई। जिसका बेहतर आउट कम मिल रहा है। मंत्री समूह ने डीएम से ग्राम चैपाल में आने वाली शिकायतों व उनके निस्तारण की प्रगति जानी। कबीना मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि इस अभिनव प्रयोग को जारी रखिए। इस दौरान उन्होंने पंचायत भवन परिसर में पौधरोपण भी किया। उन्होंने पंचायत भवन की अव्यवस्थाओं पर सीडीओ व डीपीआरओ की प्रशंसा की।इसके बाद उन्होंने कालाआम में संचालित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र देखा। इस दौरान उन्होंने सीएचसी प्रभारी डॉ नवीन गुप्ता से ओपीडी की प्रगति जानी। उन्होंने अपने सामने ऑक्सीजन कंसंट्रेटर चलवा कर देखा। उन्होंने पीएचसी परिसर का भ्रमण करके इंजेक्शन ड्रेसिंग रूम, पुरुष एवं महिला वार्ड, ऑपरेशन कक्ष भी देखा। इसके बाद उन्होंने चिकित्सालय की विभिन्न पंजिकाओं का भी अवलोकन किया।

संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत

मैके पक्ष ने लगाया फांसी के फंदे में लटकाकर हत्या करने का आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

शिवगढ़ (रायबरेली)। शिवगढ़ थाना क्षेत्र के गुमावां पुलिस चौकी अन्तर्गत बसन्तपुर सकतपुर में संदिग्ध परिस्थितियों विवाहिता की मौत हो गई। मृतका के भाई की तहरीर पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक शिवगढ़ थाना क्षेत्र के गुमावां पुलिस चौकी अन्तर्गत बसंतपुर सकतपुर में 22 वर्षीय विवाहिता मीना पत्नी अजय कुमार संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। जिसे परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवगढ़ लेकर आ रहे थे, किन्तु उसे अस्पताल ना लाकर रास्ते से ही वापस लौट गए। जानकारी होने पर मृतका के मायके पक्ष के लोग मृतका की ससुराल पहुंचे तो विवाहिता मृत अवस्था में मिली। जिससे मैके पक्ष में कोहराम मच गया, मृतका के भाई आधार पासी पुत्र जय लाल निवासी हिढइन मजरे रुप खेड़ा थाना हरचन्दपुर जनपद रायबरेली ने शिवगढ़ थाने में मृतका के पति अजय कुमार, ससुर ब्रह्मा, सास भगवान देई, देवर मोहित, राहुल के विरुद्ध तहरीर देकर आरोप लगाया है कि दहेज की मांग को लेकर ससुरालीजनों ने उसकी बहन को प्रताड़ित करने के साथ ही मारपीट कर फांसी पर लटका दिया, जिससे उसकी बहन की मौत हो गई। मृतका के भाई की तहरीर पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, पुलिस ने मामले में जांच पड़ताल शुरू कर दी है। थाना प्रभारी राकेश चंद्र आनंद ने बताया कि मृतका के भाई की तहरीर पर पंचनामा भरकर शव पीएम के लिए भेज दिया गया है मामले में जांच पड़ताल की जा रही है।

अजय ने मीना से की थी दूसरी शादी

बताते हैं कि मृतका के पति अजय कुमार ने मृतका मीना से दूसरी शादी की थी। अजय की पहली पत्नी छूट गई थी। जिसके बाद 15 जुलाई 2021 को हरचन्दपुर थाना क्षेत्र के हिढइन मजरे रुप खेड़ा गांव के रहने वाले जयलाल की बेटी मीना से दूसरी शादी की थी। मायके पक्ष का आरोप है कि मृतका का पति और उसके ससुरालीजन दहेज की मांग को लेकर आए दिन मीना को मारते-पीटते थे। बुधवार को मीना ने मैके फोन करके बताया कि ससुरालीजन दहेज की मांग को लेकर उसके साथ मारपीट कर रहे हैं। जिसके एक घंटे बाद मृतका की ससुराल से फोन आया की मीना की तबीयत ज्यादा खराब है। जब हम लोग मृतका की ससुराल पहुंचे तो वह मृत अवस्था में मिली। जिसके ससुरालीजनों ने बताया कि दीवाल में गड़ी कील में रस्सी के फंदे से उसने फांसी लगा ली है। जिसे अस्पताल ले जाया जा रहा था तभी रास्ते में उसकी मौत हो गई।

माइक्रोप्लान व फीता सही न मिलने पर डीएम ने सीएमओ व डीएमओ को फटकारा

फाइलेरिया से बचाव अभियान को सफल बनाने में सहयोग करे आम जनमानस : माला श्रीवास्तव

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली। डीएम माला श्रीवास्तव ने बचत भवन सभागार में फाइलेरिया बचाव की बैठक की अध्यक्षता करते हुए बताया कि फाइलेरिया एक खतरनाक बीमारी है। यह दुनिया में विक्लांगता का दूसरा सबसे बड़ा कारण है यह बीमारी मच्छर के काटने से फैलती है। इसके परजीवी लम्बे समय तक बिना किसी लक्षण के रोगी के शरीर में बने रहते है और रोग ग्रसित व्यक्ति स्वस्थ दिखते हुए भी इस रोग को दुसरे तक पहुंचाता है। इस बीमारी का कोई इलाज नहीं है, लेकिन इस बीमारी से बचाव सम्भव है। वर्ष में एक बार फाइलेरिया बचाव अभियान चलाकर फाइलेरिया की दवा खाकर इस बीमारी से बचा जा सकता है।

उन्होंने यह भी निर्देश दिये है कि 23 मई से सात जून तक घर-घर में फाइलेरिया से बचाव हेतु दवा वितरित व खिलाई जानी है। इसका माइक्रो प्लान तैयार करके कोई भी पात्र फाइलेरिया की दवा खाने से वंचित न रहे। स्वास्थ्य कार्यक्रम व योजनान्तर्गत जो कार्य कराये जा रहे हैं वह शासन की मंशा के अनुरूप कराये। जिसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता व लापरवाही न बरती जाये। लापरवाही बरतने वालों पर कड़ी कार्यवाही की जायेगी। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिये कि मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा कार्योलयों में जैसे समाधान दिवस, थाना दिवस, तहसील दिवस आदि में फाइलेरिया बचाव सम्बन्धित मोहर कार्यालयों को उपलब्ध कराई जाए। शिकायत पर्चियों पर मोहर लगाकर तथा आरोग्य मेले आदि जगहों पर इसका व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव ने फाइलेरिया बचाव से सम्बन्धि माईक्रो प्लान तथा हाईट नापने का फीता सही न होने पर मुख्य चिकित्साधिकारी व डीएमओ को कड़ी फटकार लगाते हुए चेतावनी दी कि स्वास्थ्य सम्बन्धित कार्यक्रमों आदि में लापरवाही पाये जाने पर कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी प्रभाष कुमार, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. वीरेन्द्र सिंह, जिला सूचना विभाग के प्रचार सहायक बड़े लाल यादव, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला पंचायत अधिकारी सभी एमओआईसी समस्त सीएचसी के अधीक्षक आदि भी उपस्थित रहे।

स्मार्टफोन पाकर खिल उठे विद्यार्थियों के चेहरे

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सलोन (रायबरेली)। उत्तर प्रदेश सरकार के टैबलेट और स्मार्ट मोबाइल वितरण कार्यक्रम के तहत क्षेत्र दशरथ प्रसाद महाविद्यालय हर किशनपुर टिकरा में छात्र-छात्राओ को निःशुल्क स्मार्टफोन वितरित किये गए। विशिष्ट अतिथि उपजिलाधिकारी आशाराम वर्मा व संस्थापक छोटेलाल मिश्रा ने चयनित विद्यार्थियों को स्मार्टफोन वितरित किए। संस्थापक ने कहा कि विधानसभा चुनाव के समय भाजपा सरकार ने जो वादा किया था उसे पूरा कर दिखाया है। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार छात्र-छात्राओं के प्रति पूरी तरह सजग है। शिक्षा के लेकर सरकार नई-नई तकनीक विकसित कर रही है जिससे समाज की आने वाली पीढ़ी अपने पैरो पर खड़ी हो सके। विद्यालय प्रबंधक अभय कुमार मिश्रा ने कहा कि सभी छात्र -छात्राएं मिले इस स्मार्टफोन का प्रयोग शिक्षा के लिए ही करें। उन्होंने कहा कि आधुनिक युग में मोबाइल जितना सदुपयोग ही है उतना घातक भी है। पढ़ाई की दृष्टि से मोबाइल फोन का प्रयोग किया जाए तो यह बहु उपयोगी सिद्ध होगा। उन्होंने बताया कि 373 छात्र -छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किये गए हैं। इस अवसर व्यवस्थापक अजय कुमार मिश्रा, परमेश पटेल, अजीत मिश्रा, ग्राम प्रधान राम मिलन, अमित मिश्रा, नागेश पाण्डेय, विजय यादव, संदीप मिश्रा, रामराज, हरिशंकर मौर्या एवं समस्त विद्यालय स्टॉप सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

निर्माणाधीन पुलिया पर चली गई युवक की जान

अनियंत्रित ट्रक ने बाइक सवार को मारी टक्कर, मौके पर मौत

बछरावां (रायबरेली)। बांदा-बहराइच हाईवे पर तिलेण्डा गांव के पास निर्माणाधीन पुलिया के चलते आए दिन हादसे होते रहते हैं। फिर भी पुलिया का निर्माण सुस्त गति से चल रहा है। बृहस्पतिवार शाम एक अज्ञात ट्रक ने बाइक सवार को इसी पुलिया पर टक्कर मार दी। हादसे में उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई । बृहस्पतिवार शाम लगभग छह बजे संतोष (20) पुत्र रामकेतार निवासी रसूलपुर बांदा-बहराइच हाईवे होते हुए बछरावां की ओर आ रहा था। इसी दरमियान एक अनियंत्रित ट्रक ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में ट्रक चालक मय ट्रक युवक को रौंदता हुआ भाग निकला। युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई । सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज रही है। थानाध्यक्ष जगदीश यादव ने बताया कि मामले की सूचना प्राप्त हुई है । मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। तहरीर मिलने पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

मामूली विवाद को लेकर दो पक्षों में चटकी लाठियां, नौ घायल

बछरावां (रायबरेली)। थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम गजियापुर में एक ही समुदाय के दो पक्षों द्वारा मामूली बात को लेकर मारपीट हो गई, जमकर लाठी-डंडे चले परिणाम स्वरुप महिलाओं सहित दोनों पक्षों के नौ लोग घायल हो गए। प्रथम पक्ष राजकुमार पुत्र स्वर्गीय चिरंजीव लाल ने बताया कि गत 10 मई को उनके यहां विवाह था, जिसमें भाग लेने के लिए काफी रिश्तेदार आए हुए थे। जिसमें एक लड़की शौच क्रिया के लिए खेतों की ओर गई थी। तभी दूसरे पक्ष के एक युवक द्वारा छेड़खानी की गई, उस वक्त वैवाहिक माहौल होने के कारण मामले को रफा-दफा कर दिया गया। अस्पताल में मौजूद घायल राजकुमार ने बताया आज कुछ कार्य बस जा रहे थे। जैसे ही दूसरे पक्ष के दरवाजे पहुंचे उन लोगों ने मारपीट करना शुरू कर दिया। राजकुमार ने यह भी आरोप लगाया दूसरे पक्ष द्वारा उनके घर की महिलाओं के जेवर तथा 50 हजार रुपए भी छीन लिए गए। जबकि घायल दूसरे पक्ष शिव प्रताप पुत्र विश्वनाथ के अनुसार प्रथम पक्ष का आरोप पूर्णतया निराधार है। किसी के द्वारा कोई छेड़खानी नहीं की गई। यह जरूर है कि विवाह के दिन उनके घर के लड़के किसी काम से खेतों की ओर गए थे, लौटते समय प्रथम पक्ष की कुछ लड़कियां नहर में स्नान कर रही थी उन्होंने उन लड़कों से जीजा के रिश्ता का हवाला देते हंसी-मजाक किया था। जिसको लड़कों ने हंसकर टाल दिया। आज लड़ाई करने की नियत से यह लोग आमादा थे और राजकुमार के एक लड़के द्वारा उनके घर के एक छोटे बच्चे पर मोटर साइकिल चढ़ा दी गई। जिसमें विवाद हो गया और जब राजकुमार के घर के लोगों ने मारपीट करना शुरू किया मजबूरन उन्हें भी बचाव में लाठी-डंडा उठाना पड़ा। इस पूरे आरोप-प्रत्यारोप के दौरान दोनों पक्षों के नौ व्यक्ति घायल हुए हैं। घटना की सूचना पाते ही थाने में मौजूद एसआई प्रशांत कुमार, कांस्टेबल जयशंकर यादव, कांस्टेबल राजकुमार घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लेने के बाद सभी घायलों को लेकर अस्पताल आए। इतना ही नहीं कांस्टेबल राजकुमार यादव द्वारा स्टेचर का इंतजार ना करते हुए, गोद में उठाकर घायल को इमरजेंसी रूम में पहुंचाया गया। प्रशांत कुमार ने बताया फिलहाल पहली प्राथमिकता के आधार पर सभी घायलों का इलाज कराया जा रहा है। तहरीर मिलने के बाद आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

अवैध शस्त्र के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

नसीराबाद (रायबरेली)। अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत नसीराबाद पुलिस ने एक युवक को एक तमंचा व एक जिंदा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया। बाद में पुलिस ने पकड़े गए अभियुक्त के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर अभियुक्त को जेल भेज दिया। गुरुवार को नसीराबाद पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान के दौरान एक युवक को थाना क्षेत्र के छोटी ओलीपुर के पास से अवैध शस्त्र व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। इस बावत थानेदार दयानन्द तिवारी ने बताया कि अभियुक्त धीरेन्द्र सिंह उर्फ डब्लू पुत्र सुरेंद्र सिंह निवासी कछवहन का पुरवा नसीरपुर थाना उदयपुर जनपद प्रतापगढ़ को अवैध शस्त्र व जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक राजेश कुमार यादव,हेड कांस्टेबल राजमणि, कास्टेबल सोनदेव, कास्टेबल बृजेश यादव,कास्टेबल विश्वेंद्र सिंह की अहम भूमिका रही।

पोस्ता छिलका के साथ एक गिरफ्तार

महराजगंज (रायबरेली)। कोतवाली पुलिस टीम को उस समय सफलता हाथ लगी। जब चेकिंग के दौरान संदिग्ध व्यक्ति मोहम्मद शफीक पुत्र रफीक निवासी तकिया हलोर को मांझगांव नहर पुल के पास से बुधवार की रात 11:05 बजे गिरफ्तार किया गया। जिसके कब्जे से किलो 200 ग्राम पोस्ता छिलका बरामद किया गया। अभियुक्त के विरूद्ध विधिक कार्यवाही करके जेल भेजा जा रहा है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम उपनिरीक्षक संतोष यादव आरक्षी ब्रजभूषण विमल व उदयवीर मौजूद रहे।

टेम्पो की टक्कर से बाइक सवार घायल

ऊंचाहार (रायबरेली)। कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ-प्रयागराज मार्ग पर स्थित चड़रई चौराहे पर टेम्पो की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल हो गया, जिसे सीएचसी से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। गुरुवार की दोपहर चड़रई गाँव निवासी संजय मौर्या (25) किसी कार्य से बाइक द्वारा चड़रई चौराहा स्थित एक दुकान पर जा रहा था तभी सड़क पार करते समय टेम्पो की टक्कर से घायल हो गया, जानकारी होने पर परिजनों ने उसे सीएचसी पहुंचाया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रिफर किया गया है। सीएचसी अधीक्षक डॉ. मनोज कुमार शुक्ल ने बताया कि सड़क दुर्घटना में घायल युवक सीएचसी आया था, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रिफर किया गया है।

मासूम को बलि देने के मामले में तीन को आजीवन कारावास

ऊंचाहार (रायबरेली)। रामलीला देखने गए मासूम को पकड़कर धन के लालच में उसकी बलि देने के मामले में दस साल बाद पीड़ित परिवार और मृतक मासूम को इंसाफ मिल गया है। घटना में आरोपित महिला समेत तीन लोगों को न्यायालय ने दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। मामला ऊंचाहार के जमुनापुर चौराहा का है। घटना छह अक्टूबर 2012 की है। जमुनापुर चौराहा के रहने वाले धर्मेंद्र कौशल का दस वर्षीय बेटा अमन चौराहा के पास स्थित कुटी पर रामलीला देखने गया था। जहां से वह गायब हो गया था। इसके बाद दस अक्टूबर को उसका शव रामलीला स्थल से थोड़ी दूरी पर झाड़ियों में क्षत- विक्षत अवस्था में बरामद हुआ था। इस मामले में पुलिस ने जमुनापुर चौराहा की आशा बानो पत्नी मो. शरीफ और उसके सहयोगी अजय सिंह उर्फ कल्लू पुत्र राम बहादुर और सिकंदर पुत्र अब्दुल हबीब को गिरफ्तार करके जेल भेजा था। दस साल तक चले ट्रायल में न्यायालय ने पुलिस के साक्ष्यों, गवाहों के आधार पर तीनों आरोपितों को दोषी पाया है, और गुरुवार को तीनों को इस मामले में आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है।

सड़क किनारे संदिग्ध परिस्थितियों में मिला अधेड़ का शव

बछरावां (रायबरेली)। राघौपुर-घुरौना मार्ग पर पीएचसी के पास सड़क के किनारे एक अज्ञात व्यक्ति का शव क्षत-विक्षत अवस्था में देख ग्रामीणों में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शव की शिनाख्त हाजीपुर गांव निवासी राम लखन के रूप में हुई है। बुधवार रात लगभग राघौपुर घुरौना मार्ग पर स्थित पीएचसी के पास सड़क के किनारे लगभग 55 वर्षीय अज्ञात अधेड़ का शव देखकर लोगों में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त कराने का प्रयास किया गया। मृतक की शिनाख्त हाजीपुर गांव के रहने वाले रामलखन पुत्र छीटू के रूप में हुई है। मृतक के परिजनों ने बताया कि वह शिवगढ़ थाना क्षेत्र के बोधि खेड़ा गांव अपनी बेटी के यहां गया हुआ था। जहां से वहां पैदल ही वापस आ रहा था। सड़क हादसे की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थानाध्यक्ष जगदीश यादव ने बताया कि शव की शिनाख्त हो गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है।

शिशु की जीवन रक्षा के लिए स्तनपान जरूरी : माला श्रीवास्तव

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली। जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव की अध्यक्षता में बचत भवन सभागार में पोषण एवं स्वास्थ्य सेवाओं के अन्तर्गत शिशु को छह माह की आयु तक केवल स्तनपान विशेषकर गर्मियों में शिशु का मुंह सूखा रहने या प्यासा रहने की आशंका में उसे पानी देने के प्रचलन को रोकने के दृष्टिगत 10 मई से 30 जून 2022 के मध्य 'पानी नहीं केवल स्तनपान अभियान' को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया। डीएम ने अभियान के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि शिशु के छह माह की आयु तक केवल स्तनपान उसके जीवन की रक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है परन्तु समाज में प्रचलित विभिन्न मान्यताओं व मिथकों के कारण छह माह तक केवल स्तनपान सुनिश्चित नहीं हो पाता, बल्कि परिवार के सदस्यों द्वारा शिशु को घुटटी, शहद, चीनी का घोल, पानी आदि का सेवन करा दिया जाता है, जिसके कारण शिशुओं में काई प्रकार के संक्रमण हो जाते हैं, जो कि शिशु के स्वस्थ्य जीवन के लिए घातक सिद्ध होता है। शिशु के प्यासा रहने की आशंका में उसे पानी देने का प्रचलन गर्मियों में बढ़ जाता है माँ के दूध में अन्य पौष्टिक तत्वों के साथ-साथ पानी भी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध होता है और शिशु की पानी की आवश्यकता केवल स्तनपान से पूरी हो जाती है।

डीएम ने कहा कि शिशु को छह माह तक, ऊपर से पानी व अन्य कोई चीज देने की बिल्कुल आवश्यकता नहीं होती है। ऊपर से पानी देने से शिशुओं में संक्रमण होने की सम्भावना बढ़ जाती है। जन्म के एक घण्टे के अन्दर तथा छह माह की आयु तक केवल स्तनपान कराने से शिशु एवं बाल मृत्युदर में भी कमी आती है। जिलाधिकारी ने जिला कार्यक्रम अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग, समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी, ग्राम्य विकास, नगर विकास विभाग, पंचायती राज, बेसिक माध्यमिक शिक्षा, खाद्य एवं रसंद विभाग आदि विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिये है कि अपने-अपने स्तर से उक्त अभियान को सफल बनाने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। अभियान को सफल बनाते हुए समय-समय पर अभियान के अन्तर्गत की जाने वाली कार्यवाही के सम्बन्ध में मुख्य चिकित्साधिकारी तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी द्वारा अवगत कराया जाए।

अंदाज़ पान मसाला के दो डीलरों पर गबन का मुकदमा दर्ज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

महराजगंज (रायबरेली)। अंदाज पान मसाला कंपनी का पैसा गबन करने के मामले में रायबरेली के दो डीलरों के खिलाफ कोतवाली पुलिस ने कंपनी के रवींद्र सिंह की तहरीर पर लाखों का गबन करने व पूर्व के हिसाब के 15 लाख के फर्जी कूपन लगा पेमेंट कराने के मामले में गंभीर धाराओं में मामला पंजीकृत कर लिया है। कोतवाली पुलिस घटना की तहकीकात कर रही है। बताते चलें कि कोतवाली पुलिस को दी गई तहरीर में जनपद कानपुर देहात के शाहपुर, पनकी निवासी अंदाज पान मसाला के हेड रविंद्र सिंह का आरोप है कि महाराजगंज कोतवाली क्षेत्र के बलीपुर गांव निवासी रमाकांत मिश्र पुत्र राम सागर एवं चिलौली गांव निवासी रिंकू चौरसिया पुत्र शिव प्रसाद चौरसिया रायबरेली के कम्पनी के डीलर थे। रायबरेली के दोनों डीलर्स पर अंदाज पान मसाला तथा तंबाकू का 29 लाख रुपए का भुगतान बकाया था जिसे दोनों ने स्वीकार भी किया, लेकिन कंपनी में भुगतान करने नहीं गए। इसके पूर्व नामजद आरोपियों द्वारा 15 लाख के कूपन कूट रचनाकर भुगतान करवा लिया गया था, जो फर्जी पाए गए। जब कंपनी ने भुगतान का दबाव बनाया तो आरोपियों ने गुमराह करते हुए उसे गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने कानपुर देहात अंदाज पान मसाला के हेड रविंद्र सिंह की तहरीर पर दोनों नामजद आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला पंजीकृत कर लिया है। मामले में कोतवाली प्रभारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि कंपनी के जिम्मेदारों एवं दोनों नामजद आरोपियों के मध्य कोतवाली में गत 29 अप्रैल को वार्ता हुई थी। जिसमें आरोपियों ने कंपनी को भुगतान करने को कहा था, लेकिन भुगतान न करने पर कंपनी के रविंद्र सिंह की तहरीर पर नामजद दो आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर तहकीकात की जा रही है।

जल निगम भर्ती घोटाला मामले में आजम सीबीआई अदालत में हुये पेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। लखनऊ के जल निगम में हुए भर्ती घोटाले के मामले में सीतापुर जेल में बंद तत्कालीन कैबिनेट मंत्री आजम खान को बुधवार को सीबीआई के विशेष न्यायाधीश मनोज पांडे की अदालत में पेश किया गया जहां आजम खान एवं मामले के अन्य आरोपियों ने अपूर्ण नकले दिए जाने का आरोप लगाया। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई के लिए सात जून की तिथि नियत की है।

गुरुवार को मामले की सुनवाई के समय आरोपी आजम खान के अलावा संतोष रस्तोगी, हेमंत कुमार, अजय यादव एवं गिरीश चंद व्यक्तिगत रूप से उपस्थित थे। वहीं दूसरी ओर जयप्रिया स्वप्निल, भवनेश जैन, आफताब खान, कुलदीप सिंह, कुमार विश्वजीत सिंह ,रोमन फर्नांडीस एवं जितेंद्र दीक्षित की ओर से हाजिरी माफी अर्जी दी गई।

आज़म खान पर आरोप है कि उन्होंने सपा सरकार में रहते हुए जल निगम में 122 सहायक अभियंता, 853 अवर अभियंता, 335 लिपिक 32 आशुलिपिकों की भर्ती नियम विरुद्ध करके घोटाला किया था।जिस पर उत्तर प्रदेश शासन ने 13 जुलाई 2017 कको विशेष अनुसंधान दल(एसआईटी) उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा मामले की जांच कराई थी।

इसके बाद एसआईटी जांच में आरोप सही पाए जाने के बाद 25 अप्रैल 2018 को एसआईटी के निरीक्षक अटल बिहारी ने आजम खान तत्कालीन अध्यक्ष उत्तर प्रदेश जल निगम लखनऊ, सैयद आफाक अहमद तत्कालीन ओएसडी ,श्री प्रकाश सिंह तत्कालीन सचिव नगर विकास उत्तर प्रदेश शासन ,प्रेम प्रकाश आशुदानी तत्कालीन प्रबंध निदेशक उत्तर प्रदेश जल निगम, अनिल कुमार खरे तत्कालीन मुख्य अभियंता एवं भर्ती प्रक्रिया में शामिल कई लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था।

यूपी में पांच साल में मक्के के उत्पादन होगा दोगुना

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने अगले पांच साल में मक्के का उत्पादन दोगुना करने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

आधिकारिक सूत्रों ने गुरूवार को बताया कि 2021-2022 में मक्के का उत्पादन 14.67 लाख मीट्रिक टन था। पांच साल में इसे बढ़ाकर 27.30 लाख मेट्रिक टन करने का लक्ष्य है। इसके लिए रकबा बढ़ाने के साथ प्रति हेक्टेयर प्रति कुंतल उत्पादन बढ़ाने पर भी बराबर का जोर होगा। मक्के का प्रयोग ग्रेन बेस्ड इथेनॉल उत्पादन करने वाली औद्योगिक इकाइयों,कुक्कुट एवं पशुओं के पोषाहार, दवा, कास्मेटिक, गोद, वस्त्र, पेपर और एल्कोहल इंडस्ट्री में भी इसका प्रयोग होता है। इसके अलावा मक्के को आटा, धोकला, बेबी कार्न और पाप कार्न के रूप में तो ये खाया ही जाता है। किसी न किसी रूप में ये हर सूप का अनिवार्य हिस्सा है।

सूत्रों ने बताया कि ये सभी क्षेत्र संभावनाओं वाले हैं। आने वाले समय में इनके विस्तार के साथ ही मक्के की मांग भी बढ़ेगी। इस बढ़ी मांग का अधिक्तम लाभ प्रदेश के किसानों को हो इसके लिए सरकार मक्के की खेती के प्रति किसानों को जागरूक करेगी। उनको खेती के उन्नत तौर तरीकों की जानकारी देने के साथ सीड रिप्लेसमेंट (बीज प्रतिस्थापन) की दर को भी बढ़ाएगी। किसानों को मक्के की उपज का वाजिब दाम मिले इसके लिए सरकार पहले ही इसे न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के दायरे में ला चुकी है। सूत्रों ने बताया कि उन्नत खेती के जरिये प्रति हेक्टेअर 100 क्विंटल उपज संभव है। उत्तर प्रदेश में 2021-2022 में 6.91 लाख हेक्टेयर में मक्के की खेती हुई। और 14.67 लाख मेट्रिक टन उत्पादन हुआ। प्रदेश में इसकी उपज बढाने की भरपूर संभावना है। देश और उत्तर प्रदेश की प्रति हेक्टेयर औसत उपज क्रमशः 2600 एवं 1788 किलोग्राम है। 2021-22 में यह बढ़कर 2163 कुंतल हो गई। सर्वाधिक उत्पादन वाले तमिलनाडु की औसत उपज 5939 कुंतल है। एक्सपर्ट्स की माने तो प्रति हेक्टेयर औसत उपज 100 कुंतल तक संभव है। अमेरिका में प्रति हेक्टेअर उत्पादन करीब 960 कुंतल है। ऐसे में खेती के उन्नत तरीके से उपज बढ़ाने की भरपूर संभावना है। कृषि विशेषज्ञों की सलाह है कि मक्के की खेती में एक बात का खयाल रखें कि फूल आने के समय तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक न हो। इससे अधिक तापमान होने पर दाने नहीं पड़ते।अगर सिंचाई की सुविधा हो तो फरवरी के दूसरे हफ्ते में आलू, सरसों और सब्जी की फसलों से मक्का बो सकते हैं। साथ में सह फसल के रूप में जायद की मूंग और उड़द की भी फसल ले सकते हैं। इससे सिर्फ 70-80 दिन में प्रोटीन से भरपूर दलहन की एक अतिरिक्त फसल तो मिलेगी ही। दलहनी फसलों की जड़ों में नाइट्रोजन स्थिर करने की खूबी का जो लाभ भूमि को मिलेगा, वह अतिरिक्त होगा। क्रील सिस्टम इनीसिएटिव फार साउथ एशिया (सीसा) के वैज्ञानिक डा.अजय के अनुसार किसान क्षेत्र के कृषि जलवायु क्षेत्र के अनुसार उन्नत प्रजातियों की बोआई करें। डंकल डबल, कंचन 25, डीकेएस 9108, डीएचएम 117,एचआरएम-1,एनके 6240, पिनैवला, 900 एम और गोल्ड आदि प्रजातियों की उत्पादकता ठीकठाक है। वैसे तो मक्का 80-120 दिन में तैयार हो जाता है। पर पापकार्न के लिए यह सिर्फ 60 दिन में ही तैयार हो जाता है।

सरकारी कार्यक्रमों में पूर्व मंत्री या विधायक नहीं होंगे मुख्य अतिथि

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश में संसदीय शिष्टाचार के अनुपालन के लिए एक आदेश जारी करते हुए कहा है कि अब किसी सरकारी कार्यक्रम में प्रोटोकॉल के मुताबिक मौजूदा मंत्री, विधायक या सांसद की मौजूदगी में किसी पूर्व मंत्री या अन्य जनप्रतिनिधि को मुख्य अतिथि नहीं बनाया जा सकेगा। सरकारी कार्यक्रमों के लिए प्रदेश में जिला प्रशासन के अधिकारियों को बुधवार देर शाम जारी हुए निर्देश के मुताबिक अब किसी सरकारी कार्यक्रम में मौजूदा विधानसभा या विधान परिषद सदस्य की उपस्थिति में पूर्व मंत्री या पूर्व विधायक को मुख्य अतिथि नहीं बनाया जा सकेगा। संसदीय शिष्टाचार क्रियान्वयन अनुभाग ने मुख्य सचिव के निर्देश पर प्रोटोकॉल के मुताबिक विभिन्न पदों की सूची वरिष्ठता क्रम में जारी की है। राज्य सरकार के प्रमुख सचिव जे पी सिंह द्वारा जारी आदेश में एक जिले में आयोजित सरकारी कार्यक्रम में मौजूदा विधायक के मौजूद रहते हुए एक पूर्व मंत्री को मुख्य अतिथि बनाये जाने की घटना का हवाला आदेश जारी कर स्थिति स्पष्ट किया गया है।

रेलवे स्टेशन परिसर में अवैध पार्किंग, वाहनों का जमावड़ा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। रेलवे स्टेशन पर सर्कुलेटिग एरिया में टार्च लेकर ढूंढने पर भी खाकी वाले कहीं दिखाई नहीं देते। इसके चलते स्टेशन परिसर में अवैध वाहनों का जमावड़ा बढ़ रहा है। इससे यात्रियों को आवाजाही में परेशानी होती है। प्लेटफार्म के मुख्य प्रवेश द्वार के सामने अवैध रूप से दुपहिया वाहन खड़े रहते हैं, जिन्हें खड़ा करने वालों को रोकने और टोकने वाला कोई नहीं है। वहीं अवैध रूप से फोर-व्हीलर वाहन खड़े रहते हैं।फोर-व्हीलर व आटो वालों ने मनमाने ढंग से अवैध पार्किंग बना ली है। जिसे देखने और कार्रवाई करने वाला कोई नहीं है। इससे स्टेशन परिसर में अवैध रूप से वाहन खड़े करने वालों की संख्या बढ़ रही है। रेलवे स्टेशन पर साइकिल स्टैंड होने के बावजूद भी लोग स्टैंड पर वाहन ना खड़ी कर करके रेलवे परिसर के श्रेणियों के सामने खड़ा करते हैं।

स्टेशन परिसर में दुपहिया और फोरव्हीलर के लिए पार्किंग है। अवैध पार्किंग के खिलाफ कार्रवाई करने का अधिकार आरपीएफ व जीआरपी स्टाफ को है, लेकिन दोनों ही सर्कुलेटिग एरिया में कहीं दिखाई नहीं देते हैं।इससे स्टेशन परिसर में अवैध रूप से वाहन खड़े करने वालों की संख्या बढ़ रही है। अवैध वाहनों में सबसे ज्यादा दुपहिया वाहन हैं, जिनका जमावड़ा अंदर सीढ़ियों के पास तक है। जहां कतार में और आड़े-तिरछे ढंग से खड़े दुपहिया वाहनों के कारण यात्रियों को आवाजाही में दिक्कत होती है। कई बार तो यात्रियों की ट्रेन भी निकल जाती है।

युवाओं के कंधे पर प्रदेश से बेरोजगारी मिटाने की जिम्मेदारी : सर्वेश पाठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । भारतीय जनता पार्टी अनुषांगिक संगठन के द्वारा कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संगठन के राष्ट्रीय महासचिव सर्वेश पाठक ने अपने उद्बोधन में बताया कि युवाओं के कंधे पर प्रदेश की बेरोजगारी मिटाने की जिम्मेदारी है जिसको हमारे युवा मित्रो को पूरी निष्ठा से कार्य करना होगा।सर्वेश पाठक ने बताया कि हमने युवाओं की विशाल सेना तैयार किया है, जो कि उद्योग मंत्रालय, सहकारिता मंत्रालय, वित्त मंत्रालय इन तीनों मंत्रालय से आपसी संकलन बनाकर उद्यमियों को प्रेरित करने के लिए निःशुल्क कार्य करेंगें,जिससे हमारे प्रदेश की अर्थव्यवस्था एवं प्रदेश से बेरोजगारी शीघ्र कम एवं बेरोजगारी मुफ्त प्रदेश हो,सर्वेश पाठक ने बताया एक छोटा सा लकड़ी के चम्मच से लेकर बड़ा कारखाना लगाने तक की योजना हमारे टीम के द्वारा कार्य करने की बन रही है, जोकि शीघ्र ही युद्ध स्तर पर दिखने लगेगी।सर्वेश पाठक ने युवाओं से आवाहन करते हुए कहा कि हम अन्य प्रांतों में जिन प्रतिभा को दिखाने के लिए कार्य करते हैं यदि हम एकजुट होकर छोटी इकाई लगाकर कार्य शुरू करते हैं,तो हम अपने कार्य क्षेत्र का विकास कर सकते हैं। सर्वेश पाठक ने बताया की हम दिन रात मेहनत करके इस योजना को जमीनी स्तर तक सफल बनाने में कार्य करेंगे। सर्वेश पाठक आईटीआई गेस्ट हाउस से निकलने के पश्चात तहसील मनकापुर पहुँच कर औचक निरीक्षण किया तहसील परिसर में गन्दगी की भरमार पाई शौचालय में ताला लगा पाया।पेयजल के पानी को खुद पीकर गुडवत्ता को जाना एसडीएम कार्यालय के बगल पानी खुलेआम बिना नाली के बह रहा था।जनसुनवाई सहित कई मुद्दों पर एसडीएम न्यायिक व तहसीलदार नर्सिंग नरायण वर्मा को फटकार लगाते हुए जल्द से जल सही करने की बात कही।मौके पर चिकित्सा प्रकोष्ठ जिला संयोजक शांतिभूषण त्रिपाठी,आलोक शुक्ला,बार संघ के अध्यक्ष राम शंकर मिश्रा, प्रधान कुडासन आदि समस्त समस्त कार्यकर्ता मौजूद रहे।

दुष्कर्म करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

गोंडा । पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने अपराध एंव अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत वांछित अभियुक्तों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी करने हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक थानाध्यक्षों को कड़े निर्देश दिए थे।उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना कौडिया पुलिस ने नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने तथा उसके साथ दुष्कर्म करने वाले वांछित अभियुक्त रेहान को मुखबिर खास की सूचना पर गिरफ्तार कर लिया। जिसके सम्बन्ध में पीड़िता के पिता द्वारा थाना कौडिया में अभियोग पंजीकृत कराया गया था। अभियुक्त को वास्ते रिमांड माननीय न्यायालय रवाना कर दिया गया।

मेरठ में 19 मई को लगेगा वृहद स्तरीय रोजगार मेला

मेरठ। युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए 19 मई को मेरठ के आईआईएमटी विवि में वृहद स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। इसमें विभिन्न कंपनियों द्वारा युवाओं का चयन किया जाएगा। आईआईएमटी विवि में लगने वाले रोजगार मेले के लिए सेवायोजन विभाग ने तैयारी तेज कर दी है। मेले के जरिए निजी सेवा प्रदाता एवं कौशल प्राप्त सेवा मित्र (कारपेंटर, इलेक्ट्रीशियन, पेंटर, चिकित्सा सेवा, टैक्सी सेवा आदि) की प्रमाणित सेवा तथा कुशल कामगारों को स्थानीय स्तरों पर रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। बेरोजगार युवाओं को शिक्षण, प्रशिक्षण, रोजगार अवसरों की जानकारी देने के लिए मुख्य विकास अधिकारी शशांक चौधरी की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में सेवायोजन विभाग के कार्यक्रमों के संचालन एवं अनुश्रवण हेतु गठित जिला स्तरीय समिति के सदस्यों ने भाग लिया। सीडीओ ने कहा कि सभी विभागों के अधिकारी अपने यहां ली जाने वाली निजी सेवा प्रदाता की सेवाएं सेवामित्र पोर्टल से ही लें। सभी खण्ड विकास अधिकारी गाँव के स्तर पर बेरोजगार अभ्यर्थियों को सेवायोजन पोर्टल पर अपना ऑनलाइन पंजीयन निःशुल्क कराने को प्रेरित करें। इसके बाद 19 मई को आईआईएमटी विवि आयोजित होने वाले रोजगार मेले में भाग लें। जनपद मेरठ में सेवा मित्र पोर्टल के माध्यम से 11 तरह की सेवाएं जैसे एसी सर्विस व रिपेयरिंग, अप्लायंस रिपेरिंग, उपकरणों की रिपेयरिंग, मेडिकल जाँचें, डॉक्टर से परामर्श, इलेक्ट्रीशियन, आईटी हार्डवेयर, प्लम्बर, आरओ सर्विस रिपेयर, सैलून, सोलर मेंटीनेंस, बिल्डिंग और फ़ेब्रिकेशन के कुशल कामगारों की सेवाएं सेवामित्र के माध्यम से ली जा सकती हैं। क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय मेरठ द्वारा वर्ष 2021-22 में रोजगार मेलों के माध्यम से 4783 बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र में नौकरियां दी गई है।

अल्पसंख्यक कल्याण विभाग ने छात्रवृत्ति के लिए दो चरणों में शुरु किया आनलाइन आवेदन

एजेंसी

कानपुर । पूर्वदशम छात्रवृत्ति कक्षा 9-10 कक्षाओं से सम्बन्धित पाठयक्रमों का मास्टर डाटाबेस तैयार करने, सत्यापन, लॉक करने एवं छात्रों को छात्रवृत्ति आवेदन से वितरण के लिए आवश्यक कार्यवाही किये जाने हेतु समय-सारिणी निर्गत की गयी है। जिसमें छात्र/छात्राओं द्वारा प्रथम चरण के अन्तर्गत 18 मई से 01 जुलाई तक तथा द्वितीय चरण के अन्तर्गत 02 जुलाई से 07 अक्टूबर तक छात्रवृत्ति वेबसाइट पर दिये गये प्राविधानों के तहत आनलाईन आवेदन किये जा सकते हैं। यह जानकारी गुरुवार को जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी एसपी तिवारी ने दी। उन्होंने बताया कि निदेशक अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की ओर से आदेश आया है कि शासन की मंशा के अनुरुप वित्तीय वर्ष 2020-21 से लाभार्थी पात्र छात्र/छात्राओं के आधार नम्बर के आनलाईन सत्यापन (आधार ऑथेन्टिकेशन) किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। इस व्यवस्था के अन्तर्गत छात्र का आधार नम्बर, छात्र का नाम, पिता/पति का नाम, लिंग व जन्म तिथि का मिलान भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण से आनलाईन मिलान होने के पश्चात ही छात्र का आवेदन पत्र छात्र-स्तर से अग्रसारित होगा। अधार कार्ड में उक्त विवरणों में कतिपय डाटा गलत हो सकतें हैं, जिनके शुद्धिकरण कराये जाने की आवश्यकता छात्रों को होगी। अतः इस सम्बन्ध में समस्त छात्र/छात्राओं, उनके माता-पिता व शिक्षण संस्थानों को सूचित किया जाता है यदि उनके आधार कार्ड में कोई गलत डाटा है तो उसको सम्बन्धित आधार कार्ड कार्यालय से ससमय शुद्ध करा लें। उन्होंने बताया कि इस योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2020-21 से लाभार्थी पात्र छात्र/छात्राओं का आवेदन पत्र में अंकित बैंक खाता विवरण आधार लिंक्ड होना अनिवार्य है। अतः यह आवश्यक है कि उक्त योजनान्तर्गत आवेदन करने वाले छात्र/छात्राएं अपने बैंक खाते को आधार से लिंक्ड करा लें। जिन छात्र/छात्राओं द्वारा वित्तीय वर्ष 2021-22 में भारत सरकार द्वारा संचालित छात्रवृत्ति के लिए आवेदन किया था एवं छात्रवृत्ति से लाभान्वित भी हुए हैं, वह भारत सरकार की छात्रवृत्ति योजना के अन्तर्गत ही नवीनीकरण के लिए पात्र होंगे। उक्त समय-सारिणी विभागीय वेबसाइट एवं छात्रवृत्ति वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

सड़क हादसों में महिला सहित दो की मौत

फिरोजाबाद । जनपद में अलग-अलग थाना क्षेत्रों के अन्तर्गत गुरूवार को हुये सड़क हादसों में महिला सहित दो लोगों की मौत हो गयी। पुलिस मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिये जिला अस्पताल लायी है। थाना मक्खनपुर क्षेत्र के मरघटी जमालपुर निवासी सपना (26) पत्नी अजय अपने भाई विवेक के साथ मोटर साईकिल पर सवार होकर टूण्डला दवा लेने जा रही थी। बताया जाता है कि तभी थाना नगला सिंघी क्षेत्र के गांव प्रेमपुरा के समीप अचानक किसी अज्ञात वाहन ने मोटर साईकिल में टक्कर मार दी। हादसे में सपना की मौत हो गयी। दुर्घटना देख लोगों की भीड़ जमा हो गयी। सूचना थाना पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये जिला अस्पताल लायी है। वही दूसरी घटना में थाना उत्तर क्षेत्र के लोहिया नगर निवासी छोटू चतुर्वेदी (40) पुत्र मंजेश चतुर्वेदी मोटर साईकिल पर सवार होकर कहीं जा रहा था। बताया जाता है षिकोहाबाद थाना क्षेत्र के आरौंज कट के समीप किसी अज्ञात वाहन ने मोटर साईकिल में टक्कर मार दी। हादसे में छोटू की मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिये जिला अस्पताल लायी है। इधर छोटू की मौत की सूचना पाकर अस्पताल आये परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

पुरस्कृत होंगी अच्छी इकाईयॉ

बहराइच । वित्तीय वर्ष 2022-23 में ''उ.प्र. खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड'' द्वारा वित्त पोषित खादी ग्रामोद्योगी इकाईयों को अच्छे एवं उत्कृष्ट उत्पाद तथा बिक्री करने वाली इकाईयों के उत्साहवर्धन हेतु पुरस्कार प्रदान किया जायेगा। यह जानकारी देते हुए जिला ग्रामोद्योग अधिकारी, बहराइच संजय कुमार वर्मा ने बताया कि विगत 05 वर्षो से स्थापित एवं निरन्तर कार्यरत 04 अच्छी इकाईयों को जनपद स्तर पर पुरस्कृत किया जाना है। इच्छुक व्यक्ति 25 मई 2022 तक अपने आवेदन-पत्र जिला ग्रामोद्योग कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से अथवा डाक द्वारा प्रस्तुत कर सकते हैं।

मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के लिए आवेदन आमंत्रित

बहराइच । जिला समाज कल्याण अधिकारी नलिन राज ने बताया कि जनपद के आर्थिक रूप से पिछड़े, उत्साही तथा मेधावी छात्र-छात्राओं के लिए सिविल सेवा परीक्षा, एन.डी.ए., सी.डी.एस., आई.आई.टी., जे.ई.ई., नीट तथा अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए ''मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना'' संचालित की जा रही है। इच्छुक छात्र-छात्राएं ''मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना'' के तहत आगामी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिये निःशुल्क कोचिंग प्राप्त करने हेतु अभ्युदय पोर्टल अभ्युदय डाट यूपी डाट जीओवी डाट इन पर जाकर 15 मई 2022 तक आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। योजना के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी भी इसी पोर्टल पर उपलब्ध है। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना हेतु आवेदन करने की अन्तिम तिथि 15 मई 2022 निर्धारित है। श्री राज ने बताया कि विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए अलग-अलग प्रवेश परीक्षाएं आयोजित होंगी। आई.आई.टी./जे.ई.ई. के लिए प्रवेश परीक्षा की तिथि 18 मई 2022, नीट के लिए 19, एन.डी.ए./सी.डी.एस. के लिए 20, सिविल सेवा/राज्य सिविल सेवा के लिए 21 मई 2022 को प्रवेश परीक्षा आयोजित की जायेगी। प्रवेश परीक्षा निर्धारित तिथियों पर अपरान्ह 02:00 बजे से अपरान्ह 03:30 बजे तक सम्पन्न होगी। उन्होंने बताया कि योजना के पोर्टल पर प्रवेश परीक्षा का परिणाम 25 मई 2022 को घोषित किया जायेगा। जबकि कोचिंग संचालन की अनुमानित तिथि 10 जून निर्धारित है।

पिछड़ी जाति छात्रवृत्ति के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित

बहराइच । जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी राजन कुमार ने बताया कि प्रदेश सरकार से मान्यता प्राप्त जनपद के हाईस्कूल, इण्टर कालेज, डिग्री कालेज, तकनीकी, व्यवसायिक व अन्य शैक्षिक संस्थानों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं हेतु वर्ष 2022-23 के लिए प्रदेश सरकार द्वारा संचालित पिछड़ी जाति पूर्वदशम (कक्षा 9-10) एवं दशमोत्तर (11-12 एवं अन्य दशमोत्तर कक्षाएं) छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत प्रथम चरण हेतु समय-सारणी निर्धारित कर दी गई है। उ.प्र. के मूल निवासी छात्र-छात्राएं बेवसाइट स्कालरशिप डाट यूपी डाट जीओवी डाट इन पर आवेदन कर सकते है।
उन्होंने बताया कि 31 मई 2022 तक पूर्व दशम छात्रवृत्ति के लिए प्रदेश में स्थित प्रदेश में स्थित मान्यता प्राप्त विद्यालय द्वारा मास्टर डाटाबेस अपडेट एवं नवीन संस्थानों को सम्मिलित किया जायेगा। जबकि 18 मई से 01 जुलाई 2022 तक इच्छुक छात्र/छात्राओं द्वारा ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। श्री कुमार ने बताया कि 20 मई से 07 जुलाई तक विद्यालय द्वारा मूल अभिलेखों से मिलान करते हुये आवेदन जांचोपरान्त अपने स्तर से ऑनलाइन अग्रसारित करना होगा। इसी प्रकार दशमोत्तर छात्रवृत्ति के लिए 06 जून 2022 तक प्रदेश में स्थित प्रदेश में स्थित मान्यता प्राप्त विद्यालय द्वारा मास्टर डाटाबेस अपडेट एवं नवीन संस्थानों को सम्मिलित किया जायेगा। जबकि 07 जुलाई 2022 तक इच्छुक छात्र/छात्राओं द्वारा ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। श्री कुमार ने बताया कि 15 मई से 13 जुलाई 2022 तक विद्यालय द्वारा मूल अभिलेखों से मिलान करते हुये आवेदन जांचोपरान्त अपने स्तर से ऑनलाइन अग्रसारित किया जायेगा।

विद्यार्थी कौशल विकास पर ध्यान दें : कुलपति

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के केंद्रीय ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल की ओर से 6 विद्यार्थियों का चयन विभिन्न कंपनियों में किया गया है। गुरुवार को कुलपति प्रो.निर्मला एस. मौर्य की उपस्थिति में उन्हें जॉब ऑफर का पत्र दिया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो.निर्मला एस. मौर्य ने कहा कि विद्यार्थियों को अपनी स्किल्स पर ध्यान देना चाहिए। बीसीए और इंजीनियरिंग में प्रैक्टिकल पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है, इसी से बच्चे को प्लेसमेंट में मदद मिलती है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को इंटरव्यू फ़ेस करने का तरीका भी सिखाना शिक्षक की ही जिम्मेदारी है।

निराश्रितों, गरीबों, पात्र वृद्ध किसानों को प्रदेश सरकार रू. 12000 वार्षिक दे रही है पेंशन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । प्रदेश सरकार समाज के गरीबों, किसानों, असहायों, निराश्रितों के विकास के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं चलाकर उनकों हर तरह की सहायता कर रही है। उत्तर प्रदेश सरकार का समाज कल्याण विभाग बुजुर्गों व किसानों के लिए वृद्धावस्था/किसान पेंशन योजना चला रही है। इस योजनान्तर्गत 60 वर्ष से अधिक आयु के ऐसे स्त्री-पुरूष जिनकी वार्षिक आय ग्रामीण क्षेत्र में 46080 रू0 व शहरी क्षेत्र में 56460 रू0 तक के असहाय, वृद्ध गरीबी रेखा के नीचे जीवनयापन करने वाले लोग पेंशन पाने के पात्र हैं। इस आयु एवं आय सीमा के अन्तर्गत आने वाले वृद्ध किसान भी पात्र होते हैं। गरीबी रेखा के नीचे जीवनयापन करने वाले बुजुर्गों को प्रदेश सरकार पेंशन देकर उन्हें आत्मनिर्भर बना रही है। प्रदेश सरकार की वृद्धावस्था/किसान पेंशन योजनान्तर्गत लाभार्थियों का चयन ग्रामीण स्तर पर ग्राम पंचायत की खुली बैठक में होता है। ग्राम पंचायत द्वारा प्रस्ताव खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय के माध्यम से जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय को भेजा जाता है। इस योजनान्तर्गत लाभ पाने के लिए आवेदन ऑनलाइन भी किया जाता है। ऑनलाइन आवेदन करते समय लाभार्थी का फोटो, जन्म/आयु प्रमाण पत्र, पहचान प्रमाण पत्र (वोटर आई0डी0/आधार कार्ड/राशन कार्ड) बैंक पासबुक की फोटोकापी, निवास व आय प्रमाण पत्र लगाना पड़ता है। प्रदेश सरकार अब सभी पेंशन के पात्रों के आवेदन ऑनलाइन भरने पर बल दे रही है। ऑनलाइन आवेदन करने से आवेदन पत्र सम्बंधित कार्यालय में समय से व निश्चितता के साथ पहुंचता है। इस प्रक्रिया से आवेदन पत्र प्राप्त होने की निश्चितता रहती है। पेंशन के प्राप्त प्रस्ताव को जांचोपरान्त मंजूर करते हुए समाज कल्याण विभाग द्वारा सम्बंधित लाभार्थी के बैंक खाते में 1000 रू0 प्रतिमाह की दर से पेंशन भेजी जाती है। उसी तरह शहरी क्षेत्रों में सम्बंधित उपजिलाधिकारी/सिटी मजिस्ट्रेट के माध्यम से आनॅलाइन प्राप्त आवेदन पत्रों का चयन करते हुए समाज कल्याण विभाग को पात्रों की सूची व आवेदन पत्र भेजे जाते हैं, जहां से उन्हें प्रतिमाह रू0 1000 की दर से सालाना 12000 रू0 पेंशन दी जा रही है। वृद्धावस्था/किसान पेंशन योजनान्तर्गत 60 वर्ष से 79 वर्ष तक की आयु के पेंशनरों को रू0 1000 प्रतिमाह की दर से दी जा रही पेंशन में रू0 800 राज्यांश एवं 200 रू0 केन्द्रांश होता है। इसी प्रकार 80 वर्ष या उससे अधिक आयु के वृद्धजनों को दी जा रही 1000 रू0 की पेंशन का रू0 500 राज्यांश व 500 रू0 केन्द्र सरकार द्वारा वहन किया जाता है। प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी का ध्येय है कि प्रदेश के सभी पात्रों को इस पेंशन योजना का लाभ मिले। यही कारण है कि जहां वर्ष 2017-18 में 3747321 लाभार्थी थे वही वर्ष 2021-22 में 56 लाख लाभार्थी हो गये हैं। वर्तमान सरकार के कार्यकाल में पात्र 18.53 लाख नवीन पेंशनरों को लाभान्वित किया जा रहा है। सभी पात्र लाभार्थियों को पेंशन देने के लिए सरकार ने वर्ष 2021-22 में 427752.59 लाख रूपये व्यय किया है। प्रदेश के मुख्यमंत्री जी ने कोरोना काल में सभी पेंशनार्थियों को एडवांस में पेंशन भिजवाया था, जिससे लाभार्थियों को किसी प्रकार की आर्थिक समस्या नहीं आई। सरकार की इस योजना से प्रदेश के निःसहाय, निराश्रित, सभी पात्र गरीबों का लाभान्वित किया जा रहा है। एक वर्ष में 12,000 रूपये पाकर पेंशनार्थियों को आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है और वे आत्मनिर्भर हुए हैं।

डीएम ने दवा खाकर किया फाइलेरिया व कृमि रोग उन्मूलन अभियान का आगाज़

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । फाइलेरिया उन्मूलन एवं कृमि रोग से मुक्ति कार्यक्रम अन्तर्गत मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन अभियान 2022-23 अन्तर्गत जनपद में 12 से 27 मई 2022 तक संचालित होने वाले सामूहिक दवा सेवन दिवस का शुभारम्भ कलेक्ट्रेट सभागार बहराइच में जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र द्वारा डीईसी की गोली तथा एल्वेन्डाजाल टैबलेट खाकर किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एस.के. सिंह, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. जयन्त कुमार, अर्बन नोडल डॉ. पी.के. वर्मा, डॉ. पीयूष नायक, मलेरिया निरीक्षक विमल, फाइलेरिया नियन्त्रण अधिकारी दीप माला, पाथ संसथा के डॉ उदित मोहन सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एस.के. सिंह ने बताया कि जिले में 34.46 लाख से अधिक की जनसंख्या को अभियान के दौरान दवा खिलाई जाएगी। इसके लिए 3244 टीम बनाई गई हैं जिनके कार्यों का पर्यवेक्षण 541 सुपरवाइजर करेंगे। राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम अन्तर्गत 02 वर्ष से ऊपर के सभी नागरिकों को स्वास्थ्य कार्यकर्ता घर-घर जाकर फाइलेरिया की दवा खिलायेंगे। गर्भवती महिलाओं एवं ज्यादा बीमार नागरिकों को यह दवा नहीं दी जायेगी।

डॉ. सिंह ने बताया कि अभियान अन्तर्गत दो तरह की दवाएं खिलाई जायेंगी। पहली एल्बेन्डाजाल की गोली सभी को खाना है, दूसरी डी.ई.सी. की गोली उम्र के अनुसार दी जायेगी। 02 से 05 वर्ष के बच्चों को एक गोली, 05 वर्ष से 15 वर्ष के बच्चों को दो गोली एवं 15 से ऊपर वाले सभी नागरिकों को तीन गोली खाना हैं। सभी दवाएं खाना खाने के बाद ही खाई जायेंगी।

अभियान के शुभारम्भ अवसर पर डीएम डॉ दिनेश चन्द्र ने कहा कि मा. मुख्यमंत्री जी की प्रेरणा से उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। डीएम ने जनपदवासियों से अपील की है कि सभी लोग चिकित्सकीय परामर्श के अनुसार अनिवार्य रूप से दवा खाकर जनपद फाइलेरिया (हाथी पांव) रोग से मुक्त करने में सहयोग प्रदान करें। डीएम ने कहा कि फाइलेरिया जैसी गम्भीर बीमारी जिसका कोई इलाज नहीं है, हमारी छोटी सी कोशिश हमें और हमारे परिवार को इस रोग सुरक्षा प्रदान कर सकती है।

डीएम डॉ. चन्द्र ने जिला विद्यालय निरीक्षक व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि सभी शिक्षण संस्थाओं में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को दवा की खुराक लेने में सहयोग प्रदान करें। उन्होनें ऑगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं आशा बहनों से अपेक्षा की कि घर-घर जाकर लोगों को अभियान के बारे में जानकारी प्रदान करें तथा सभी लोग दवा का सेवन कर सकें। डॉ. चन्द्र स्वास्थ्य विभाग तथा अभियान से जुड़े अन्य विभागों तथा स्वैच्छिक संगठनों को अभियान के सफल संचालन के लिए शुभ कामनाएं दी।

क्षयरोग से ग्रस्त बच्चों के लिए व्यापारिक संगठनो की ओर से दान की गयी धनराशि

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र की पहल पर जनपद के प्रतिष्ठित व्यापारिक संगठनों की ओर से भारतीय औद्योगिक संघ के चेयरमैन अशोक मातनहेलिया, जिला प्रोद्यौगिकी व्यापार मण्डल के अध्यक्ष गौरी शंकर भानीरामका व उद्योग व्यापार मण्डल के नगर अध्यक्ष कुलभूषण अरोड़ा द्वारा क्षयरोग से ग्रसित बच्चों को मेडिकल किट का वितरण किये जाने हेतु रू. एक लाख पॉच हज़ार की धनराशि का चेक मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एस.के. सिंह को भेंट किया गया। नामचीन उद्यमियों एवं व्यापारियों की ओर क्षयरोग से ग्रसित बच्चों की मदद के लिए धनराशि दान करने हेतु सीएमओ ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. जयन्त कुमार मौजूद रहे।

आगराः गैस भरवाकर लौट रहे चालक के टैम्पो में लगी आग

आगरा। आगरा के खंदारी में आज सीएनजी स्टेशन से गैस भरवाकर लौट रहे चालक के टैम्पो में आग लग गयी। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग का गोला बन चुके टैम्पो की आग को बुझाया। टैम्पो में कोई सवारी न होने की वजह से किसी को हानि नहीं पहुंची है। घटना आज सुबह आगरा के खंदारी फ्लाईओवर के पास की है। नगला बूढ़ी, थाना न्यू आगरा निवासी टैम्पो चालक टीपी नगर स्थित सीएनजी गैस स्टेशन से टैम्पो में गैस भरवाकर लौट रहा था। इसी दौरान जब टैम्पो खंदारी फ्लाईओवर के पास पहुंचा तब अचानक से टैम्पो से चिंगारी उठने लगी। चिंगारी को देखते ही टैम्पो चालक ने टैम्पो को रोक दिया और आग बुझाने के लिए मदद मांगने लगा। लोगों द्वारा मिली सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग का गोला बन चुके टैम्पो की आग को कुछ ही देर में बुझा दिया। घटना के दौरान टैम्पो खाली होने के चलते और सुबह के समय रोड खाली होने की वजह से किसी की जान को कोई नुक्सान नहीं हुआ।

तालाब और सरकारी जमीन पर दबंगों ने किया कब्जा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। गोसाईगंज थाना क्षेत्र के राजापुर गांव में दबंगों ने तालाब और सरकारी जमीन पर कब्जा कर लिया। गांव के ही व्यक्ति ने शिकायत किया तो आरोप है कि दरोगा ने पहले तो गलत रिपोर्ट लगाकर अधिकारियों को गुमराह किया फिर शिकायतकर्ता को ही मारपीट कर उसका चालान कर दिया। इस मामले में पीड़ित ने सीएम आदि को शिकायती पत्र भेजकर न्याय की गुहार लगाई है। मामला गोसाईगंज थाना क्षेत्र के राजापुर गांव का है। गांव निवासी इस्लामुद्दीन उर्फ डब्लू पुत्र मोहम्मद सईद ने मुख्यमंत्री को भेजे शिकायती पत्र में लिखा है कि गाटा संख्या 282, 283 घूर-गढ़ढा व गाटा संख्या 333 तालाब राजस्व अभिलेख में दर्ज है। राधे मौर्या पुत्र लखन व उसके भाई पैसे वाले व सरहंग किस्म के व्यक्ति हैं। ये लोग सरहंगई के बल पर घूर-गढ़ढा व तालाब पर अतिक्रमण कर लिए हैं। जिसकी सूचना डीएम से 24 अप्रैल व एसडीएम जयसिंहपुर से 17 मार्च को किया था। एसपी को आईजीआरएस पर 19 अप्रैल को शिकायत किया था। जांच दरोगा अशोक कुमार गौड़ को मिली। आरोप है कि दरोगा ने विपक्षी से मिलकर उसके पक्ष में आख्या गलत रूप से प्रेषित कर दी। यही नहीं थाने के सिपाही जितिन, मनीष यादव व दरोगा सीताराम यादव द्वारा राधे मौर्या से रिश्वत लेकर प्रार्थी को मारा-पीटा गया व थाने पर लाकर 151 में चालान कर दिया। यह प्राथना पत्र घूर-गढ़ढा व तालाब को खाली कराने के लिए दिया गया हैं। दरोगा द्वारा कोलिया की आख्या दी जा रही है इस आख्या व प्रार्थना पत्र को देखने से स्पष्ट है कि दरोगा द्वारा पक्षपात व दिशा से बेदिशा कर देने का प्रयास किया जा रहा है। विदित रहे कि अब प्राथना पत्र को वापस लेने के लिए शिकायतकर्ता पर दबाव हल्का लेखपाल व दरोगा सिपाही व दरोगा द्वारा बनाया जा रहा है। हल्का लेखपाल द्वारा गोसाईगंज स्थित हनुमान चाय की दुकान पर यह कहा गया कि आप चाहे मुख्यमंत्री, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक के पास जाओ सभी प्रार्थना पत्र मेरे ही पास निस्तारण को आएगा। जिसका निस्तारण मुझे ही करना है।

छात्रा के साथ छेड़खानी करने वाला आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। मामला कोतवाली नगर क्षेत्र के अमहट स्थित कांशीराम कालोनी का है, जहां की 7वीं कक्षा में पढ़ने वाली छात्रा को अमहट स्थित ढाबे पर काम करने वाला फैसल पुत्र अमीन राइन निवासी प्रतापगढ़ आये दिन परेशान करने के साथ ही छेडछाड करता था, जिसको लेकर छात्रा काफी परेशान रहती थी, हद तो तब हो गई जब फैसल छात्रा के विद्यालय पहुंच गया, जिससे बच्ची इस हद तक डर गई कि उसने स्कूल जाना बंद कर दिया। मामले की जानकारी जब छात्रा के पिता को हुई तो उन्होनें अमहट चैकी पहुंचकर चैकी इंचार्ज नसीरूद्दीन को तहरीर दिया। तहरीर मिलते ही चैकी इंचार्ज ने आरोपी फैसल को गिरफ्तार करते हुए कोतवाली नगर पहुंचा दिया। कोतवाली नगर में छात्रा के साथ छेड़खानी का आरोपी फैसल पर गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेजा गया। सूत्रों की माने तो छेड़खानी का आरोपी फैसल को छुडानें के लिए कई लोगों ने जुगाड़ लगाने का प्रयास किया, परंतु चैकी इंचार्ज नसीरूद्दीन की सक्रियता के चलते किसी की दाल नही गली, जिसके चलते पुलिस की छवि बिगाड़ने को लेकर सोशल प्लेटफार्म का सहारा लेकर चैकी इंचार्ज से लेकर सिपाही, दीवान सभी पर तमाम प्रकार के आरोप लगाने का काम किया जा रहा है। बहरहाल आरोपी फैसल पर कोतवाली नगर में छात्रा के साथ छेड़खानी से लेकर पास्को एक्ट तक की कार्यवाही करते हुए चालान कर जेल भेजने का पुलिस ने काम किया।

बीसलपुर पुलिस द्वारा कार्रवाई न करने को लेकर पीड़ित ने आईजी, डीआईजी को दिया प्रार्थना पत्र

बीसलपुर। कोतवाली क्षेत्र के गांव रसियाखानपुर में पुलिस द्वारा गौ हत्यारों पर कार्यवाही ना करने को लेकर पीड़ित ने पुलिस महा निरीक्षक परीक्षेत्र बरेली एवं अपर पुलिस महानिदेशक बरेली जोन बरेली को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। जिसमें गांव रसियाखानपुर के ही दिए गए शिकायती पत्र में चार लोगों को नामजद किया है। उन लोगों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है अपर पुलिस महानिदेशक बरेली जोन बरेली एवं पुलिस महा निरीक्षक बरेली परिक्षेत्र बरेली द्वारा बताया गया इस प्रकरण में सीओ बीसलपुर प्रशांत कुमार द्वारा जांच करवाई जा रही है और दोषी उनके ऊपर कार्रवाई होगी पीड़ित द्वारा बताया गया इसके बाद अगर मेरे लिए अब न्याय नहीं मिलता है तो कुछ भाजपा के संगठन के नेता एवं कार्यकर्ताओं का सहयोग लेकर यूपी मुख्यमंत्री के पास पहुंचकर इस मामले का पूरा खुलासा करवाऊंगा और दोषियों के ऊपर कारवाई करवाऊंगा

अंकुरण परिवार द्वारा दो और निःशुल्क प्याऊ का शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। अंकुरण फाउंडेशन द्वारा गर्मियों में राहगीरों की प्यास बुझाने हेतु शहर में निरंतर जगह जगह निःशुल्क प्याऊ लगाया जा रहा। इसी क्रम में अंकुरण द्वारा आज राहुल चैराहे के पास गोमती मेडिकल स्टोर एवं पंचरास्ते चैराहे पर श्री इलेक्ट्रिकल्स पर दो निःशुल्क प्याऊ का सचांलन शुरू किया गया। गोमती मेडिकल स्टोर पर प्याऊ का उद्घाटन डॉ पी सहगल और सारथी कसौंधन, अशोक कसौंधन द्वारा एवं श्री इलेक्ट्रिकल पर ललित किशोरी एवं संचिता श्रीवास्तव द्वारा फीता काट कर किया गया। इस मौके पर डॉ आशुतोष श्रीवास्तव, आरिफ खान, जितेंद्र श्रीवास्तव, अतुल कसौधन, संजीत कसौधन, संजय श्रीवास्तव, मनीष श्रीवास्तव, दीपक जायसवाल, अभिषेक सिंह, सच्चिदानंद सोनू, मनीष मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

100 दिनों के एजेंडे के अनुसार प्राप्त करें लक्ष्य

बदायूँ। उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति वित्त विकास निगम लिमिटेड लखनऊ के अध्यक्ष डॉ. लालजी प्रसाद निर्मल ने लोक निमार्ण विभाग के अथिति गृह में मुख्य विकास अधिकारी ऋषिराज, जिला समाज कल्याण अधिकारी रामजनम के साथ पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्वरोजगार योजना, शहरी दुकान निर्माण योजना ,लॉन्ड्री योजना एवं प्रधान मंत्री आदर्श ग्राम योजना की समीक्षा बैठक की। उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति आयोग के उपाध्यक्ष मिथिलेश कुमार ने जनपद भ्रमण के दौरान अनुसूचित जाति के पीड़ित व्यक्तियों से मुलाकात की तथा उनकी शिकायत के संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु निर्देश दिए। उपाध्यक्ष ने समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित अनुसूचित जाति एवं जनजाति से संबंधित योजनाओं की समीक्षा भी की।

पिछड़े क्षेत्रों के बच्चों को शिक्षा के महत्व को बताएंगे: श्यामलाल निषाद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। विकास खण्ड दूबेपुर के ग्राम सभा ढखवा में मोस्ट कल्याण संस्थान के तत्वाधान में हरिश्चंद्र निषाद के नेतृत्व में व प्रधान शम्भू निषाद के संरक्षण में शिक्षा जागरूकता कार्यक्रम किया गया। उक्त अवसर पर एम.जी.एस. इंटर कॉलेज सुलतानपुर के शिक्षक श्यामलाल निषाद ल्लगुरुजील्ल ने कहा कि आज भी शिक्षा के महत्व से अनभिज्ञ होने के कारण पिछड़े वर्ग के बच्चे पठन-पाठन में रुचि नहीं लेते और स्कूल-कॉलेज से पढ़ाई बीच में छोड़ देते हैं, पिछड़े वर्ग के बच्चों में शिक्षा का महत्व से अवगत कराने व ज्यादा से ज्यादा बच्चे स्कूल-कॉलेज जायें और बीच में किसी कारण से पढ़ाई छोड़ते हैं तो उसका समाधान करने के उद्देश्य से हम लोग गाँव-गाँव शिक्षा जागरूकता का कार्यक्रम कर रहे हैं। प्रधान योगेश निषाद ने कहा कि देश मे दोहरी शिक्षा का सर्वाधिक दुष्परिणाम अति पिछड़ों पर पड़ रहा है,देश में सबके लिए एक समान शिक्षा होनी चाहिए। मोस्ट जिला संयोजक जीशान अहमद ने कहा कि मोस्ट कल्याण संस्थान मोस्ट पिछड़ों के बच्चों के पठन-पाठन को गति प्रदान करने के लिए हर सम्भव सहयोग प्रदान करेगा। इस अवसर पर प्रधान शम्भू निषाद, अरविंद निषाद, कोटेदार सनी निषाद, नारद निषाद, शिवसहाय निषाद, ज्ञान प्रकाश, झगरू निषाद, अनिल निषाद (भोंएँ), अंकित निषाद, अमित निषाद, अंकुर निषाद, सुमित निषाद, मुस्कान, अंशिका, पूनम, चांदनी, रोशनी, काजल, मोहित, कुसुम, शीला, बनकेश, इंद्रजीत, धीरज, रुची, सत्यम, जानकी, अमित, अनुराग, गोपी सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

एसपी एवं कमांडेंट द्वारा संयुक्त रूप से भारत-नेपाल बॉर्डर का निरीक्षण

पूरनपुर।नेपाल राष्ट्र में दिनांक 13.05.22 को होने वाले स्थानीय चुनाव के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक पीलीभीत दिनेश कुमार एवं कमांडेंट 49 बटालियन एसएसबी पीलीभीत ने संयुक्त रूप से जनपद पीलीभीत की सीमा से सटे भारत-नेपाल अंतराष्ट्रीय बॉर्डर के पिलर नं0.-34,35,36,37,38 व 42 कम्बोजनगर, गुरदयाल,राघवपुरी व बजारघाट पर पुलिस व सशस्त्र सीमा बल के साथ पैदल-गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। साथ ही पिलरों पर बने चेक पोस्टों का निरीक्षण किया गया व सुरक्षा सम्बन्धी दिशा-निर्देश दिए गए है

नारी सुरक्षा को लेकर पीलीभीत पुलिस ने चलाया अभियान बताएं महिला सुरक्षा संबंधी विभिन्न हेल्पलाइन नंबर

पीलीभीत। पुलिस ने समस्त थानों की मिशन शक्ति एंटी रोमियो टीमों द्वारा महिलाओं और बालिकाओं को नारी सुरक्षा,नारी स्वावलंबन एवं नारी सम्मान की दिशा में चलाए जा रहे महिला सुरक्षा संबंधी विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में किया गया जागरूक जनपद पीलीभीत के समस्त थानों की एंटी रोमियो टीमों द्वारा उत्तर प्रदेश शासन द्वारा नारी सुरक्षा/नारी सम्मान/नारी स्वावलंबन/महिला कल्याण के प्रति चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं के मध्य सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से जनपद में महिला संबंधी अपराधों की रोकथाम हेतु समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीम द्वारा महिलाओं/बालिकाओं/छात्राओं को नारी सुरक्षा,नारी स्वावलंबन एवं नारी सम्मान की दिशा में चलाई जा रही पुलिस की महिला सुरक्षा संबंधी विभिन्न महिला हेल्प लाइन 1090, यूपी-112, हेल्पलाइन 1076 एवं साइबर हेल्पलाइन नम्बर-1930 आदि के बारे में जागरूक किया तथा उपस्थित सभी महिलाओं/बालिकाओं और छात्राओं को किसी भी विषम परिस्थिति में तत्काल उक्त दिए गए हेल्पलाइन नंबरों पर कॉल कर पुलिस को सूचित करने हेतु बताया गया सभी बालिकाओं और महिलाओं को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने और शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया।

डीएम के समक्ष उठा अभिलेखागार में भ्रष्टाचार का मुद्दा

सुलतानपुर। जिलाधिकारी कार्यालय स्थित राजस्व अभिलेखागार में आरआरके पवन सिंह पर भ्रष्टाचार में संलिप्त होने के आरोप लगते रहे हैं फिर भी उन पर प्रशासन की दरियादिली बरकरार है। जिसके चलते हर तरह के जायज नाजायज कार्य करते हुए पवन सिंह द्वारा दोनों हाथों से धनउगाही की जा रही है। शिकायतें मिलने पर मात्र महीने भर के लिए पद से हटाने के बाद पुनः उसी पद पर पवन सिंह को तैनात कर भ्रष्टाचार की खुली छूट दे दी गयी है। जिसके खिलाफ चमार महासभा ने मोर्चा खोलते हुए पवन सिंह को अभिलेखागार से हटाने की जिलाधिकारी से मांग कर डाली। जिस पर जिलाधिकारी ने मुख्य राजस्व अधिकारी को प्रकरण चेक करने का निर्देश दिया है। बताते चलें कि इन दिनों राजस्व अभिलेखागार में आरआरके के भ्रष्ट कारनामों की चर्चाएं प्रमुखता से छायी हुई हैं। चमार महासभा के अध्यक्ष विजय राणा चमार ने यूनुस अली सिद्दीकी पुत्र अकबर अली सिद्दीकी एवम शहजाद अली पुत्र महमूद अली हसनपुर से मिली सशपथपत्र शिकायतों के साथ जिलाधिकारी रबीश गुप्ता से गुरुवार को मिलकर अभिलेखागार में बड़े पैमाने पर व्याप्त भ्रष्टाचार के बारे में जानकारी देते हुए आर आर के पवन सिंह को हटाकर जांच कराने की मांग की। जिसको गम्भीरता से लेते हुए डीएम ने सीआरओ को मामला चेक करने का निर्देश दिया है।

गोवंशों के भरण पोषण में कोई कमी न हो: सीडीओ

बदायूँ। मुख्य विकास अधिकारी ऋषिराज ने विकास भवन सभागार में जनपद के गोवंश आश्रय स्थल संचालकों एवं मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की। मुख्य विकास अधिकारी ने गोवंश आश्रय स्थल संचालकों को निर्देश दिए कि वह वर्ष पर्यंत तक का संरक्षित गोवंश के सापेक्ष भूसा का भंडारण कराना सुनिश्चित करें। गत वर्ष जाड़े के दिनों में भूसे की कमी होने जैसी समस्या का सामना आगे न करना पड़े। साथ ही गोवंश आश्रय स्थल के संचालन में किसी प्रकार का अतिरिक्त वित्तीय भार न पड़े। उन्होने निर्देश दिए कि सभी ग्राम सभा प्रधान अपने-अपने ग्राम में नवीन पुरानी परती, बंजर, चरागाह खलिहान आदि भूमि को चिन्हित कर गोवंश के भरण पोषण हेतु हरा चारा बोने की कार्यवाही करें। मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिए कि यदि कहीं पर कब्जा नहीं हटा है तो गाटा संख्या व रखवा सहित खंड विकास अधिकारी के द्वारा सीडीओ कार्यालय में 3 दिन में सूचना भेजना सुनिश्चित करें। जिससे कार्यवाही करते हुए समय से चारा बोया जा सके। उन्होने समस्त गौशाला संचालकों से अपील भी की कि अपनी-अपनी ग्राम सभा में 10 से 15 व्यक्तियों को चिन्हित कर भूसा दान हेतु प्रोत्साहित प्रेरित कर थोड़ा-थोड़ा भूसा दान में प्राप्त करते हुए गौशाला पर भेजने की कार्यवाही कराएं जिससे गोवंश के भरण पोषण हेतु किसी प्रकार की कोई कमी न रहे। सीडीओ द्वारा यह भी निर्देशित किया गया कि वह संरक्षित गोवंश के सापेक्ष शेड ताजा पानी की व्यवस्था कराएं मृत गोवंश का निस्तारण 6 फीट गहरे गड्ढे में दबाकर कराएं।

छात्र/छात्रायें निर्धारित समय पर ऑनलाइन करें आवेदन

बदायूँ। जिला समाज कल्याण अधिकारी राम जनम ने अवगत कराया है कि (दशमोत्तर कक्षाओं हेतु) द्वारा वित्तीय वर्ष/शैक्षिक सत्र 2022-23 में पूर्व दशम छात्रवृत्ति कक्षा(9-10) तथा दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति (कक्षा 11-12 एवं अन्य दशमोत्तर कक्षाओं सहित) से सम्बन्धित पाठयक्रमों का मास्टर डाटाबेस तैयार करने, सत्यापन, लॉक करने एवं छात्रों को छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति के ऑनलाइन आवेदन तथा वितरण हेतु समय सारणी जारी की गयी है। पूर्व दशम विद्यालयों को मास्टर डाटाबेस में सम्मिलित होने हेतु दिनांक 10 मई से 31 मई,2022 तथा दशमोत्तर विद्यालयों को मास्टर डाटाबेस में सम्मिलित होने हेतु दिनांक 05 मई से 06 जून,2022 निर्धारित की गयी है। जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा पूर्व दशम विद्यालयों की मान्यता डिजिटल हस्ताक्षर से प्रमाणित करने हेतु दिनांक 01 जून,2022 से 30 जून,2022 तथा दशमोत्तर विद्यालयों हेतु सम्बन्धित विश्वविद्यालय एवं एफिलियेटिंग एजेन्सी के नोडल अधिकारी तथा कक्षा 11-12 हेतु जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा विद्यालयों की मान्यता आदि प्रमाणित करने की तिथि 05 मई,2022 से 06 जून,2022 निर्धारित की गयी है। पूर्व दशम कक्षा(9-10) में छात्र/छात्राओं हेतु ऑनलाइन आवेदन की तिथि 18 मई से 01 जुलाई,2022 तथा कक्षा 11-12 एवं अन्य दशमोत्तर कक्षाओं हेतु ऑनलाइन आवेदन की तिथि 10 मई से 07 जुलाई,2022 निर्धारित की गयी है। अतः जनपद की नवीन पात्र संस्थाओं को सूचित किया जाता है कि वह निर्धारित समयान्तर्गत अपने विद्यालय का ऑनलाइन पंजीकरण विभागीय बेवसाइट डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट स्कालरशिप डॉट यूपी डॉट जीओवी डॉट इन पर कराकर पासवर्ड जिला समाज कल्याण अधिकारी,कार्यालय,बदायूँ से प्राप्त कर लें तथा समस्त पात्र छात्र/छात्रायें उपरोक्तानुसार निर्धारित तिथि के अनुसार ऑनलाइन आवेदन करना सुनिश्चित करें।

पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर डिवाइडर से टकराई कार, तीन घायल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर हादसे रुकने का नाम नहीं ले रहे। गुरुवार सुबह किमी 175 पर एक कार डिवाइडर से टकरा गई। जिसमें चालक समेत तीन लोग घायल हुए हैं। सभी को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया है। मिली जानकारी के अनुसार घटना पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर किमी 175 पर अखंड नगर थाना क्षेत्र में हुई है। एक कार यूपी 54 8192 जो मऊ से लखनऊ जा रही थी। जिसमें चालक सहित 3 लोग सवार थे। एकाएक चालक को नींद आने के कारण मिलन डिवाइडर से टकराकर गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई है। तथा तीनों लोगों को चोट आई है। चालक का नाम रंजीत पुत्र राम आशीष विश्वकर्मा निवासी दक्षिण टोला जनपद मऊ, घायलों के नाम रोशन पुत्र जुगनू विश्वकर्मा निवासी मऊ और संजय चैहान बरलाई बाजार जनपद मऊ के रूप में पहचान हुई है। सभी घायलों को इलाज के लिए एंबुलेंस से अखंड नगर सीएससी भेजा गया है। मौके पर जूपिटर पेट्रोलिंग कार, एसओसी केके बाजपेई भी पहुंचे। सेफ्टी टीम द्वारा सेफ्टी कॉन लगाए गए और गाड़ी को हटवाने के लिए हाइड्रा को सूचना दी गई।

छात्र/छात्रायें निर्धारित समय पर ऑनलाइन करें आवेदन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। जिला समाज कल्याण अधिकारी राम जनम ने अवगत कराया है कि (दशमोत्तर कक्षाओं हेतु) द्वारा वित्तीय वर्ष/शैक्षिक सत्र 2022-23 में पूर्व दशम छात्रवृत्ति कक्षा(9-10) तथा दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति (कक्षा 11-12 एवं अन्य दशमोत्तर कक्षाओं सहित) से सम्बन्धित पाठयक्रमों का मास्टर डाटाबेस तैयार करने, सत्यापन, लॉक करने एवं छात्रों को छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति के ऑनलाइन आवेदन तथा वितरण हेतु समय सारणी जारी की गयी है। पूर्व दशम विद्यालयों को मास्टर डाटाबेस में सम्मिलित होने हेतु दिनांक 10 मई से 31 मई,2022 तथा दशमोत्तर विद्यालयों को मास्टर डाटाबेस में सम्मिलित होने हेतु दिनांक 05 मई से 06 जून,2022 निर्धारित की गयी है। जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा पूर्व दशम विद्यालयों की मान्यता डिजिटल हस्ताक्षर से प्रमाणित करने हेतु दिनांक 01 जून,2022 से 30 जून,2022 तथा दशमोत्तर विद्यालयों हेतु सम्बन्धित विश्वविद्यालय एवं एफिलियेटिंग एजेन्सी के नोडल अधिकारी तथा कक्षा 11-12 हेतु जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा विद्यालयों की मान्यता आदि प्रमाणित करने की तिथि 05 मई,2022 से 06 जून,2022 निर्धारित की गयी है। पूर्व दशम कक्षा(9-10) में छात्र/छात्राओं हेतु ऑनलाइन आवेदन की तिथि 18 मई से 01 जुलाई,2022 तथा कक्षा 11-12 एवं अन्य दशमोत्तर कक्षाओं हेतु ऑनलाइन आवेदन की तिथि 10 मई से 07 जुलाई,2022 निर्धारित की गयी है। अतः जनपद की नवीन पात्र संस्थाओं को सूचित किया जाता है कि वह निर्धारित समयान्तर्गत अपने विद्यालय का ऑनलाइन पंजीकरण विभागीय बेवसाइट डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट स्कालरशिप डॉट यूपी डॉट जीओवी डॉट इन पर कराकर पासवर्ड जिला समाज कल्याण अधिकारी, कार्यालय,बदायूँ से प्राप्त कर लें तथा समस्त पात्र छात्र/छात्रायें उपरोक्तानुसार निर्धारित तिथि के अनुसार ऑनलाइन आवेदन करना सुनिश्चित करें।

डीएम ने हरी झण्डी दिखाकर किया भूसा रवाना

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। जिलाधिकारी दीपा रंजन ने मुख्य विकास अधिकारी ऋषिराज सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ विकास खण्ड जगत अन्तर्गत ग्राम लखनपुर में ग्राम वासियों द्वारा दान में दिए एक ट्रैक्टर ट्रॉली भूसे को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। कहनी सिंह, राकेश सिंह, कल्याण सिंह, अमन सिंह द्वारा दो-दो कुन्तल, ग्राम प्रधान मझिया सोहनपुर द्वारा तीन कुन्तल, नरेंद्र सिंह द्वारा चार कुन्तल भूसा दान में दिया गया। डीएम द्वारा हरी झंडी दिखाकर गोवंश आश्रय स्थल मझिया सुभानपुर को रवाना किया गया। ग्राम खरखोली के प्रमोद, जलालुद्दीन, नन्हे, छुट्टन द्वारा सात गटरी भूसा दान में दिया गया, जिसको गोवंश आश्रय स्थल उनौला भेज दिया गया। ज्ञात रहे कि जिलाधिकारी द्वारा दिनांक 10 मई 2022 से 31 मई 2022 तक भूसा महादान अभियान चलाया जा रहा है।

बेटियाँ समृद्ध होंगी तभी होगा देश खुशहाल: पी के सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अंबेडकर नगर। जलालपुर उपडाकघर में सुकन्या सप्ताह के तारतम्य में मेगा मेला सैकड़ों शाखा पोस्टमास्टर के साथ आयोजित किया गया और बेटियों को सुकन्या समृद्धि पासबुक भी वितरित किया गया। जलालपुर के मेगा मेला में शिरकत करते हुए अयोध्या मण्डल के प्रवर अधीक्षक डाकघर पी के सिंह ने सुकन्या समृद्धि योजना के बारे में कहा कि भ्रूण हत्या जैसे जघन्य अपराध को रोकने एवं बेटियों को आर्थिक आजादी देने एवं उनके भविष्य को सँवारने के लिए हम सभी का दायित्व है कि आस पास के बच्चियों के अविभावकों को डाकघर में सुकन्या समृद्धि खाता खोलने के लिए प्रेरित करें । इस योजना में छोटी छोटी रकम जमा करने से बेटियों के पढ़ाई, व विवाह के समय लाभ होगा । इस दौरान श्री सिंह ने निर्देश दिया कि सुकन्या समृद्धि सप्ताह को गति देने के लिए सभी शाखा पोस्टमास्टर न्यूनतम एक एक गांव को सम्पूर्ण सुकन्या ग्राम बनाने के लिए गोद लें । जिससे उस गांव की सभी पात्र बेटियों के भविष्य को सँवारते हुए सम्पूर्ण सुकन्या गांव घोषित किया जा सके । इस दौरान डाक निरीक्षक सुधीर सिंह ने बताया कि यह सुकन्या समृद्धि खाता रुपया 250 से जन्म से 10 वर्ष तक आयु की बच्चियों का खोला जाता है और अविभावक को 14 वित्तीय वर्ष ही पैसा जमा करना होता उसके पश्चात 21 वर्ष पूर्ण होने पर सरकार ब्याज के साथ भुगतान किया जाता है पढ़ाई या अन्य जरूरत पड़ने पर 18 वर्ष बाद आधा पैसा निकाला जा सकता है।इस दौरान सत्येन्द्र प्रताप सिंह, अमर कुमार , उमेश पाण्डेय, शैलेन्द्र वर्मा सहित सैकड़ों ग्रामीण डाक सेवक मौजूद रहे ।

रामकृष्णा डेंटल एंड ओरल हेल्थ केयर सेंटर द्वारा दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन

अंबेडकर नगर। डेंटल सर्जन एसोसिएशन ऑफ इंडिया एवं रामकृष्णा डेंटल एंड ओरल हेल्थ केयर सेंटर द्वारा ''गंगा चिल्ड्रेन एकेडमी, भीटी'' में आज 12 मई को दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया । एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष एवं दंत चिकित्सक डॉ मनीष पाण्डेय द्वारा लगभग 900 बच्चो के दांतों की जांच की गयी । डॉ मनीष पाण्डेय ने बताया कि दाँतो एवं मुँह का ठीक से रखरखाव ना रखने के कारण बच्चों के दाँत पीले हो जाते है और अगर उन्हें इसी तरह छोड़ दिया जाए तो दांतो में सड़न पैदा हो जाती है । डॉ मनीष पाण्डेय ने बच्चों के दांतों की जांच कर के सही तरीके से ब्रश करने का तरीका बताया एवं उन्हें कोल्डड्रिंक, चॉकलेट एवं मिठाइयों कम खाने की सलाह दी । स्कूल की प्रधानाचार्या अलका मिश्रा ने बच्चों के अभिवावकों से उनके स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने के लिए अपील की और कहा कि समय समय पर इसी तरह शिविर लगते रहेगे । शिविर को सफल रूप से संचालित करने में स्कूल कीप्रधानाचार्या अलका मिश्रा का विशेष योगदान रहा । शिविर में मुख्य रूप से अमन पाण्डेय एवं स्कूल के सभी स्टाफ मौजूद रहे ।

सम्पादकीय

स्वास्थ्य सेवाएं

आबादी का बड़ा हिस्सा गांवों में रहता है। ऐसे लोगों के सामने स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर दो तरह की चुनौतियां हैं- पहली गुणवत्ता की और दूसरी, इलाज खर्च वहन करने के सामर्थ्य की। केंद्र की हालिया ग्रामीण स्वास्थ्य रिपोर्ट बताती है कि ग्रामीण भारत में सर्जन, पीडिट्रिशियन, ऑब्स्टेट्रिशियन व गाइनोकोलॉजिस्ट और फिजिशियन जैसे स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की 68 प्रतिशत तक कमी है। ग्रामीण इलाकों के 5000 से अधिक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) में 22 हजार स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की दरकार है। इसके बनिस्पत स्वीकृत पद 13,637 ही हैं, जिसमें अभी भी 9268 पदों पर नियुक्ति नहीं है। मध्य प्रदेश में 945 स्वीकृत पदों में 902, बिहार में 836 में से 730, झारखंड में 498 में से 684 पद रिक्त हैं। हालांकि, दक्षिण भारतीय राज्यों में यह स्थिति थोड़ी बेहतर है। केरल ही मात्र ऐसा राज्य है, जहां कोई रिक्ति नहीं है। डॉक्टरों द्वारा कॉरपोरेट अस्पतालों का रुख कर लेने से यह स्थिति कई राज्यों में साल दर साल खराब होती गयी। साल 2005 में स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की 46 प्रतिशत कमी थी, जो वर्तमान में 68 प्रतिशत हो चुकी है। ग्रामीण स्वास्थ्य देखभाल को लेकर सरकारी उदासीनता भी चिंताजनक है, वहीं विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) और यूनिसेफ जैसी संस्थाओं द्वारा भी इस दिशा में कोई सार्थक प्रयास नहीं दिखता। भारी-भरकम फीस देकर मेडिकल की पढ़ाई करनेवाले छात्र सरकारी सेवाओं की बजाय निजी क्षेत्र का रुख कर लेते हैं। ग्रामीण इलाकों में रेडियोग्राफर, नर्सिंग स्टाफ और लैब टेक्नीशियन जैसे सहयोगी मेडिकल स्टाफ की भी कमी बनी हुई है।बिहार के ग्रामीण इलाके में एक भी रेडियोग्राफर नहीं है। अमूमन, गांवों के मरीज अस्पताल तब पहुंचते हैं, जब बीमारी चरम दशा में होती है। बीमारियों का स्पष्ट लक्षण दिखने तक वे इसे नजरअंदाज करते रहते हैं, जिससे इलाज मुश्किल हो जाता है। दूसरा, ग्रामीण भारत में प्रति 10000 आबादी पर सरकारी अस्पतालों में बिस्तर मात्र 3।2 ही हैं, जो डब्ल्यूएचओ के अनुशंसित स्तर से काफी कम हैं। हालांकि, सार्वभौमिक, सस्ती और गुणवत्तायुक्त स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के मकसद से सरकार अनेक कार्यक्रम संचालित कर रही है। राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन और आयुष्मान भारत इस दिशा में सकारात्मक पहल है। फिर भी, आबादी का बड़ा हिस्सा स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच से बाहर बना हुआ है। इसमें निजी क्षेत्रों की अहम भूमिका हो सकती है। साथ ही, जागरूकता कार्यक्रमों, स्वास्थ्य कैंपों से लोगों को गंभीर बीमारियों के प्रति सचेत किया जा सकता है। टेलीमेडिसिन स्वास्थ्य सेवाओं में व्याप्त असमानता को भरने में महत्वपूर्ण है। टेलीकंसल्टेशन विधा दूरदराज इलाकों में भी बीमारियों के लक्षण पहचानने और उसके उपचार में सहायक साबित हो सकती है। यदि सार्वजनिक और निजी क्षेत्र संयुक्त रूप से सार्थक और समुचित प्रयास करें, तो ग्रामीण भारत को स्वास्थ्य देखभाल के मामलों में आत्मनिर्भर बनाया जा सकेगा।

श्रीलंका संकट में क्यों फंसा, भारत के लिए भी सबक

श्रीलंका में जो हो रहा है, भयावह है। केवल वहां के नागरिकों के लिए यह महा विपत्ति काल नहीं है, बल्कि हमारे लिए भी एक सबक है। किसी देश में जब घनघोर परिवारवाद हो, सत्ता में आने या बने रहने के लिए अर्थव्यवस्था के नियमों को ताक पर रखकर सिर्फ लोकलुभावन नीतियां बनें, जब राष्ट्रीय सुरक्षा को ताक पर रखकर सत्ता में बैठे लोग अपने हितों की चिंता करें और जो शासक दुश्मन और दोस्त में फर्क ना समझ पाए तो वह श्रीलंका हो जाता है। भारत के दक्षिणी छोर पर बसे द्वीप श्रीलंका के सामने ईंधन, भोजन, दवा, घर की अन्य सभी आवश्यक वस्तुओं का संकट है। पेट्रोल-डीजल मिल नहीं रहे। पेट्रोल पंपों पर सेना तैनात कर दी गई है। 13 घंटे की लंबी बिजली कटौती हो रही है, सार्वजनिक परिवहन समय से चल नहीं रहे हैं। त्यागपत्र दे चुके, प्रधानमंत्री अपनी जान बचाने के लिए श्रीलंका नेवी के बंकर में छुपे हुए हैं। पूरे श्रीलंका में व्यापक सामाजिक अशांति फैली हुई है। श्रीलंका की समस्या बहुत गहरी है और इसका हल फिलहाल नजर नहीं आ रहा है। आखिर श्रीलंका इस बुरी स्थिति में पहुंचा कैसे। यह संकट रातों रात वहीं नहीं उत्पन्न हुआ। पिछले तीन साल से श्रीलंका आर्थिक संकट की ओर लगातार बढ़ता आ रहा था, लेकिन समय पर स्थिति संभालने के बजाय मौजूदा शासकों ने इसे गटर में जाने दिया। पर्यटन उद्योग पर मुख्य रूप से आश्रित श्रीलंका को यह मालूम था कि कोविड 19 के बाद दुनिया बंद कर दी गई है, इसलिए जरूरी था कि वह अपनी आय के अन्य स्रोतों पर काम करे, लेकिन श्रीलंका ने काम के बजाय कर्ज का रास्ता, वह भी मुख्य रूप से चीन से कर्ज के रास्ते को चुना। श्रीलंका के आय के स्रोत खत्म हो रहे थे और कर्जों पर ब्याज एवं आयात के खर्च बढ़ रहे थे। देश का विदेशी मुद्रा भंडार खाली होता गया और जरूरी सामान के आयात के लिए भी विदेशी मुद्रा मिलना बंद होने लगा। श्रीलंका का विदेशी मुद्रा भंडार वर्ष 2019 के अंत में 7.9 अरब डॉलर था जो मार्च 2022 में घटकर 1.9 अरब डॉलर रह गया। केवल दो ढाई वर्षों में ही लगभग 70% विदेशी मुद्रा भंडार घट गया। जबकि श्रीलंका की देनदारी बहुत ज्यादा है। इसी साल यानी 2022 में ही श्रीलंका को विदेशी कर्ज के मद में 4 अरब डॉलर लौटाने हैं। एक अरब डॉलर उसे सोवरिन बांड के पुनर्भुगतान के रूप में लौटाना है। अंग्रेजी एजेंसी ब्लूमबर्ग के अनुसार इस साल श्रीलंका की कुल विदेशी मुद्रा में देनदारी 8.4 अरब डॉलर की है। जाहिर है श्रीलंका इसमें विफल रहेगा और आने वाले महीनों में स्थिति और खराब होने की आशंका रहेगी। समाज में और अराजकता फैल सकती है जब देश को आवश्यक वस्तुओं का और अधिक संकट का सामना करना पड़ेगा। विशेषज्ञ बताते हैं कि इसके लिए सीधे-सीधे राजपक्षे परिवार जिम्मेदार है। श्रीलंका में पिछला चुनाव नवंबर 2019 में हुआ था। उस चुनाव में राष्ट्रपति गोटाबाया राजपक्षे चुनाव जीत गए। जीतते ही उन्होंने पहले से खस्ताहाल में चल रहे श्रीलंका को आर्थिक संकट से निकालने के बजाय राजस्व हानि वाले फैसले लागू कर दिए। जनता को खुश करने के नाम पर उन्होंने पहले से लागू राष्ट्र-निर्माण कर को पूरी तरह समाप्त कर दिया। वैट दर को भी 15 प्रतिशत से घटाकर 8 प्रतिशत कर दिया। विदहोल्डिंग टैक्स, कैपिटल गेन टैक्स और बैंक डेबिट टैक्स को हटा दिया गया। 2021 में श्रीलंका का कर्ज जीडीपी के मुकाबले 101 प्रतिशत था और बजट घाटा 11.10 प्रतिशत का था। नतीजा कर्ज का बोझ हर रोज बढ़ता गया। अपने निर्यात को बढ़ावा देने के बजाय, अपने भंडार को भरने के लिए श्रीलंका सरकार ने विदेशी धन उधार लिया। नतीजा विदेशी कर्ज तो बढ़ता गया, स्थानीय उद्योग भी नजरंदाज होते चले गए। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के अनुसार श्रीलंका का विदेशी कर्ज 25 अरब डॉलर से भी अधिक है। किसी भी देश का आर्थिक स्तंभ वहां की खेती होती है। यदि कृषि क्षेत्र अपना प्रदर्शन सुधार लेता है, तो खाद्यान्न समस्या काफी हद तक काबू में रहती है। श्रीलंका में सबसे ज्यादा चाय की खेती होती है, लेकिन वर्तमान सरकार की एक नीति ने चाय की खेती को एकदम से बर्बादी की कगार पर पहुंचा दिया। अचानक अप्रैल 2021 में श्रीलंका की सरकार ने राष्ट्र की खाद्य सुरक्षा के साथ अनावश्यक प्रयोग करते हुए श्रीलंका को पूर्ण रूप से जैविक खेती करने वाला दुनिया का पहला देश घोषित कर दिया और रासायनिक उर्वरकों के आयात पर प्रतिबंध लगा दिया। यह एक विनाशकारी कदम साबित हुआ। खेती बुरी तरह प्रभावित हुई और देश में खाद्य मुद्रास्फीति काफी बढ़ गई। हालात इतने खराब हो गए कि राजपक्षे सरकार को आर्थिक आपातकाल लगाना पड़ा। बाद में प्रतिबंध वापस लिया गया और भारत एवं चीन से रासायनिक खादों की तत्काल खेप भेजी गई। तब तक श्रीलंका के चाय और रबर के निर्यात को काफी नुकसान पहुंच चुका था। राजपक्षे सरकार ने केवल घरेलू स्तर पर ही नहीं, विदेशी मामलों में भी काफी कमजोर नीतियों को लागू किया। खासकर चीन के साथ दोस्ती बढ़ाने में भारत के हितों के नजरंदाज किया गया। चीन ने श्रीलंका को कर्ज के जाल में फंसा लिया और 2015 में कर्ज ना चुकाने के एवज में श्रीलंका को हंबनटोटा बंदरगाह चीन को 99 वर्षों के लिए लीज पर देना पड़ा। हंबनटोटा बंदरगाह के साथ साथ राजपक्षे हवाई अड्डे के निर्माण के लिए चीन से 2 बिलियन डॉलर से अधिक का कर्ज लिया गया। अब वही राजपक्षे हवाई अड्डा खाली पड़ा है। दूसरी तरफ भारत लगातार श्रीलंका को मानवीय और पड़ोसी धर्म का पालन करते हुए सहायता पहुंचा रहा है। भारत ने एफडीआई के रूप में श्रीलंका को 2005 से 2019 तक लगभग 1.7 बिलियन डॉलर का निवेश किया। चीन और ब्रिटेन के बाद, भारत 2019 में भी श्रीलंका के लिए एफडीआई का सबसे बड़ा स्रोत रहा। कई बड़ी भारतीय कंपनियों ने श्रीलंका में निवेश किया है। भारत कोलंबो बंदरगाह को भी काफी कमाई करवाता है। वैश्विक व्यापार में कोलंबो भारत के लिए एक ट्रांस-शिपमेंट हब है। यहां से शिपमेंट कार्गो का साठ प्रतिशत बंदरगाह भारत द्वारा नियंत्रित किया जाता है। और अंत में श्रीलंका के वर्तमान हालात से यह सबक सीखा जा सकता है कि जब सत्ता पर परिवार वाद हावी हो जाता है तो क्या दुष्परिणाम मिलता है। चुनाव जीतने के बाद गोटाबाया राजपक्षे खुद राष्ट्रपति बने तो अपने भाई महिंदा राजपक्षे को प्रधानमंत्री बना दिया। तुलसी राजपक्षे वित्त मंत्री बना दिए गए तो महिंदा राजपक्षे के पुत्र नमल को उनके उत्तराधिकारी के रूप खेल मंत्री बना दिया गया। महिंदा राजपक्षे के सीए रहे अजित निवार्ड को श्रीलंका के सेंट्रल बैंक का गवर्नर बना दिया गया। जाहिर है कि भाई भतीजावाद के इस शासन का हश्र यही होना था। -विक्रम उपाध्याय

श्रीलंका के आय के स्रोत खत्म हो रहे थे और कर्जों पर ब्याज एवं आयात के खर्च बढ़ रहे थे। देश का विदेशी मुद्रा भंडार खाली होता गया और जरूरी सामान के आयात के लिए भी विदेशी मुद्रा मिलना बंद होने लगा। श्रीलंका का विदेशी मुद्रा भंडार वर्ष 2019 के अंत में 7.9 अरब डॉलर था जो मार्च 2022 में घटकर 1.9 अरब डॉलर रह गया। केवल दो ढाई वर्षों में ही लगभग 70% विदेशी मुद्रा भंडार घट गया। जबकि श्रीलंका की देनदारी बहुत ज्यादा है। इसी साल यानी 2022 में ही श्रीलंका को विदेशी कर्ज के मद में 4 अरब डॉलर लौटाने हैं। एक अरब डॉलर उसे सोवरिन बांड के पुनर्भुगतान के रूप में लौटाना है। अंग्रेजी एजेंसी ब्लूमबर्ग के अनुसार इस साल श्रीलंका की कुल विदेशी मुद्रा में देनदारी 8.4 अरब डॉलर की है। जाहिर है श्रीलंका इसमें विफल रहेगा और आने वाले महीनों में स्थिति और खराब होने की आशंका रहेगी। समाज में और अराजकता फैल सकती है जब देश को आवश्यक वस्तुओं का और अधिक संकट का सामना करना पड़ेगा। विशेषज्ञ बताते हैं कि इसके लिए सीधे-सीधे राजपक्षे परिवार जिम्मेदार है। श्रीलंका में पिछला चुनाव नवंबर 2019 में हुआ था। उस चुनाव में राष्ट्रपति गोटाबाया राजपक्षे चुनाव जीत गए। जीतते ही उन्होंने पहले से खस्ताहाल में चल रहे श्रीलंका को आर्थिक संकट से निकालने के बजाय राजस्व हानि वाले फैसले लागू कर दिए। जनता को खुश करने के नाम पर उन्होंने पहले से लागू राष्ट्र-निर्माण कर को पूरी तरह समाप्त कर दिया। वैट दर को भी 15 प्रतिशत से घटाकर 8 प्रतिशत कर दिया। विदहोल्डिंग टैक्स, कैपिटल गेन टैक्स और बैंक डेबिट टैक्स को हटा दिया गया। 2021 में श्रीलंका का कर्ज जीडीपी के मुकाबले 101 प्रतिशत था और बजट घाटा 11.10 प्रतिशत का था। नतीजा कर्ज का बोझ हर रोज बढ़ता गया। अपने निर्यात को बढ़ावा देने के बजाय, अपने भंडार को भरने के लिए श्रीलंका सरकार ने विदेशी धन उधार लिया। नतीजा विदेशी कर्ज तो बढ़ता गया, स्थानीय उद्योग भी नजरंदाज होते चले गए। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के अनुसार श्रीलंका का विदेशी कर्ज 25 अरब डॉलर से भी अधिक है। किसी भी देश का आर्थिक स्तंभ वहां की खेती होती है। यदि कृषि क्षेत्र अपना प्रदर्शन सुधार लेता है, तो खाद्यान्न समस्या काफी हद तक काबू में रहती है। श्रीलंका में सबसे ज्यादा चाय की खेती होती है, लेकिन वर्तमान सरकार की एक नीति ने चाय की खेती को एकदम से बर्बादी की कगार पर पहुंचा दिया। अचानक अप्रैल 2021 में श्रीलंका की सरकार ने राष्ट्र की खाद्य सुरक्षा के साथ अनावश्यक प्रयोग करते हुए श्रीलंका को पूर्ण रूप से जैविक खेती करने वाला दुनिया का पहला देश घोषित कर दिया और रासायनिक उर्वरकों के आयात पर प्रतिबंध लगा दिया। यह एक विनाशकारी कदम साबित हुआ। खेती बुरी तरह प्रभावित हुई और देश में खाद्य मुद्रास्फीति काफी बढ़ गई।

भगवान बुद्ध और सनातन दर्शन के अन्तर्सम्बन्ध

गिरीश जोशी

भगवान बुद्ध और बौद्ध पंथ के विषय में अनेक विमर्शों के माध्यम से सनातन और बौद्ध दर्शन के बीच मतभिन्नता का अस्तित्व खड़ा किया गया है। इस विमर्श से हटकर एक अलग दृष्टिकोण से भगवान बुद्ध और सनातन दर्शन के अन्तर्सम्बन्धों को देखने का प्रयास करते हैं।

भारत देश की विशेषता है, जब-जब समाज धर्माचरण के मार्ग से विचलित हो जाता है, सनातन के शाश्वत सिद्धांतों की समाज को विस्मृति हो जाती है, समय काल परिस्थितिवश सामाजिक व्यवस्था में धर्म का त्रुटिपूर्ण विवेचन होने लगता है इस कारण से विभिन्न प्रकार की जटिल समस्याएँ सामाजिक जीवन में व्याप्त हो जाती है, तब-तब इन व्यवस्थाओं को ठीक करने के लिए उच्चस्तर की चेतना का धरती पर अवतरण होता है। इस प्रकार अवतरित हुई चेतनाओं को ही अपने यहां अवतार कहा गया है। सृष्टि परिचालन की व्यवस्था के बारे में सनातन दृष्टि में ब्रह्मा- सृजन, शिव-विसर्जन और विष्णु पालन का काम करते हैं। जिसके पास व्यवस्थाओं के संचालन का काम होता है उसे ही व्यवस्थाओं में आने वाली गड़बड़ी को ठीक करने का भी दायित्व वहन करना पड़ता है। इसलिए जब भी व्यवस्था तंत्र में किसी प्रकार के सुधार की आवश्यकता होती है उस समस्या की प्रकृति के अनुसार उसे ठीक करने के लिए भगवान विष्णु एक अलग अवतार में विलक्षण दृष्टिकोण के साथ हमारे मध्य उपस्थित होते हैं। भगवान बुद्ध की मूल चेतना को आद्य शंकराचार्यजी ने पहचाना था। इसलिए उन्होंने भगवान बुद्ध को दशावतार में एक अवतार माना है। भगवान बुद्ध की उच्चस्तरीय चेतना को आचार्य शंकर ही पहचान सकते थे। यहाँ हम बौद्ध दर्शन और सनातन परंपराओं के बीच किस प्रकार का संबंध है, उसका विचार करेंगे। भगवान बुद्ध द्वारा प्रवर्तित मार्ग में त्रिरत्न बुद्ध, धर्म और संघ, दिए गए हैं। सनातन में भी तीन योगों का प्रावधान है- कर्म योग, भक्ति योग एवं ज्ञान योग। बुद्ध दर्शन में चार आर्य सत्य हैं। आर्य सनातन परंपरा का गुणवाचक विशेषण है। सनातन में धर्म, अर्थ, काम एवं मोक्ष चार पुरुषार्थ हैं। बुद्ध दर्शन में पंचशील है-1.झूठ न बोलना 2. हिंसा न करना 3. चोरी न करना 4. व्यभिचार न करना 5. नशा न करना। सनातन परंपरा में पाँच यम है- सत्य, अहिंसा, अस्तेय, ब्रह्मचर्य अपरिग्रह। भगवान बुद्ध ने अष्टांग मार्ग सम्यक्दृष्टि, सम्यक, सम्यक्वचन, सम्यक्कर्म, सम्यकआजीविका, सम्यक्व्यायाम, सम्यक्स्मृति और सम्यक्समाधि का प्रवर्तन किया । सनातन परंपरा में यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, ध्यान, धारणा और समाधि अष्टांग योग के माध्यम से सत्य को जानने का मार्ग बतलाया गया है। दोनों मार्गों का लक्ष्य समाधि ही है। सनातन परंपरा में साधना के लिए चार साधन चतुष्टय- नित्यानित्यवस्तुविवेक,वैराग्य, षट्सम्पत्ति का अर्जन तथा मुमुक्षता और छः संपत्ति - शम,दम,श्रद्धा,समाधान,उपरति और तितिक्षा कुल दस बातों का साधक में होना जरूरी बताया गया है तो बौद्ध दर्शन में दस परिमिताएं - दान,शील,नैष्क्रम्य, प्रज्ञा, वीर्य, शांति, सत्य, अधिष्ठान, मैत्री और उपेक्षा को आवश्यक बताया गया है।

भगवान बुद्ध की उच्चस्तरीय चेतना को आचार्य शंकर ही पहचान सकते थे। यहाँ हम बौद्ध दर्शन और सनातन परंपराओं के बीच किस प्रकार का संबंध है, उसका विचार करेंगे। भगवान बुद्ध द्वारा प्रवर्तित मार्ग में त्रिरत्न बुद्ध, धर्म और संघ, दिए गए हैं। सनातन में भी तीन योगों का प्रावधान है- कर्म योग, भक्ति योग एवं ज्ञान योग। बुद्ध दर्शन में चार आर्य सत्य हैं। आर्य सनातन परंपरा का गुणवाचक विशेषण है। सनातन में धर्म, अर्थ, काम एवं मोक्ष चार पुरुषार्थ हैं।

सेहत मंत्र

बॉडी को टोन करने में मदद करता है उत्कटासन

वेटलॉस करना तो आसान है लेकिन शरीर का वजन कम होने के बाद शरीर में एक ढीलापन आ जाता है। ऐसे में बॉडी को टोन करने की जरूरत पड़ती है। अगर आप वजन कम करने के साथ?साथ बॉडी को टोन करना चाहते हैं तो आपको उत्कटासन का अभ्यास करना चाहिए। उत्कटासन को चेयर पोज भी कहा जाता है, क्योंकि इसमें आपकी बॉडी एक कुर्सी की भांति नजर आती है। वैसे उत्कटासन का अभ्यास करने से ना सिर्फ बॉडी टोन होती है, बल्कि इससे आपको अन्य भी कई लाभ होते हैं। यह वजन कम करने के साथ-साथ पैरों की मसल्स को टोन करने में मदद करता है। उत्कटासन का नियमित अभ्यास करने से आपका स्टेमिना बढ़ता है। यह आसन आपके पीठ के निचले हिस्से को मजबूती प्रदान करता है। इससे बैक पेन और ज्वाइंट पेन से राहत मिलती है। उत्कटासन के नियमित अभ्यास से शरीर का संतुलन बेहतर होता है। उत्कटासन का अभ्यास करने से पैरों, घुटने, एड़ियां व जांघ की मांसपेशियां मजबूती मिलती है। उत्कटासन का अभ्यास करने के लिए सबसे पहले योगा मैट पर सीधे खड़े हो जाएं। इसके बाद दोनों पैरों को थोड़ा?थोड़ा फैलाएं और दोनों हाथों को आगे की तरफ फैलाएं। इस दौरान आपकी हथेली नीचे की तरफ रहेगी। अपने हाथों को सीधे रखें। आपकी कुहनियां भी मुड़ी हुई नहीं होनी चाहिए। इसके बाद आप घुटनों को धीरे?धीरे मोड़ें और पेल्विस को नीचे की तरफ ले जाएं। इस दौरान झुकते हुए आप कल्पना करें कि जैसे आप किसी काल्पनिक कुर्सी पर बैठे हुए हों। इस स्थिति में आप सहज ही रहें। आपके हाथ जमीन के समानांतर और कमर को सीधा व आराम की अवस्था में रखे। याद रखें कि रीढ़ की हड्डी पूरी लंबाई में सीधी होनी चाहिए। अब गहरी सांस लें। जैसे?जैसे आप सहेज होते रहें, अपने घुटनों को थोड़ा और मोड़ते हुए नीचे की तरफ दबाव डालें। इस दौरान आपकी कमर एकदम सीधी होनी चाहिए। अब कुछ क्षण इसी अवस्था में रूकें। फिर सामान्य अवस्था में आ जाएं और कुछ क्षण रिलैक्स करें। इसके बाद दोबारा उत्कटासन का अभ्यास करें।

धर्म मंत्र

नैना देवी मां के नेत्र दर्शन से खत्म हो जाएगी आंखों से जुड़ी समस्याएं

नैनीताल घूमने के लिए काफी खूबसूरत जगह है। दिल्ली-एनसीआर के अधिकतर लोग अपने वीकेंड पर नैनीताल जाना पसंद करते हैं। क्योंकि ये हिल स्टेशन दिल्ली से सबसे नजदीक है। नैनीताल की खूबसूरत के कारण यहां पर्यटक बड़ी संख्या में घूमने आते हैं। नैनीताल का घूमने फिरने के अलावा धार्मिक रूप से भी काफी महत्व है। नैनीताल की नैना झील धार्मिक रूप से काफी पवित्र झील हैं। स्कंद पुराण में इसे त्रिऋषि सरोवर भी कहा गया है। नैनी झील कैसे बनी इसका कोई ठोस प्रमाण नहीं हैं, लेकिन यहां के लोगों की मान्यताओं के अनुसार कहा जाता है कि जब अत्री, पुलस्त्य और पुलह ऋषि को नैनीताल में कहीं पानी नहीं मिला तो उन्होंने एक गड्ढा खोदा और मानसरोवर झील से पानी लाकर उसमें भरा। इस झील में बारे में कहा जाता है यहाँ डुबकी लगाने से उतना ही पुण्य मिलता है जितना मानसरोवर नदी में नहाने से मिलता है। यह झील 64 शक्ति पीठों में से एक है। नैना झील के किनारे एक मंदिर पर्यटकों के आकर्षण का मुख्य केंद्र हैं। ये मंदिर नैना देवी मंदिर के नाम से दुनिया में मशहूर है। नैना देवी मंदिर के दर्शन के लिए दूर- दराज से लोग आते हैं। नैना देवी के इस मंदिर की मान्यता है कि यदि कोई भक्त आंखों की समस्या से परेशान हैं तो अगर वह नैना मां के दर्शन कर ले तो जल्द ही ठीक हो जाएगा। इसके अलावा यहां तमाम भक्त मां के दर्शन के लिए आते हैं।

पर्यटन



विश्व धरोहर की लिस्ट में शामिल हैं भारत का भीमबेटका रॉक सेंटर

दुनिया भर में कई जगह हैं जो देखने में काफी सुंदर और आकर्षित लगती हैं। जिनमें से कुछ तो ऐसी भी जगह हैं जिनकी सिर्फ तस्वीर को देखकर वहां जाने का मन हो जाता है। दुनिया में करीब 1121 जगहों को विश्व विरासत स्थल ऐलान किया जा चुका है। इनमें 213 प्राकृतिक, 869 सांस्कृतिक, 39 मिले-जुले और 138 अन्य स्थल शामिल हैं। वहीं, अगर बात करें भारत की तो यहां के लगभग 36 स्थल हैं जिन्हें विश्व धरोहर का दर्जा मिला हुआ है। हालांकि जब भारत के विश्व धरोहर जगहों की बात आती है तो ज्यादातर लोगों के दिमाग में कुतुबमीनार, ताजमहल या खजुराहो के मंदिर का ही सबसे पहले ख्याल आता है, लेकिन आपको बता दें कि इसके अलावा भी भारत में अन्य विश्व धरोहर स्थल हैं, जो इस लिस्ट में शामिल होने के साथ-साथ देखने में भी गजब के खूबसूरत हैं। भीमबेटका रॉक सेंटर- भारत के सबसे खूबसूरत विश्व धरोहर स्थल में पहला नाम भीमबेटका रॉक सेंटर का है। मध्य प्रदेश में स्थित यह स्थल मध्यपाषाण युग की एक बेहतरीन धरोहर होने के साथ काफी मशहूर है। यहां आपको मध्यपाषाण युग की कई एक से बढ़कर एक कलाकृतियां देखने को मिलेंगी। इतना ही नहीं यहां की आस-पास की जगह भी इसी कलाकृति से मेल खाती है। हम्पी- हम्पी शहर प्राचीन और अद्भुत मंदिरों के लिए काफी मशहूर है। तुंगभद्रा नदी के तट पर स्थित इस शहर में ऐतिहासिक खंडहरों से घिरे बहुत से भव्य मंदिर हैं। ये भारत में सबसे धार्मिक और लोकप्रिय ऐतिहासिक पर्यटन जगहों में से एक है, यह हम्पी की प्रतिष्ठा को बढ़ा देती है। रानी की वाव- गुजरात के पाटण में रानी की वाव स्थित है। इसका निर्माण 11वीं शताब्दी में किया गया था। ये स्थान अपनी सुंदर कलाकृतियों और बावड़ियों के लिए देशभर में प्रसिद्ध है। खुदाई के दौरान पुरातत्व विभाग ने रानी की वाव को खोजा था। यहां की सुंदर-सुंदर कलाकृतियों को देखकर लोगों इन्हीं में खो जाते हैं।

यूटा ने शिक्षक समस्याओं को लेकर लेखाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन यूटा बाराबंकी के पदाधिकारियों ने लेखाधिकारी दिलीप कुमार सिंह से भेंट कर शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। जिनमें संगठन के पदाधिकारियों ने शिक्षकों की मूलभूत समस्याओं के सम्बन्ध में बात की। जिनमें मुख्य रूप से जिन शिक्षकों का पूर्व के वर्षों में आयकर शून्य रहा है उनके वेतन से अग्रिम आयकर की कटौती तत्काल रोके जाने, अवशेष वेतन के संबंध में कार्यालय में प्राप्त होने वाले प्रार्थना पत्रों में मार्च माह में भुगतान में संबंधित पटल के कार्मिकों द्वारा जानबूझकर गलत/ कम भुगतान किया गया है। ऐसे प्रकरणों को जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्यवाही करते हुये शिक्षकों का शेष भुगतान तत्काल किया जाए। बीएसए के आदेश के बिना मासिक फीडिंग के आधार पर किसी शिक्षक का वेतन न घटाया जाय। एनपीएस योजना से लाभान्वित होने वाले शिक्षकों के सरकारी अंश के देर से भुगतान होने की दशा में नियमानुसार ब्याज का भुगतान किया जाय। जीपीएफ से आच्छादित शिक्षकों को लेखा पर्ची मई जून माह में उपलब्ध कराई जाए। मार्च महीने में कार्यालय कार्मिकों की लापरवाही के दृष्टिगत बड़ी संख्या में नवनियुक्त शिक्षकों के अवशेष वेतन भुगतान नहीं हो पाए हैं ऐसे शिक्षकों का अवशेष वेतन भुगतान तत्काल किये जाने की बात कही गयी।

लेखाधिकारी महोदय ने सभी समस्याओं को ध्यानपूर्वक पढ़कर जल्द से जल्द समस्याओं के समाधान की बात कही। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष आशुतोष कुमार, जिला महामंत्री सत्येंद्र भास्कर, संयुक महामंत्री साकिब किदवाई, जिला संगठन मंत्री दीपक मिश्रा, जिला आडिटर आशीष शुक्ल, जिला उपाध्यक्ष राकेश कौल, विशाल यादव, अनिल कुमार, मनोज चौधरी, देवेंद्र निरंजन, संदीप गौतम, सर्वेश दीक्षित, सच्चिदानंद सिंह, रामपाल रावत, छोटेलाल, संग्राम सिंह, चंद्र प्रकाश सिंह सहित संगठन के पदाधिकारी व शिक्षक मौजूद रहे।

आर्यावर्त ग्रामीण बैंक में नटवर लाल हावी लोन कराने के नाम पर हड़पे पैसे

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामनगर बाराबंकी। आर्यावर्त ग्रामीण बैंक के मैनेजर अजीत चौधरी को अपने निजी वाहन से लाने ले जाने का कार्य कर रहे सक्रिय नटवर लाल अजय मिश्रा ने बैंक के अधिकारियों से सांठगांठ करके कई क्षेत्रीय लोगों से दस परसेंट कमीशन लेकर उनके नाम से फर्जी तरीके से मुद्रा लोन करवा कर पीड़ितों के खाते के पैसे अपने मित्रों के फर्म की दुकान पर ट्रांसफर करवा लिया। खाताधारक कई दिन तक अपने लोन के पैसे पाने के लिए नटवर लाल के पास चक्कर काटते रहे। लेकिन उनका पैसा नहीं मिल सका।आर्यावर्त ग्रामीण बैंक के लोन खाताधारकों का कहना है कि आर्यावर्त बैंक के मैनेजर के द्वारा हमको जानकारी दी गई थी। कि बिजनेस को बढ़ाने के लिए यह लोन फर्म पर दिया जाता है।यह लोन दुकान के बिना नही हो सकता है। दुकान होना जरूरी है। वही बैंक में सक्रिय अजय मिश्रा पुत्र स्वर्गीय राजकिशोर मिश्रा निवासी मोहम्मदपुर खाला जो कि बैंक मैनेजर अजीत चौधरी को अपने निजी वाहन से लाने ले जाने का कार्य करते थे। वही बैंक मैनेजर से सांठगांठ करके लोन कराने वाले व्यक्ति से कमीशन लेकर बिना दुकान के ही लोन करवा देते थे।उसके बाद कई दिनों तक खाताधारक को लोन के पैसे देने के लिए दौड़ाते थे। जब पीड़ित हताश हो जाता था।तब काफी कहासुनी के बाद दस पांच हजार रुपये देकर नटवर लाल के द्वारा समझा दिया जाता था। बैंक मैनेजर अजीत चौधरी व अजय मिश्रा के बीच आपसी कहासुनी के चलते बिगाड़ पैदा हो गई जिससे दलाल कई गरीबों के लोन के पैसे लेकर फरार हो गया। जिससे लोन खाताधारकों ने जिस परपज से लोन कराया था उनकी उम्मीदों पर पानी फिर गया। कुछ दिनों के बाद नटवर लाल अजय मिश्रा जब अपने घर मोहम्मदपुर खाला वापस आये तो पीड़ितों को जानकारी होने पर लोन खाता धारक बृजेश कुमार मौर्य, विकास पांडेय,ललित शर्मा, सहित अन्य कई पीड़ित अपने पैसे पाने की उम्मीद से जब अजय मिश्रा से दूरभाष के द्वारा बात करनी चाही तो उनके तीन से चार फोन नंबर सभी डायल किये गए सारे नम्बर बंद होने के कारण कई पीड़ित उनके घर पहुंचे तो उन्होंने धमकी देते हुए कहा कि परेशान न करें वरना हम जहर खा लेंगे या फिर फांसी लगा लेंगे वही उनकी पत्नी ने कहा कि घर पैसे मांगने आओगे तो छेड़छाड़ का मुकदमा लिखवा कर जेल भिजवा देंगे क्योंकि हमारे घर में पुलिस वाले किराए पर रहते हैं। हमारा कुछ कर नहीं पाओगे। अब इधर दूसरी तरफ आर्यावर्त ग्रामीण बैंक के मैनेजर लोन खाताधारकों को खाते में पैसा जमा करने के लिए काफी जोर दबाव बना रहे हैं। पीड़ितों का कहना है कि जब हमको पैसा मिला ही नहीं तो हम कहां से लाकर जमा करें। वही इस संबंध में जब संवाददाता ने आर्यावर्त ग्रामीण बैंक मैनेजर अजीत चौधरी से दूरभाष के द्वारा जानकारी लेनी चाही तो उन्होंने फोन उठाना मुनासिब नहीं समझा।

पैसों के विवाद में मारपीट चली गोली मचा हड़कम्प

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिद्धौर। बाराबंकी के सतरिख थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाला भिटौलीकला चौराहा छावनी में तब्दील हो गया घटना उस वक्त की है जब शाम 5:30 बजे पैसे के लेनदेन को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई मारपीट इतनी भयानक हुई कि लोग एक दूसरे के जान के प्यासे हो गए लोगों ने हवाई फायरिंग भी किया जिसमें एक व्यक्ति को छर्रा लगने से काफी चोटें आई हैं जिसको ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है फायरिंग में घायल व्यक्ति गगन यादव पुत्र स्वर्गीय राजू यादव निवासी घूरु कापुरवा थाना बीबीडी जनपद लखनऊ बताया जा रहा है पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई घटना की जानकारी होते ही मौके पर पुलिस के आला अधिकारियों ने घटनास्थल का जायजा लिया और कार्यवाही शुरू कर दी फिलहाल आरोपियों की पहचान की जा चुकी है मारपीट होने के बाद दबंग घटना को अंजाम देकर मौके से फरार हो गए वही मौके पर पहुंचे एडिशनल एसपी पूर्णेन्द्र सिंह ने बताया की उक्तघटना के संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है आरोपियों की तलाश की जा रही है प्रभारी निरीक्षक लाल चन्द्र सरोज ने बताया कि जांच की जा रही है अभियोग पंजोकृत कर लिया गया है ।

अमन की दुआओं के साथ सम्पन्न हुआ बाबा का उर्स

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मसौली बाराबंकी। कस्बा बड़ागांव में हजरत काजी शहाबुद्दीन औलिया परकाले आतिशी(रह0) का कुल शरीफ आज परम्परागत एव शान शौकत के साथ सम्पन हुआ। बाबा जी के अकीदतमंदों द्वारा दममदार बेड़ा पार के नारे से कस्बा गूंज गया। कस्बा बड़ागांव में चल रहे सालाना उर्स में गुरुवार की भोर पौने चार बजे हजरत काजी शहाबुद्दीन औलिया परकाले आतिशी(रह0) का कुल शरीफ अकीदत के साथ सम्पन्न हुआ जिसमे बड़ागांव सहित मसौली, नैनामऊ, शहाबपुर, रसौली, बांसा,जकरिया, मकनपुर सहित दूरदराज से आये लोगो ने शिरकत की। मजार शरीफ पर चल रहे सालाना उर्स में पहुँचे पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविन्द सिंह गोप ने कहा कि ऐसे आयोजनों से भाईचारा को बढ़ावा मिलता है। और लोगो की सूफी संतों के प्रति अक़ीदत बढ़ती है उन्होंने कहा कि आने वाला दौर मुश्किलों भरा है। इससे निपटने के लिए समाज में व्याप्त वैमनस्यता व कटुता मिटाने के लिए आपसी भाईचारा व सौहार्द बनाना बेहद जरूरी है। उर्स के आयोजन में हिन्दू-मुस्लिमों की भागेदारी से शांति के प्रतीक के रूप में विख्यात हजरत काजी शहाबुद्दीन औलिया की धरती से पुरे देश में शांति का पैगाम जाता है। पूर्वमंत्री ने चादरपोशी कर मुल्क की सलामती एव खुशहाली की दुआएँ मांगी। पूर्व विधायक राम गोपाल रावत ने कहा कि बड़ागांव में स्थित मजार शरीफ आस्था का अनूठा संगम है। मजार पर आयोजित मेले में सभी संप्रदाय के लोग अपने मनोकामना की पूर्ति के लिए बिना किसी भेदभाव के आते हैं। श्रद्धालुओं की मान्यता के अनुसार यहां आने वाले फरियादियों की मिन्नतें एव मुरादे पूरी होती है। सपा नेता शकील सिद्दीकी ने मजार शरीफ पर चादर पेश करते हुए कहा कि सूफी संतों के आस्तानो पर मन को शांति एवं दिल को शुकुन मिलता। चादरपोशी के दौरान , कोआपरेटिव बैंक के निवर्तमान चैयरमैन धीरेंद्र वर्मा, हसमत अली गुड्डु, प्रधान प्रतिनिधि नाजनीन किदवई, नूर मोहम्मद, सपा नेता अशोक यादव, राममूर्ति यादव, जाबिर सलमानी, नूरुल आमीन अंसारी, अकबर शाह, कल्लू कुरैशी, बीडीसी पप्पू गौतम, जम्मू खां, इशरत शाह,सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

अब दरियाबाद में तेंदुए की आहट , हड़कम्प

दरियाबाद बाराबंकी । बाराबंकी जनपद से तेंदुए की दहशत कम होने का नाम नहीं ले रही कभी सुबेहा कभी बिलहरा तो अब दरियाबाद क्षेत्र में तेंदुए की आहट में हड़कंप मचा दिया है लाख जतन के बाद भी वन विभाग की टीम के दायरे से बाहर तेंदुआ आमजन के लिए सरदर्द है। जानकारी के अनुसार दरियाबाद क्षेत्र के अंतर्गत इटोरा मजरे मिश्रिख पुरवा में आज सुबह जब ग्रामीण अपने खेत में गए तो केले के खेत में दिखा एक तेंदुआ ग्रामीणों ने पुलिस व वन विभाग को तेंदुआ होने की सूचना दी जिससे वन विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर छानबीन करने लगी काफी मशक्कत छानबीन करने के बाद वन विभाग की टीम को केले के खेत में नजर आया लेकिन अभी रेस्क्यू नहीं किया जा सका है मौके पर वन विभाग के वन रेंज अधिकारी रामनगर सुबोध शुक्ला दिलीप गुप्ता वन विभाग डिप्टी रेंजर श्यामलाल रजब अली रामसनेहीघाट वन विभाग सुमित श्रीवास्तव पूरी पुलिस टीम के साथ मौजूद रहे।

सड़क हादसे में बाल बाल बचे ग्राम विकास अधिकारी

बाराबंकी । जनपद के रामनगर थाना अंतर्गत एसडब्ल्यूएम प्रशिक्षण से लौट रहे ग्राम विकास अधिकारी की कार को बांदा बहराइच रोड पर स्थित बस स्टॉप के ओवरटेक करने के प्रयास में डंपर ने पीछे से टक्कर मार दी इससे ग्राम विकास अधिकारी उत्तम कुमार घायल हो गए जिनको उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ केंद्र रामनगर लाया गया जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी पीड़ित द्वारा थानाध्यक्ष रामनगर संतोष कुमार सिंह को शिकायती पत्र देकर समूचे प्रकरण में अवगत कराया है प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार यह सड़क हादसे में कार डंपर हट गए जिसके चलते घंटों आवागमन बाधित रहा मौके पर पहुंची पुलिस ने आमजन के सहयोग से कार को डंपर से अलग कर आया तब जाकर यातायात प्रारंभ हो सका ।

स्कूलों में बढ़े नामांकन इसके लिए अभियान चलाकर करे जागरूक : बीईओ

बाराबंकी । त्रिवेदीगंज विकासखंड क्षेत्र नवागत खण्ड शिक्षा अधिकारी ने नामांकन बढ़ाने के लिए किया सेवित ग्रामों एवं मजरो का भ्रमण

अपनी कार्यशैली के लिए जानी जाने वाली खंड शिक्षा अधिकारी अर्चना ने कल ही ब्लॉक में कार्यभार ग्रहण किया और आज अपने कार्यो में तेजी लाते हुए उच्च प्राथमिक विद्यालय दहिला एवं प्राथमिक विद्यालय दहिला का शिक्षकों के साथ मिलकर सेवित मजरों का भ्रमण कर अभिभावकों को प्रेरित करते हुए अपने बच्चों को शत प्रतिशत नामांकन के लिए प्रेरित किया इससे प्रेरित होकर आठ अभिभावकों ने उच्च प्राथमिक विद्यालय में नामांकन कराया। ग्राम प्रधान प्रदीप कुमार यादव,अभिभावक संतोष मौर्य डोर टू डोर अपना भरपूर सहयोग किया इस मौके पर प्रधानाध्यापक राजेश कुमार वर्मा,प्राथमिक विद्यालय प्रधानाध्यापक अर्चना यादव,हेमन्त कुमार हरिकेश द्विवेदी विनय वर्मा,शिक्षिका प्रियंवदा मिश्रा भावना आदि लोग मौजूद रहे।

हाइवे पर डीजल चोर गिरोह सक्रिय , वाहन स्वामी परेशान

मसौली बाराबंकी। राष्ट्रीय राजमार्ग पर खड़े वाहनों से डीजल चोरी करने वाले गिरोह से वाहन चालक परेशान है होटल, ढाबो के किनारे बड़े वाहनों को खड़ा करते ही पलक झपकते डीजल चोर वाहनों की टँकीयो से डीजल साफ कर देते है। बीती रात्रि प्रतापगंज यादव होटल के निकट एक डीसीएम लगाकर करीब 5 सौ लीटर डीजल चोरी कर रहे चोर को दौड़ाने पर डीसीएम छोड़ चोर फरार हो गये। उल्लेखनीय हो कि तीन दिन पूर्व प्यारेपुर सरैंया के निकट नायरा पेट्रोल पंप पर खड़े कन्टेनर से 270 लीटर डीजल अज्ञात लोगों ने चोरी कर लिया था पीड़ित कन्टेनर चालक ने थाना सफदरगंज में डीजल चोरी की शिकायत की थी परन्तु पुलिस की सुस्त कार्यशैली से सक्रिय डीजल चोरो ने प्रतापगंज के निकट यादव होटल पर खड़े कन्टेनर को डीजल चोरो ने उस समय निशाना बनाया जब कन्टेनर चालक इमरान पुत्र इमामुद्दीन कन्टेनर नम्बर एन एल 1 ए सी 5391 को खड़ी कर चाय पीने लगा तभी डीजल चोरो ने कन्टेनर के बगल में आयशर डीसीएम नम्बर यूपी 80 बीटी 7925 खड़ी कर डीसीएम में रखे मोटर के जरिये देखते ही देखते करीब 5 सौ लीटर डीजल चोरी कर लिया। शक होने पर जैसे ही कन्टेनर चालक डीसीएम की ओर गया तभी डीसीएम चालक वाहन लेकर भाग खड़ा हुआ करीब 12 किमी0 पीछा करने पर डीसीएम को छोड़ चालक फरार हो गया। पीड़ित चालक की शिकायत पर पहुँची सफदरगंज पुलिस ने डीसीएम को कब्जे में लेते हुए डीसीएम में लगा मोटर सहित दो ड्रम एव पाइप बरामद किया है। हाइवे पर खड़े वाहनों से डीजल चोरी करने में प्रयुक्त की जा रही डीसीएम का नम्बर फर्जी पाया गया। जिसकी तफ्तीश की जा रही बहरहाल लखनऊ अयोध्या सहित राष्ट्रीय राजमार्गों पर डीजल चोरी करने वालो का गिरोह सक्रिय है जो आये दिन ऐसी घटनाएं सामने आ रही हैं।

सपा नेता सैफुल्ला खान ने छोड़ी पार्टी

हैदरगढ़ बाराबंकी। क्षेत्र के सपा नेता ने समाजवादी पार्टी के अपने सभी पदों से इस्तीफा दे दिया है बुधवार को ब्लाक सिद्धौर क्षेत्र के ग्राम पुरब बेलावं के रहने वाले समाजवादी पार्टी के हैदरगढ़ विधान सभा लोहिया वाहिनी के अध्यक्ष सैफुल्लाह खान ने समाजवादी पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया है यह जानकारी बुधवार को देर शाम श्री खान ने बताया कि प्रदेश में मुस्लिम समुदाय पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ जिले से लेकर प्रदेश तक सत्ता की मलाई खाने वाले समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों व नेताओं की आवाज ना उठाना आजम खान को परिवार सहित जेल में डाल दिया जाना नाहिद हसन को जेल भेज दिया जाना शहजिल इस्लाम का पेट्रोल पंप गिरा दिया जाना और इस तरह के अन्य मुद्दों पर समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों द्वारा आवाज ना उठाना और इन सभी मुद्दों पर समाजवादी पार्टी का उदासीन रवैया यह दर्शाता है कि पार्टी को मुस्लिम समुदाय पर हो रहे अत्याचारों के खिलाफ आवाज उठाने में कोई रुचि नहीं है इसलिए मैं समाजवादी पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा देता हूं।

मिशन जलजीवन के तहत दो दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

देवा बाराबंकी । जल जीवन मिशन के अंतर्गत देवा ब्लॉक में प्रत्येक ग्राम पंचायत से तकनीक कर्मी को यथा राजमिस्त्री प्लंबर फिटर इलेक्ट्रिशियन पंप ऑपरेटर मोटर मकैनिक का क्षमता संवर्धन करने के लिए दो दिवसीय कार्यक्रम चलाया गया जिसमें ट्रेनर विनय कुमार दीपक कुमार जी द्वारा उनके कार्य को लेकर चर्चा की गई तथा जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अंतर्गत जल स्तर को ऊंचा उठाने के लिए बारे में भी चर्चा की गई तथा जल के दुरुपयोग को रोकने के विषय में लोगों को जागरूक किया गया समन्वयक नेहा मौर्य क्रांति राज जी द्वारा रजिस्ट्रेशन का कार्य किया गया तथा ट्रेड के अनुसार लोगों को किट वितरण का कार्य टीम द्वारा किया गया इस दौरान तुलसीराम चौहान विश्व हिंदू परिषद अध्यक्ष देवा सहित कई सदस्य व ग्रामीण भी मौजूद रहे।

बारात से बाइक चोरी

हैदरगढ़ बाराबंकी स्थानीय कोतवाली अंतर्गत भिखरा गांव में बरात में शामिल होने गए बराती की मोटरसाइकिल पर चोर ने हाथ साफ कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्यवाही की गुहार लगाई है प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर पंचायत हैदर गढ़ के लिल्हौरा वार्ड निवासी शीतला दिन पुत्र मोहनलाल कल शाम अपने भतीजे की बारात में शामिल होने भिखरा गांव गये थे । जहां पर रात 11:30 बजे चोरों ने उसकी सुपर स्प्लेंडर मोटरसाइकिल यू पी 41ए क्यू 3683 पर हाथ साफ कर दिया और चंपत हो गए। काफी खोजबीन के बाद भी मोटरसाइकिल ना मिलने पर आज कोतवाली में तहरीर देकर कार्यवाही की गुहार लगाई है।

218 सेंटरों पर लगाई जाएगी कोरोना की 32,700 डोज

कानपुर। वैश्विक महामारी कोरोना के मरीज जनपद में भले ही कम आ रहे हों, लेकिन स्वास्थ्य विभाग वैक्सीन में लापरवाही नहीं बरत रहा है। इसी को लेकर शुक्रवार को जनपद के 218 सेंटरों पर 32,700 वैक्सीन की डोज लगाई जाएगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 नेपाल सिंह ने बताया कि शुक्रवार को जनपद के 218 स्थानों पर कोविड वैक्सीनेशन कैंपो का आयोजन किया जायेगा। जनपद के 20 स्कूलों में 3000 डोज लगाई जाएगी । 15 से 18 वर्ष आयु के लोगो के लिए प्रथम व द्वितीय के लिए 61 सेन्टर बनाए गए है। जिनमें डोज 5150 लगाई जायेगी। 12 वर्ष की आयु से 14 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए 83 सेंटर बनाए गए हैं। जिसमें 12450 डोज लगाई जायेगी। कल जनपद कानपुर नगर के शहरी क्षेत्रों में 134 सेंटरों पर 20100 वैक्सीनेशन डोज तथा ग्रामीण क्षेत्रों के 84 सेंटरों में 12600 वैक्सीनेशन डोज लगाई जायेगी।

जुआरियों पर कार्यवाही न होने से प्रधान संघ के अध्यक्ष ने जताई नाराजगी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिद्धौर बाराबंकी । जुआरियों का लगातार ताता बढ़ता ही जा रहा है। जिसकी चपेट में युवा पीढ़ी आ रही है इसके साथ ही कुछ बच्चे भी जुआ खेलने के आदी होते जा रहे हैं। गांव का भविष्य बेहद खराब हो रहा है। लगातार अराजकता का माहौल बना हुआ है। समय रहते जुआरियों पर कार्यवाही नहीं हुई तो स्थिति खराब हो सकती है यह शब्द बरायन गांव के ग्राम प्रधान अरविंद कुमार के हैं जिन्होंने पूर्व में कोतवाली जैदपुर में अवगत कराते हुए बताया लेकिन पुलिस की लापरवाह कार्यशैली के चलते लगातार जुआरियों का जमावड़ा बना रहता है। जिसको लेकर 10 मई दिन मंगलवार को ग्राम प्रधान मनरेगा का कार्य देखने के लिए तालाब की ओर जा रहे थे। जहां पर रास्ते में कुछ लोग जुआ खेलते हुए दिखाई दिए। ग्राम प्रधान को आता देख अन्य लोग भाग निकले लेकिन दो लोग वहीं पर खड़े रहे। जिसको मना करने पर ग्राम प्रधान से अभद्रता करते हुए विवाद के उपरांत मारपीट किया। जिसको लेकर ग्राम प्रधान अरविंद कुमार ने कोतवाली जैदपुर में लिखित शिकायत देते हुए उक्त लोगों पर कार्रवाई करने की मांग किया। वही बृहस्पतिवार तक कार्यवाही ना होने पर प्रधान संघ अध्यक्ष अवध राम के नेतृत्व में कई ग्राम प्रधान सहित कोतवाली जैदपुर पहुंचकर दो दिवस बीतने के बावजूद कार्यवाही ना होने पर कड़ी नाराजगी जताई। प्रधान संघ अध्यक्ष ने बताया कि यदि जल्द ही उक्त लोगों पर कार्यवाही नहीं की गई तो धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

लम्बित विवेचनाओं का निस्तारण जल्द से जल्द करे : आईजी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी । लंबित विवेचना ओं का निस्तारण जल्द से जल्द करें इसके अलावा थानों पर सक्रिय अपराधियो की लिस्ट बनाकर गुंडा गैंगस्टर की कार्रवाई कराना सुनिश्चित करें उक्त बात पुलिस महानिरीक्षक अयोध्या परिक्षेत्र कवींद्र प्रताप सिंह ने कही ।

पुलिस महानिरीक्षक, अयोध्या परिक्षेत्र, अयोध्या द्वारा जनपद बाराबंकी के क्षेत्राधिकारीगण के साथ गोष्ठी कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए । रिजर्व पुलिस लाइन्स सभागार में पुलिस महानिरीक्षक, अयोध्या परिक्षेत्र, अयोध्या द्वारा समस्त क्षेत्राधिकारीगण की गोष्ठी की गई। गोष्ठी में लम्बित विवेचनाओं, उच्चाधिकारियों के स्तर से चलाये जा रहे विभिन्न अभियानों के अन्तर्गत की जा रही कार्यवाहियों, समस्त निरोधात्मक कार्यवाहियों, विभिन्न श्रोतों से प्राप्त लम्बित प्रार्थना पत्र आईजीआरएस आदि की समीक्षा कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

पशुधन मंत्री ने भौंती गौशाला की जमीन पर कब्जा करने वाले भू माफियाओं की ली जानकारी

कानपुर। कानपुर गौशाला सोसायटी भौंती में उत्तर प्रदेश शासन के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने औचक निरीक्षण किया। उन्होंने गायों की सेवा की और गायों के संवर्धन और संरक्षण के बारे में कहा कि बहुत अच्छी तरह से कार्य हो रहा है। जीवन उपयोगी दवाइयों पर उन्होंने कहा यह ट्रेनिंग हम लोगों को दिलाएंगे जिससे कि गांव में रोजगार सर्जन हो सके और जो पलायन गांव से शहर की ओर होता है वह लोग गांवों में रुक सके। हमारी सरकार की प्राथमिकता है की गायों की सुरक्षा के साथ-साथ गांव गांव में पलायन रोका जाये। पुरुषोत्तम लाल तोषनीवाल ने कहा कि भूसे की महंगाई बढ़ती जा रही है अगर इसको नहीं रोका गया तो भूसे की मूल्य बहुत आसमान छूने लगेंगे। जिस पर मंत्री ने कहा कि बहुत जल्द ही एक शासनादेश कराया जाएगा कि जो भूसा व्यापारी भंडारण कर रहे हैं उनके खिलाफ कार्रवाई हो।सोसायटी के उपाध्यक्ष संयोजक सुरेश गुप्ता ने कहा कानपुर ही नहीं प्रदेश में कानपुर गौशाला सोसायटी मॉडल गौशाला घोषित है।

जनपद के सभी ब्लाको में रोस्टर के हिसाब से लगेगा शिविर

दिव्यांगों के लिए चिकित्सा शिविर का आयोजन आज से

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी । जिलाधिकारी डॉ आदर्श सिंह ने बताया कि सरकार की महत्वपूर्ण योजना कृत्रिम अंग सहायक उपकरण योजना एवं शल्य चिकित्सा योजना के अन्तर्गत शिविर के माध्यम से दिव्यांगजनों का चिन्हांकन कराने के साथ ही दिव्यांग पेंशन, दिव्यांग शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार हेतु ऑनलाइन आवेदन, यू0डी0आई0डी0कार्ड सम्बन्धित जानकारी तथा मोटराइज्ड ट्राई साइकिल योजना का चलायी जा रही है । शिविर में दिव्यांगजन अपने पास उपलब्ध प्रमाण पत्रों तथा दिव्यांग प्रमाण पत्र, आय प्रमाण-पत्र (गरीबी रेखा के नीचे) निवास प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड एवं बैंक पासबुक की प्रति, दो फोटो एवं मोबाइल नम्बर आदि के साथ शिविर में उपस्थित होकर अपना पंजीकरण विकास खण्डवार प्रातः 10.00 बजे से सायं 3.00 बजे तक करायेंगे, जिसमें दिव्यांग जनसषक्तीकरण विभाग के कार्मिक उपलब्ध रहेगें। जिलाधिकारी ने बताया कि 13 मई 2022 को विकास खण्ड कैम्पस बनीकोडर में, 18. मई 2022 को विकास खण्ड कैम्पस दरियाबाद में, 19 मई 2022 को विकास खण्ड कैम्पस पूरेडलई में, 21 मई 2022 को विकास खण्ड कैम्पस सिरौलीगौसपुर, 23 मई 2022 को विकास खण्ड कैम्पस रामनगर , 24 मई 2022 को विकासखण्ड कैम्पस सूरतगंज, 25 मई 2022 को विकास खण्ड कैम्पस फतेहपुर में, 26 मई 2022 को विकास खण्ड कैम्पस निन्दूरा में, 27 मई 2022 को विकास खण्ड कैम्पस देवॉ, 28 मई 2022 को विकास खण्ड कैम्पस मसौली में, 30 मई 2022 को विकास खण्ड कैम्पस बंकी में, 31 मई 2022 को विकास खण्ड कैम्पस हरख में, 01 जून 2022 को विकास खण्ड कैम्पस सिद्धौर में, 02 जून 2022 को विकास खण्ड कैम्पस त्रिवेदीगंज में, 03 जून 2022 को विकासखण्ड कैम्पस हैदरगढ में शिविर कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं व्यवस्था सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी के द्वारा की जायेगी। जिलाधिकारी ने बताया कि शिविरों में चिकित्सीय टीम द्वारा उपकरण हेतु पात्र दिव्यांगजनों को उपकरण की स्वीकृति प्रदान की जायेगी। कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण(ट्राई साइकिल,व्हीलचेयर, वैषाखी, कान की मषीन, वाकर,ब्लाइण्ड स्टिक, कुश्ठरोगसेहुए दिव्यांगकोलिपरो सीकिट, कोक्टिवसर्जरी, कृत्रिम हाथ एवं पैर, कैलीपर्स आदि)हेतु चिन्हांकन कर सूचीबद्ध किया जायेगा। मोटराइज्ड ट्राई साइकिल योजना का प्रचार प्रसार करना एवं आवेदन की प्रक्रिया के सम्बन्ध में जानकारी दी जायेगी।विभाग की अन्य योजनाओं के साथ दिव्यांगजनों की यू0डी0आई0डी0 कार्ड बनवाने हेतु ऑनलाइन करने हेतु सम्बन्धित प्रपत्र प्राप्त कराया जायेगा।

अवैध स्मैक के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

बाराबंकी । अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत आज थाना सफदरगंज पुलिस टीम द्वारा अभियुक्तगण कदीर पुत्र अब्दुल हफीज मो0 सिराज पुत्र अहमद हुसैन निवासीगण ग्राम सुरसंडा थाना मसौली जनपद बाराबंकी को सराय का स्थान तिराहा से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के पास से कुल 230 ग्राम अवैध मारफीन व तस्करी में प्रयुक्त में मोटर साइकिल पल्सर बरामद कर थाना सफदरगंज पर एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया।

पंजाब पर जीत से प्लेऑफ के करीब पहुंचने का प्रयास करेगी आरसीबी

एजेंसी

मुंबई। सही समय पर लय हासिल करने वाली रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) की टीम शुक्रवार को यहां अब तक उतार चढ़ाव वाला प्रदर्शन करने वाले पंजाब किंग्स पर जीत दर्ज करके इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में प्लेऑफ के करीब पहुंचने का प्रयास करेगी।

आरसीबी ने पिछले दो मैचों में शानदार प्रदर्शन किया जिससे लगता है कि उसने अपना उचित संयोजन तलाश कर लिया है। विराट कोहली को छोड़कर आरसीबी के सभी बल्लेबाज शानदार फॉर्म में हैं। रजत पाटीदार और महिपाल लोमरोर भी कप्तान फाफ डुप्लेसी, ग्लेन मैक्सवेल और दिनेश कार्तिक की तरह अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। कोहली के लिये अभी तक आईपीएल सत्र अच्छा नहीं रहा है लेकिन वह पंजाब के खिलाफ इसकी भरपाई करने की कोशिश करेंगे। आरसीबी के गेंदबाज भी लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं जिसमें शानदार फॉर्म में चल रहे जोश हेजलवुड और विश्वसीन हर्षल पटेल शामिल हैं। मोहम्मद

सिराज अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं हैं लेकिन टीम उन पर महत्वपूर्ण मौकों पर अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद कर सकती है। मैक्सवेल अपनी ऑफ स्पिन से पावरप्ले और बीच के ओवरों में उपयोगी साबित हुए हैं जबकि वानिंदु हसरंगा ने अब तक 21 विकेट चटकाए हैं जिनमें एक मैच में पांच विकेट भी शामिल हैं। आरसीबी यदि पंजाब को हरा देता है तो उसके 16 अंक हो जाएंगे, हालांकि 18 अंक प्लेऑफ में पहुंचने के लिए सुरक्षित संख्या मानी जाती है। जहां तक पंजाब का सवाल है तो उसे शीर्ष चार टीम में जगह बनाने के लिए अपने बाकी बचे तीनों मैच जीतने होंगे। उसने अपने पहले मैच में आरसीबी को हराया था लेकिन अभी उसके पांच जीत से 10 अंक हैं। उसने छह मैच गंवाए हैं। पंजाब की टीम में निरंतरता का अभाव है और यही कारण है कि वह लगातार दो मैच में जीत दर्ज नहीं कर पायी है। शीर्ष क्रम में शिखर धवन और भानुका राजपक्षे अच्छा योगदान दे रहे हैं जबकि लियाम लिविंगस्टोन और जितेश शर्मा पारी का अच्छा अंत कर रहे हैं। पंजाब के लिए जॉनी बेयरस्टो की फॉर्म में वापसी अच्छी खबर है। कप्तान मयंक अग्रवाल ने मध्यक्रम में उतरने का फैसला किया है लेकिन उन्हें आगे बढ़कर नेतृत्व करने की जरूरत है। गेंदबाजी में कैगिसो रबाडा ने अब तक 18 विकेट लिये हैं लेकिन वह महंगे साबित हुए हैं। संदीप शर्मा पावरप्ले में विकेट लेने की क्षमता रखते हैं। अर्शदीप सिंह ने प्रभावशाली गेंदबाजी की है, विशेषकर डेथ ओवरों में जहां उन्होंने अपनी सटीक यार्कर से बल्लेबाजों को परेशान किया है। टीम में अच्छे खिलाड़ी होने के बावजूद पंजाब की टीम महत्वपूर्ण मौकों पर बिखर जाती है जिसमें उसे जल्द से जल्द सुधार करना होगा।

टीम इस प्रकार हैं :

रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर : फाफ डुप्लेसी (कप्तान), विराट कोहली, ग्लेन मैक्सवेल, मोहम्मद सिराज, हर्षल पटेल, वानिन्दु हसरंगा, दिनेश कार्तिक, जोश हेजलवुड, शाहबाज अहमद, अनुज रावत, आकाश दीप, महिपाल लोमरोर, फिन एलन, शेरफ़ेन रदरफोर्ड, जेसन बेहरेनडॉर्फ, सुयश प्रभुदेसाई, चामा मिलिंद, अनीश्वर गौतम, कर्ण शर्मा, डेविड विली, रजत पाटीदार, सिद्धार्थ कौल।

पंजाब किंग्स : शिखर धवन, मयंक अग्रवाल (कप्तान), अर्शदीप सिंह, कैगिसो रबाडा, जॉनी बेयरस्टो, राहुल चाहर, हरप्रीत बराड़, शाहरुख खान, प्रभसिमरन सिंह, जितेश शर्मा, ईशान पोरेल, लियाम लिविंगस्टोन, ओडियन स्मिथ, संदीप शर्मा, राज अंगद बावा, ऋषि धवन, प्रेरक मांकड़, वैभव अरोड़ा, रितिक चटर्जी, बलतेज ढांडा, अंश पटेल, नाथन एलिस, अथर्व ताएदे, भानुका राजपक्षे, बेनी हॉवेल।

मुझे पहले ही बता दिया गया था कि मैं ऊपरी क्रम में बल्लेबाजी करूंगा : अश्विन

नवी मुंबई। रविचंद्रन अश्विन इंडियन प्रीमियर लीग के वर्तमान सत्र में अपनी गेंदबाजी के साथ बल्लेबाजी में भी कमाल दिखा रहे हैं जिसका श्रेय उन्होंने सत्र की शुरुआत में बल्लेबाजी के कड़े अभ्यास को दिया क्योंकि राजस्थान रॉयल्स ने इस ऑफ स्पिनर को पहले ही बता दिया था कि उन्हें शीर्ष क्रम में भेजा जा सकता है। अश्विन ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ बुधवार को तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए 38 गेंदों पर 50 रन की पारी खेली, हालांकि उनकी टीम को इस मैच में हार का सामना करना पड़ा। अश्विन ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, 'सत्र से पहले ही मुझे बता दिया गया था कि बल्लेबाज के रूप में मुझे ऊपरी क्रम में भेजा जाएगा। हमने कुछ अभ्यास मैच भी खेले थे जिनमें मैंने पारी की शुरुआत की थी। इस अनुभवी ऑफ स्पिनर ने कहा, 'मैंने अपनी बल्लेबाजी पर काफी मेहनत की और इसलिए यह देखकर अच्छा लग रहा है कि मुझे उसका फायदा मिल रहा है।' आईपीएल से पहले किये गये अभ्यास के बारे में अश्विन ने कहा, 'मैं सत्र के शुरू होने से पहले ही बल्लेबाजी में अच्छी लय में था।

राष्ट्रीय सब जूनियर पुरुष हॉकी चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंची झारखंड की टीम

एजेंसी

रांची। राष्ट्रीय सब जूनियर पुरुष हॉकी चैंपियनशिप में हॉकी झारखंड की टीम ने गुरुवार को क्वार्टर फाइनल के संघर्ष पूर्ण मुकाबले में हॉकी चंडीगढ़ को पेनाल्टी शूट आउट में 4-2 से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। इससे पहले दोनों ही टीमों ने तीन-तीन गोल किए। हॉकी झारखंड के उपाध्यक्ष मनोज कोनबेगी ने बताया कि चार से 15 मई तक गोवा में आयोजित 12वीं हॉकी इंडिया राष्ट्रीय सब जूनियर पुरुष हॉकी चैंपियनशिप में आज हॉकी झारखंड क्वार्टर फाइनल मुकाबले में हॉकी चंडीगढ़ को पेनाल्टी शूट आउट में 4-2 गोल से पराजित कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। पेनाल्टी शूटआउट में झारखंड टीम के गोल कीपर राकेश बड़ा ने चंडीगढ़ के दो शॉट को रोककर टीम को सेमीफाइनल में

पहुंचाने में महत्पूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने बताया कि शूटआउट में झारखंड ने चार गोल, जबकि चंडीगढ़ दो ही गोल कर सकी। पेनाल्टी शूटआउट में झारखंड के रोहित तिर्की, असीम एक्का, अमृत तिर्की और अभिषेक तिग्गा ने किया। इससे पूर्व संघर्षपूर्ण मैदानी खेल में दोनों ही टीम तीन-तीन गोल की बराबरी पर थे। इसके बाद दोनों टीमों का प्लांटी शूटआउट से निर्णय किया गया। झारखंड टीम में अनमोल टेटे, असीम एक्का, रोहित तिर्की, अमृत तिर्की, अमित बा, घूरन लोहरा, अमन तिग्गा, रोहित प्रधान, अभिषेक तिग्गा, एडिशन मिंज, राहुल मिंज आदि शामिल हैं। झारखंड टीम के सेमी फाइनल में पहुंचने पर हॉकी झारखंड के अध्यक्ष भोलानाथ सिंह, शशिकांत प्रसाद, विजय शंकर आदि ने बधाई दी है।

पुजारा की एकाग्रता सीखने लायक है : मोहम्मद रिज़वान

एजेंसी

लंदन। पाकिस्तान के विकेटकीपर बल्लेबाज़ मोहम्मद रिज़वान ने काउंटी चैंपियनशिप में ससेक्स के अपने साथी चेतेश्वर पुजारा की ''एकाग्रता और फ़ोकस'' की तारीफ़ की है और बताया है कैसे भारतीय टीम के बल्लेबाज़ पुजारा ने उन्हें इंग्लैंड में हल्के हाथों से और शरीर के क़रीब खेलने की हिदायत देकर मदद की है। रिज़वान और पुजारा के बीच डरहम के ख़िलाफ़ पिछले महीने छठे विकेट के लिए 154 रनों की साझेदारी हुई थी जिसमें रिज़वान ने 79 बनाए थे। पुजारा फ़िलहाल भारतीय टेस्ट टीम से बाहर हैं लेकिन ससेक्स के लिए अब तक उन्होंने चार प्रथम श्रेणी मुक़ाबलों में 143.40 की औसत से 717 रन बनाए हैं जिनमें दो शतक और दो दोहरे शतक शामिल हैं। रिज़वान के साथ साझेदारी रचते हुए पुजारा ने 203 रन बनाए थे और रिज़वान ने काउंटी क्रिकेट में धीमी शुरुआत के बाद अपने फ़ॉर्म में सुधार का श्रेय पुजारा को दिया। 'क्रिकविक' नामक यूट्यूब चैनल पर उन्होंने कहा कि आप सबके सामने है कि हम जो सालों से खेलते आ रहे हैं तो वाइड बॉल को शरीर से दूर खेलते हैं क्योंकि आप सफ़ेद गेंद [क्रिकेट] में अपने शरीर के क़रीब बहुत कम देखते हैं। यहां [पाकिस्तान में] स्विंग और सीम कम होता है तो आप रन ही देखते हैं। तो शुरुआत में मैं दो दफ़े शरीर से दूर खेलते हुए आउट हुआ। फिर मैं जाकर नेट्स में इससे [पुजारा] मिला हूं और उसने यही कहा कि 'हम पाकिस्तान या एशिया में खेलते हुए ज़ोर से ड्राइव लगाते हैं। यहां ज़ोर नहीं लगाना पड़ता।' और दूसरा यही कि शरीर के क़रीब खेलना पड़ता है क्योंकि मैं तो शरीर से दूर ही खेलते आ रहा हूं। रिज़वान ने कहा कि पुजारा की एकाग्रता और फ़ोकस सीखने लायक हैं और उनके व्यक्तिगत जीवन में जिन खिलाड़ियों में यह ख़ूबियां उन्हें सबसे ज़्यादा पसंद हैं उनमें पुजारा का नाम भी शामिल होगा। उन्होंने कहा, ''मैंने अपने जीवन में सबसे ज़्यादा एकाग्रता और फ़ोकस के लिहाज़ से यूनुस भाई [ख़ान] को पहले स्थान पर रखता हूं और फिर फ़वाद आलम को। पुजारा की जो फ़ोकस और एकाग्रता है वह इन्हीं के बराबर है। यह मैं ख़ुद ढूंढ़ने की कोशिश करूंगा कि किस तरह यह तीनों लोगों में एकाग्रता और फ़ोकस सबसे ज़्यादा है।''

वैसे तो भारत और पाकिस्तान के खिलाड़ी कई सालों से काउंटी क्रिकेट में साथ या एक दूसरे के ख़िलाफ़ खेलते नज़र आए हैं। 1970 और 1980 के दशक में जब पाकिस्तान टीम के लगभग सारे बड़े नाम काउंटी क्रिकेट का हिस्सा थे तब बिशन सिंह बेदी, सुनील गावस्कर, कपिल देव, मनोज प्रभाकर और मोहम्मद अज़हरुद्दीन भी काउंटी क्रिकेट में नियमित रूप से खेलते थे। हाल ही में भारत और पाकिस्तान के बीच क्रिकेट काफ़ी कम हो गया है और 2013 में आख़िरी द्विपक्षीय सीरीज़ के बाद उनका मैच सिर्फ़ आईसीसी मैचों में ही देखने को मिला है। रिज़वान का मानना है कि क्रिकेट जगत एक परिवार जैसा है और यहां खिलाड़ी कभी भी एक दूसरे के मूल देश को ज़हन में नहीं लाते। उन्होंने कहा, ''क्रिकेट एक फ़ैमिली है हमारी। अगर हमारा सगा भाई ऑस्ट्रेलिया के लिए खेल रहा होगा तो हमें तो उसे आउट करने की कोशिश करनी होगी क्योंकि हम अपने मुल्क़ के लिए खेल रहे हैं। यह जंग होती रहती है ग्राउंड के अंदर जाकर। मगर ग्राउंड के बाहर यह एक फ़ैमिली है। अगर मैं यह कहूं कि 'हमारा विराट कोहली', 'हमारा पुजारा', 'हमारा स्मिथ' या 'हमारा रूट' तो यह ग़लत होगा। पुजारा से उनके संबंध पर पूछे जाने पर रिज़वान ने बताया कि उनकी और पुजारा की दोस्ती काफ़ी सहजता से बन गई। उन्होंने कहा, ''यक़ीन करें मुझे तो अब तक कुछ भी अजीब सा नहीं लगा। हालांकि मैं उनसे मज़ाक़ करता रहता हूं और थोड़ा तंग भी करता रहता हूं। मगर वह बहुत ही अच्छे इंसान हैं और उनकी एकाग्रता और फ़ोकस सीखने लायक है।

संक्षिप्त समाचार

एफ-1 छात्र वीजा : सिर्फ नए आवेदकों के लिए पूर्व में आवेदन कर चुके लोगों के लिए नहीं

नई दिल्ली। अमेरिका के एफ-1 छात्र वीजा के लिये जिन लोगों का आवेदन पूर्व में खारिज हो चुका है वे आगामी दिनों में आवेदन प्रक्रिया शुरू होने पर मौका पाने में सक्षम नहीं होंगे। अमेरिकी दूतावास में काउंसलर मामलों के मंत्री डोनाल्ड एल हेफ्लिन ने बुधवार को यह जानकारी दी। दिल्ली में अमेरिकी महावाणिज्य दूतावास के वेब पेज पर 45 मिनट की 'लाइव चैट' के दौरान हेफ्लिन ने कहा कि गर्मी के सत्र के लिये छात्र वीजा का अवसर जून और जुलाई के पहले पखवाड़े में मिलेगा। उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं कि इस बार नए आवेदकों को मौका मिले। जिन लोगों ने पहले कभी आवेदन नहीं किया, जिन छात्रों ने अभी अपनी स्कूली शिक्षा पूरी की है और स्नातक की पढ़ाई करना चाहते हों या स्नातक कर चुके ऐसे विद्यार्थी जो परास्नातक के लिये वहां जाना चाहते हों। इन गर्मियों में जब आवेदनों के लिये समय आवंटित किया जाएगा तो वो लोग इस प्रक्रिया में शामिल नहीं हो पाएंगे जिनका आवेदन पूर्व में खारिज किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि बाद में गर्मियों में 15 अगस्त से एक सितंबर तक लगभग 15,000 स्लॉट उन लोगों के लिए उपलब्ध होंगे जिन्हें या तो इस गर्मी में या पिछले साल मना कर दिया गया था। मुझे पता है कि बहुत से लोग इसके बारे में चिंतित हैं लेकिन महामारी के कारण चीजें लंबे समय से बाधित थी३।ङ्क हेफ्लिन ने कहा कि अगले 12 महीनों के दौरान उन्हें भारत के लिए आठ लाख अमेरिकी वीजा दिए जाने की उम्मीद है।

रिकॉर्ड लो लेवल पर पहुंची रुपये की कीमत

नई दिल्ली। घरेलू बाजार से विदेशी निवेशकों द्वारा अपना पैसा तेजी से निकालने के चक्कर में की जा रही बिकवाली के कारण डॉलर के मुकाबले रुपया आज नए रिकॉर्ड लो लेवल तक फिसल गया। रुपये ने आज डॉलर के मुकाबले 77.63 रुपये प्रति डॉलर का नया लो लेवल हिट किया। हालांकि इस गिरावट के बाद भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा मुद्रा बाजार में डॉलर का प्रवाह बढ़ा दिए जाने के कारण रुपये की कीमत में गिरावट का रुख एक बार तो थम गया है, लेकिन डॉलर की मांग तेज होने की वजह से रुपये पर लगातार दबाव बना हुआ है। इंटर बैंक फॉरेन एक्सचेंज मार्केट में रुपये ने आज 24 पैसे की कमजोरी के साथ 70.49 रुपये प्रति डॉलर के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। कारोबार के शुरुआती दौर में ही भारतीय शेयर बाजार में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों की ओर से हो रही जोरदार बिकवाली के कारण भारतीय मुद्रा बाजार में डॉलर की मांग में काफी तेजी आ गई, जिसके कारण रुपये की कीमत लगातार टूटती चली गई। डॉलर की मांग में आई तेजी के कारण शुरुआती 1 घंटे में ही रुपया 77.63 रुपये प्रति डॉलर के अभी तक के सबसे निचले स्तर तक पहुंच गया। हालांकि इसके बाद भारतीय रिजर्व बैंक ने रुपये को सपोर्ट करने के लिए मुद्रा बाजार में डॉलर का फ्लो बढ़ा दिया, जिसकी वजह से रुपये की गिरावट कुछ हद तक थम गई। अभी तक के कारोबार में रुपया डॉलर के मुकाबले 77.49 से लेकर 77.63 के बीच चक्कर लगा रहा है। इस संबंध में मार्केट एनालिस्ट मयंक मोहन का कहना है कि इंटरनेशनल क्रूड ऑयल मार्केट में लगातार बन रही विषम परिस्थितियों, रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध के कारण तमाम कमोडिटीज की आपूर्ति में हो रही कमी और भारतीय शेयर बाजार में विदेशी निवेशकों की ओर से लगातार हो रही बिकवाली और अपना पैसा निकालने के कारण बने दबाव की वजह से मुद्रा बाजार में रुपये पर भी लगातार दबाव बना हुआ है। मयंक मोहन के मुताबिक देश की नजर फिलहाल खुदरा महंगाई के आंकड़ों पर टिकी रहने वाली है। उम्मीद की जा रही है की खुदरा महंगाई दर लगातार चौथे महीने भारतीय रिजर्व बैंक के की ओर से निर्धारित लक्ष्य (कंफर्ट जोन) से ऊपर बनी रह सकती है। अगर खुदरा महंगाई दर को लेकर जताई जा रही ये आशंका सही साबित हुई, तो रुपये पर और भी दबाव बढ़ सकता है, जिसके कारण आने वाले दिनों में रुपये के 80 रुपये प्रति डॉलर के लो लेवल पर जाने की आशंका से भी इनकार नहीं किया जा सकता है।

महिला हॉकी विश्व कप में शीर्ष चार में जगह बनाना लक्ष्य : सविता

एजेंसी

बेंगलुरू। भारतीय महिला हॉकी टीम की गोलकीपर सविता ने गुरुवार को कहा कि टीम का लक्ष्य इस साल होने वाले एफआईएच विश्व कप में शीर्ष चार में जगह बनाना है। विश्व कप जुलाई में होगा जिसकी मेजबानी संयुक्त रूप से नीदरलैंड और स्पेन करेंगे। भारत पिछली बार 2018 में लंदन में खेले गए विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में आयरलैंड से पेनल्टी शूटआउट में 1-3 से हार गया था। लेकिन सविता का कहना है कि भारत इस बार पदक दौर तक पहुंचने के लिये पूरी तरह से तैयार है। उन्होंने कहा कि हमारी अधिकतर खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर का अनुभव हासिल है, उन्हें शीर्ष टीमों से बड़े मैचों में खेलने का आत्मविश्वास है। इसे देखते हुए हम विश्व कप के लिये मजबूत टीम बनाने की सही दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। हमने पिछली बार लंदन में क्वार्टर

फाइनल में जगह बनाई थी, और इस बार हमारा लक्ष्य निश्चित रूप से इससे अगले स्तर तक पहुंचना है। विश्व कप एक से 17 जुलाई तक खेला जाएगा। इससे पहले भारतीय टीम को एफआईएच प्रो लीग में बेल्जियम से 11 और 12 जून को मैच खेलने हैं। इसके बाद भारत को नीदरलैंड में 18 और 19 जून को अर्जेंटीना से जबकि 21 और 22 जून को अमेरिका से भिड़ना है। विश्व कप में भारतीय टीम को इंग्लैंड, चीन और न्यूजीलैंड के साथ पूल बी में रखा गया है। वह अपने अभियान की शुरुआत तीन जुलाई को इंग्लैंड के खिलाफ एमस्टेलवीन में करेगी।

एनटीपीसी जुटाएगी 5,000 करोड़ रुपये का ऋण, बैंकों/वित्तीय संस्थानों से मांगा प्रस्ताव

नयी दिल्ली। नवरत्न विद्युत उत्पादक कंपनी एनटीपीसी लिमिटेड ने 5,000 करोड़ रुपये का सावधिक ऋण जुटाने के लिए बैंकों और वित्तीय संस्थानों से प्रस्ताव आमंत्रित किए हैं। एनटीपीसी की ओर से गुरुवार को जारी प्रस्ताव के लिए आवेदन (आरएफपी) में कहा गया है कि इच्छुक बैंक और वित्तीय संस्थान कंपनी को सावधिक ऋण के प्रस्ताव 27 मई 2022 को सुबह 11 बजे तक दे सकते हैं और उसी दिन 11:30 बजे निविदाएं खोली जाएंगी। एनटीपीसी ने कहा है कि कोई भी प्रस्ताव न्यूनतम 500 करोड़ रुपये या उससे गुणक में किया जा सकता है। इसके लिए बैंक या वित्तीय संस्थानों को ऋण पर ब्याज की दर के उल्लेख के साथ बिना शर्त और अपरिवर्तनीय प्रस्ताव पेश करना होगा। एनटीपीसी के सावधिक ऋण पत्रों को रेंटिग एजेंसी क्रिसिल लिमिटेड और इकरा लिमिटेड ने 'एएए'(स्थिर) रेंटिंग दी है। इंडिया रेंटिंग और केयर ने भी एनटीपीसी को ऋण के लिए 'एएए' रेटिंग दी है।

पेट्रोल-डीजल के दाम 36वें दिन भी स्थिर

एजेंसी

नयी दिल्ली। देश में तेल विपणन कंपनियों ने गुरुवार को भी पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बढ़ोतरी नहीं की, जिसके कारण लगातार 35वें दिन ईंधन के दाम स्थिर रहें।

सार्वजनिक क्षेत्र की देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) के अनुसार दिल्ली में पेट्रोल 105.41 रुपये प्रति लीटर और डीजल 96.67 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर रहा। मुंबई में पेट्रोल की कीमत 120.51 रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमत 104.77 रुपये प्रति लीटर पर मौजूद है। यूक्रेन तथा रूस के बीच जारी जंग से अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में घट-बढ़ जारी है। अंतरराष्ट्रीय लंदन ब्रेंट क्रूड आज 1.26 प्रतिशत गिरकर 106.16 डॉलर प्रति बैरल पर और अमेरिकी क्रूड 1.35 प्रतिशत की गिरावट के साथ 104.28 डॉलर प्रति बैरल की कीमत पर कारोबार कर रहा है। देश में पेट्रोल-डीजल की कीमतें 137 दिन की स्थिरता के बाद गत 22 मार्च से बढ़नी शुरू हुई थीं। कंपनियों ने 46 दिन में 14 बार पेट्रोल और डीजल के दामों में वृद्धि की। इस दौरान इनके दामों में करीब 10 रुपये प्रति लीटर की तेजी आयी है। पेट्रोल-डीजल के मूल्यों की प्रतिदिन समीक्षा की जाती है।

फ्लाइट न मिलने पर महिला को आया पैनिक अटैक, एयर इंडिया ने कहा- तीन पैसेंजर्स के लिए देर नहीं कर सकते थे

एजेंसी

नई दिल्ली। पिछले सप्ताह देर हो जाने पर दिल्ली हवाई अड्डे एक यात्री को एयर इंडिया की दिल्ली -वड़ोदरा उड़ान में सवार नहीं होने दिया गया एवं वह बेहोश हो गई जिसके बाद उसके रिश्तेदारों ने आरोप लगाया कि उसे तत्काल चिकित्सा सहायता उपलब्ध नहीं कराई गई। हालांकि एयर इंडिया ने यह कहते हुए आरोप को खारिज कर दिया कि तत्काल एक डॉक्टर मौके पर पहुंचा लेकिन तबतक यात्री अच्छा महसूस करने लगी थी। जब इस घटना के बारे में पूछा गया तब नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) के प्रमुख अरूण कुमार ने मीडिया से कहा, '' हम संबंधित एयरलाइन से रिपोर्ट मांग रहे हैं। सोशल मीडिया पर एक वीडियो आया है जिसमें अधेड़ उम्र की एक महिला बोर्डिंग



गेट के समीप फर्श पर लेटी है और उसके रिश्तेदार उसके लिए पानी का प्रबंध करने में लगे हैं। एक बयान में एयर इंडिया के प्रवक्ता ने कहा कि यह वीडियो उन तीन यात्रियों के संदर्भ में है जो बोर्डिंग गेट के बंद हो जाने पर पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि एयरलाइन कर्मी द्वार बंद होने से पहले उनके नाम पुकारते रहे। प्रवक्ता ने कहा, ''उनमें से एक को द्वार के समीप फर्श पर लेटा देख हमारे कर्मियों ने उसकी मदद के लिए तत्काल एक डॉक्टर एवं एक सीआईएसएफ कर्मी को बुलाया। उन्होंने कहा कि जब डॉक्टर मौके पर पहुंचा तब तक यात्री अच्छा महसूस करने लगी एवं उसने कोई चिकित्सा सहायता या व्हीलचेर लेने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि एयर इंडिया यात्रियों की सुरक्षा एवं सुविधा को शीर्ष प्राथमिकता देती है। प्रवक्ता ने कहा, ''लेकिन एक जिम्मेदार एयरलाइन होने के नाते में नियामकीय निकाय के नियमों का पालन करना होता है और किसी भी स्थिति में हम तब उड़ान देरी नहीं कर सकते जब सभी यात्री समय से विमान में सवार हो गए हों।'' एयर इंडिया ने यह नहीं बताया कि यह घटना दिल्ली हवाई अड्डे पर कब घटी। हालांकि सूत्रों ने कहा कि यह पिछले सप्ताह की घटना है।

चालू वित्त वर्ष में बनेंगे 18000 किमी राष्ट्रीय राजमार्ग : गडकरी

नयी दिल्ली। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि देश में व्यापक स्तर पर ढांचागत विकास के लिए काम चल रहा है और चालू वित्त वर्ष (2022-23) तक 18 हजार किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्गो के निर्माण का लक्ष्य तय किया गया है। श्री गडकरी ने ट्वीट कर कहा कि नये भारत के निर्माण के लिए राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण किया जा रहा है और चालू वित्त वर्ष के आखिर तक 18 हजार किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्गों का विकास रिकार्ड 50 किलोमीटर प्रति दिन की गति से किया जाएगा। उन्होंने कहा कि देश में 2025 तक दो लाख किमी राष्ट्रीय राजमार्गों के नेटवर्क को विकसित करने का लक्ष्य है। उनका कहना था कि सरकार का इस बात पर पूरा ध्यान केंद्रित है कि देश में विश्व स्तरीय सड़कों का निर्माण समयबद्ध तरीके से पूरा किया जा सके। केंद्रीय मंत्री ने ढांचागत विकास को देश को मजबूती प्रदान करने का माध्यम बताया और कहा कि यदि हमें ‘आत्मनिर्भर’ भारत का निर्माण करना है तो बेहतर सड़कों का विकास ‘आत्मनिर्भर भारत’ की ‘आत्मा’ के रूप में काम करेगा।

भारत को वैश्विक चिकित्सा केंद्र बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध : मांडविया

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया ने भारत को वैश्विक चिकित्सा केंद्र बनाने की प्रतिबद्ध व्यक्त करते हुए गुरुवार को कहा कि देश में अपना इलाज कराने के इच्छुक लोगों की आवश्यकताओं के लिए एक पोर्टल बनाया जा रहा है।

श्री मांडविया ने यहां ‘ब्रांड इंडिया’ की स्थापना के लिए भारतीय विदेश सेवा के वरिष्ठ अधिकारियों के एक गोलमेज सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि जो विदेशी लोग भारत में अपना इलाज करना चाहते हैं, उनके लिए विश्वसनीय जानकारी की सुविधा और आसानी के लिए एक ‘वन स्टेप’ पोर्टल बनाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि भारत अपने स्वास्थ्य सेवा तंत्र और विश्वस्तरीय चिकित्सा सुविधाओं के साथ पूरी दुनिया के लिए एक आकर्षण बन गया है। उन्होंने कहा, आज दुनिया के अलग-अलग देशों से लोग बड़ी संख्या में इलाज के लिए भारत आ रहे हैं। चिकित्सा पर्यटन को और बढ़ावा देने के उद्देश्य से, सरकार ने ‘हील इन इंडिया’ कार्यक्रम शुरू किया है। इसी तरह ‘हील बाय इंडिया’ कार्यक्रम की शुरुआत की गयी है। यह भारतीय चिकित्सा कर्मचारियों को दुनिया भर में यात्रा करने और एक स्वस्थ वैश्विक समाज की दिशा में योगदान करने का अवसर प्रदान करेगा। उन्होंने कहा, हम अपने पारंपरिक चिकित्सा उद्योग को और मजबूत करके और ‘हील इन इंडिया’ और ‘हील बाय इंडिया’ पहल को बढ़ावा देकर भारत को वैश्विक चिकित्सा केंद्र बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। चिकित्सा पर्यटन को और मजबूत करने के लिए कदम उठाने की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत की चिकित्सा यात्रा करने के इच्छुक लोगों के लिए दुनिया भर में भारतीय दूतावासों में सुविधा केंद्र स्थापित किये जाने चाहिए। इसके अलावा, भारत में इलाज करा रहे लोगों की प्रतिक्रिया प्राप्त करने के लिए एक एक प्रणाली स्थापित की जा सकती है। इससे चिकित्सा पर्यटन को ‘ब्रांड इंडिया’ बनाने में मदद मिलेगी। चिकित्सा क्षेत्र में अन्य देशों के साथ समझौते करने की आवश्यकता पर जोर देते हुए श्री मांडविया ने कहा कि कुशल नर्स उपलब्ध कराने के लिए जापान के साथ हमारा समझौता है। कुशल चिकित्सा श्रमबल के लिए अन्य देशों के साथ भी इस तरह के समझौते किए गए हैं। उन्होंने कहा कि चिकित्सा पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए इस प्रकार की संभावनाओं का पता लगाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत ने खुद को आयुष के केंद्र के रूप में स्थापित किया है। हाल ही में, ‘आयुष चिह्न’ जारी करने की घोषणा की गयी। यह भारत में आयुष उत्पादों को प्रामाणिकता प्रदान करेगा और पारंपरिक चिकित्सा उद्योग को बढ़ावा देगा। आयुर्वेद उपचार के लिए दूसरे देशों से भारत आने वालों के लिए एक विशेष वीजा श्रेणी बनाई गई है। आयुर्वेद उपचार कराने के लिए 165 देशों के साथ ‘मेडिकल वीजा’ और ‘मेडिकल अटेंडेंट वीजा’ का प्रावधान किया गया है।

राशिफल

मेष : आज बढ़िया दिन है जब आप सबके ध्यान को अपनी तरफ़ खींचेंगे।

वृष : आज आप अपने मनमौजी बर्ताव पर क़ाबू रखें, क्योंकि यह आपकी दोस्ती को बर्बाद कर सकता है। अपनी पेशेवर क्षमताओं को बढ़ाकर आप करिअर में नए दरवाज़े खोल सकते हैं।

मिथुन : आज सैर-सपाटे पर जाने का कार्यक्रम बन सकता है, जो आपकी ऊर्जा और उत्साह को तरोताज़ा कर देगा।

कर्क : आज अगर आप अपने आकर्षण और होशियारी का इस्तेमाल करें, तो लोगों से मनचाहा व्यवहार लाभ पा सकते हैं।

सिंह : आज व्यवसायियों के लिए अच्छा दिन है, क्योंकि उन्हें अचानक बड़ा फ़ायदा हो सकता है।

कन्या : आज प्यार का बुख़ार आपके सर पर चढ़ने के लिए तैयार है। इसका अनुभव कीजिए। आप जीतोड़ मेहनत और धीरज के बल पर अपने उद्देश्य हासिल कर सकते हैं।

तुला : आज पिता का तल्ख़ बर्ताव आपको नाराज़ कर सकता है। लेकिन हालात को नियंत्रण में रखने के लिए शांत रहें। इससे आपको ही फ़ायदा होगा।

वृश्चिक : आज आप दफ़्तर में माहौल में बेहतरी और कामकाज के स्तर में सुधार को महसूस कर सकते हैं।

धनु : आज के दिन किसी के साथ मजाक करने से बचें। रचनात्मक कामों से जुड़े लोगों के लिए बेहतरीन दिन है ।

मकर : आज आपका सामना कई नई आर्थिक योजनाओं से होगा- कोई भी फ़ैसला करने से पहले अच्छाईयों और कमियों पर सावधानी से ग़ौर फ़रमाएँ।

कुम्भ : आज आप शरारती मनोदशा में होंगे। अचानक आए ख़र्चे आर्थिक बोझ बढ़ा सकते हैं। आपके नज़दीकी लोग निजी जीवन में परेशानियाँ खड़ी कर सकते हैं।

मीन : आज बच्चों के साथ वाद-विवाद झुंझलाहट पैदा करेगा। एक प्यारी-सी मुस्कुराहट से अपने प्रेमी का दिन रोशन करें।

शहरों पानी की सुरक्षित व्यवस्था के लिए 2.77 लाख करोड़ रु की परियोजना: पुरी

एजेंसी

नयी दिल्ली। केन्द्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने गुरुवार को कहा कि सरकार ने 2,77,000 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ देश के सभी शहरों को पानी की सुरक्षा देकर एक नये शहरी भारत की उम्मीदों को साकार करने के लिए अमृत 2.0 परियोजना तैयार की है।

श्री पुरी ने यहां रियल इस्टेट कंपनियों के संगठन नेशनल रियल एस्टेट डेवलपमेंट काउंसिल (नारेडको) की महिला इकाई नारेडको माही के ‘निर्मल जल प्रयास’ का शुभारंभ करने के बाद कहा कि अमृत 2.0 के तहत सरकार अपने दायरे को 500 शहरों से लेकर भारत के सभी शहरी निकायों तक बढ़ा रही है। इसके तहत 4,700 शहरी स्थानीय निकायों के सभी घरों में 100 प्रतिशत पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने का लक्ष्य है। नारेडको माही ने जल निकायों को बचाने के लिए यह नयी पहल शुरू की है। नारेडको के अध्यक्ष राजन बंदेलकर, नारेडको माही की राष्ट्रीय अध्यक्ष तारा सुब्रमण्यम की उपस्थिति में यह पहला शुरू की गयी। यह कार्यक्रम राजधानी के प्रगति मैदान में इंडियन प्लंबिंग एसोसिएशन की ओर से आयोजित प्रदर्शनी एवं संगोष्ठी के दौरान किया गया। कार्यक्रम के दौरान ‘निर्मल जल प्रयास’ के लोगो का अनावरण भी किया गया। श्री पुरी ने कहा कि नारेडको माही के निर्मल जल प्रयास मिशन को लॉन्च करते हुए वह बेहद खुश हूं। उन्होंने कहा कि उन्हें बताया गया है कि इस पहल से प्रति वर्ष लगभग 500 करोड़ लीटर पानी की बचत होगी। यह जानना उत्साहजनक है कि पानी की कमी से सबसे ज्यादा प्रभावित महिलाओं ने पर्यावरण को बढ़ावा देने के लिए कदम बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि वह इस पहल की प्रगति को देखने के लिए उत्सुक हैं। श्री बंदेलकर ने कहा, इस बात को आज सभी अच्छी तरह से समझ चुके हैं कि जल है तो कल है और जल को सुरक्षित रखना समय की आवश्यकता है। रियल एस्टेट उद्योग और संबद्ध हितधारकों को इस संबंध में काफी अधिक संवेदनशील बनाने की आवश्यकता है। रियल एस्टेट और इसमें उपयोग की जाने वाली विभिन्न तरह की निर्माण सामग्री में नये प्रयोग के साथ नारेडको ने हमेशा पानी की हर बूंद को बचाने और पानी की रिसाइक्लिंग को बढ़ावा देने का प्रयास किया है। निर्मल जल प्रयास इस संबंध में नारेडको माही की प्रमुख पहल होने जा रही है। सुश्री सुब्रमण्यम ने कहा, माही एक नदी है और हमने अपनी महिला इकाई का नाम माही रखा, क्योंकि दोनों ही जीवन देती हैं और विकास का प्रतीक हैं। जल संरक्षण की दिशा में महत्व और घरों में पानी की बचत को बढ़ावा देने के प्रयासों को हमारी योजनाओं में अच्छी तरह से शामिल किया गया है और यह हमारे मुख्य लक्ष्यों में से एक है।

‘एंटी ओपन बर्निंग अभियान’ को 13 जून तक के लिए बढ़ाया: गोपाल राय

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने गुरुवार को कहा कि सरकार ने ‘एंटी ओपन बर्निंग अभियान’ को अगले एक महीने यानी 13 मई से 13 जून तक बढ़ाने के निर्देश जारी किए गए हैं।

श्री राय ने बताया कि समर एक्शन प्लान के तहत शुरू किए गए एंटी ओपन बर्निंग अभियान की प्रथम चरण का आज आखिरी दिन है। दिल्ली में ओपन बर्निंग के मामलों को देखते हुए, एंटी ओपन बर्निंग अभियान को 13 मई से 13 जून तक बढ़ाने के निर्देश भी जारी कर दिए गए हैं। रिपोर्ट के अनुसार पिछले एक महीने में करीबन 5241 स्थलों का निरीक्षण किया गया और करीबन 442 बार लैंडफिल साइट का भी निरीक्षण पूरा किया गया है। साथ ही 23 लोगों /संस्था को नोटिस /चालान जारी किया गया है और 6 लोगों का अभियोजन भी किया गया है।

उन्होंने बताया कि एंटी ओपन बर्निंग अभियान के तहत दिल्ली के विभिन्न जगहों पर 10 विभागों की 500 टीमों द्वारा निरीक्षण किया जा रहा है म जो 24 घंटे दिल्ली में ओपन बर्निंग की घटनाओ की निगरानी और रोकने के लिए त्वरित कदम उठाती रही है। जिसकी रिपोर्ट समय- समय पर पर्यावरण विभाग को भी जारी की गई है। साथ ही लैंडफिल साइट पर आग की घटनाओं को नियंत्रित करने के लिए दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) को सभी उचित कदम उठाने के निर्देश दिया गया है।

पर्यावरण मंत्री ने बताया कि एंटी ओपन बर्निंग से सम्बंधित शिकायतों को दूर करने के लिए ग्रीन दिल्ली एप ने भी काफी सहयोग दिया है। इस एप के ज़रिये 374 शिकायतों में से करीबन 347 शिकायतों का निवारण किया गया है। उन्होंने बताया कि अभी तक इस अभियान के ज़रिये सरकार दिल्ली में ओपन बर्निंग के मामलों को नियंत्रित करने और कड़ी कार्रवाई करने में कामयाब रही हैं। आगे भी यह अभियान दिल्ली के पर्यावरण सुधार और प्रदूषण नियंत्रण में एक अहम भूमिका निभाता रहेगा।

दिल्ली सरकार हरित क्षेत्र के संरक्षण के लिए लगवायेगी 10 लाख पौधे

नयी दिल्ली। दिल्ली सरकार हरित क्षेत्र को बढ़ाने और हवा की गुणवत्ता में सुधार के लिए राजधानी में 10 लाख पौधे लगाएगी।

दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने दिल्ली का हरित क्षेत्र बढ़ाने के केजरीवाल सरकार के प्रयासों का जिक्र करते हुए गुरुवार को कहा,ल्ल सरकार दिल्ली के निवासियों को स्वच्छ हवा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है और इस दिशा में हम दिल्ली के ग्रीन कवर को लगातार बढ़ा रहे हैं। इसे जारी रखते हुए केजरीवाल सरकार अगले मानसून से पहले 10 लाख पौधे लगाएगी। पिछले कुछ वर्षों में दिल्ली का ग्रीन कवर बढ़ा है और 10 लाख पौधे लगाने के बाद यह हरित क्षेत्र दिल्ली के लिए नए ‘ग्रीन लंग्स’ की तरह काम करेगा। उन्होंने कहा यह एक निवेश की तरह है जो हमारे नागरिकों को बेहतर वातावरण के साथ बेहतर स्वास्थ्य प्रदान करेगा। इस परियोजना के एक हिस्से के रूप में दक्षिणी रिज क्षेत्र के असोला भट्टी वन्यजीव अभयारण्य, डेरा, मंडी, घिटोरनी, मैदानगढ़ी, रंगपुरी, तुगलकाबाद, पुल पहलादपुर और रजोकरी में स्थित वन क्षेत्र का बड़ा हिस्सा कम सघन हैम् यहां वन क्षेत्र को सघन करने के लिए लाखों की संख्या में पेड़ लगाए जाएंगे और अन्य प्रजाति के पौधों को नुकसान पहुँचाने वाली प्रजातियों के पेड़-पौधों को हटाने का काम भी किया जाएगाम् साथ ही यहां मिट्टी की नमी के संरक्षण सबंधी उपायों को अपनाते हुए पर्यावरण को बहाल करने का काम किया जाएगा। उपमुख्यमंत्री ने हाल ही में हुए व्यय वित्त समिति (ईएफसी) की बैठक में 140.74 करोड़ रुपये लागत के इस परियोजना को मंजूरी दी। उल्लेखनीय है कि वन विभाग द्वारा इस साल मानसून से पहले ‘मिशन मोड’ में इन वन क्षेत्रों में छह लाख से अधिक पौधे लगाए जाएंगे और अगले मानसून में चार लाख पौधे लगाए जाएंगेम् इन पौधों में अरावली की देशी प्रजातियों के साथ वन विभाग के अपग्रेडेड नर्सरी में विशेष रूप से उगाए गए पौधों की प्रजातियां शामिल हैं। पौधारोपण और उनके संरक्षण का काम दिल्ली वन विभाग द्वारा नियुक्त किए गए ‘इको टास्क फ़ोर्स’ द्वारा किया जाएगा।

विस्तारित रेंज की ब्रह्मोस मिसाइल का सुखोई लड़ाकू विमान से सफल परीक्षण

नयी दिल्ली। भारत ने विस्तारित रेंज की ब्रह्मोस मिसाइल का गुरुवार को सुखोई लड़ाकू विमान से सफल परीक्षण किया। रक्षा मंत्रालय के अनुसार यह परीक्षण कसौटी पर पूरी तरह से खरा उतरा और इसने बंगाल की खाड़ी क्षेत्र में लक्ष्य पर सटीक निशाना साध कर परीक्षण के सभी उद्देश्यों को पूरा किया। विस्तारित रेंज की ब्रह्मोस मिसाइल का लड़ाकू विमान सुखोई से पहली बार परीक्षण किया गया है। इसके साथ ही वायु सेना ने सुखोई विमान से जमीन और समुद्र में अत्यंत लंबी दूरी के लक्ष्यों पर सटीक निशाना साधने की महारत हासिल करनी है। इस परीक्षण मैं वायुसेना , नौसेना, डीआरडीओ और हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड एचएएल ने बेहतर तालमेल तथा परस्पर सहयोग केबल पर परिणाम हासिल किया है।

सैन्य तैयारियों का जायजा लेने के लिए लद्दाख पहुंचे सेना प्रमुख

नयी दिल्ली। चीन के साथ पिछले करीब दो वर्षों से चले आ रहे सैन्य गतिरोध के बीच सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने गुरुवार को लद्दाख सेक्टर में सुरक्षा स्थिति और सेना की संचालन तैयारियों की समीक्षा की। सेना के प्रवक्ता ने बताया कि जनरल पांडे तीन दिन की यात्रा पर लेह लद्दाख गए हैं। सेना प्रमुख बनने के बाद जनरल पांडे की लद्दाख सेक्टर की यह पहली यात्रा है। तीन दिन की यात्रा के दौरान सेना प्रमुख वास्तविक नियंत्रण रेखा से लगते विभिन्न अग्रिम मोर्चो और सेक्टरों का दौरा करेंगे तथा सैन्य तैयारियों और सुरक्षा स्थिति की समीक्षा करेंगे। वह इस सेक्टर में तैनात सेना के शीर्ष कमांडरों के साथ तमाम पहलुओं पर विस्तार से विचार विमर्श करेंगे तथा भविष्य की रणनीति पर भी चर्चा करेंगे। जनरल पांडे ने करीब 10 दिन पहले सेना प्रमुख की जिम्मेदारी संभालते समय कहा था कि पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर अप्रैल 2020 से पहले की यथास्थिति की बहाली करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी।

एलआईसी आईपीओ विवाद पर सुप्रीम कोर्ट का अंतरिम राहत देने से इनकार

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को जीवन बीमा निगम (एलआईसी) की पांच फ़ीसदी हिस्सेदारी आईपीओ के माध्यम से बेचने के सरकार के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर याचिकाकर्ता बीमा धारकों को अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति डी. वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति पी. एस. नरसिम्हा की खंडपीठ ने इस मामले को संविधान पीठ के समक्ष भेज दिया, जहां वित्त अधिनियम 2021 को धन विधेयक के रूप में पारित करने का मामला लंबित है। खंडपीठ ने पहले से लंबित मामले के साथ इसे ‘टैग’ कर दिया। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने केंद्र सरकार और एलआईसी को नोटिस जारी करके आठ सप्ताह के भीतर अपना पक्ष रखने को कहा। याचिकाकर्ता थॉमस फ्रैंको समेत कुछ पॉलिसी धारकों ने आईपीओ की प्रक्रिया को एलआईसी अधिनियम का उल्लंघन का आरोप लगाते कानून में संशोधन को शीर्ष अदालत में चुनौती दी थी। शीर्ष न्यायालय ने अंतरिम राहत देने से इनकार करते हुए कहा, ''याचिकाओं में कोई दम नहीं है। इसलिए हम इस मामले में कोई आदेश पारित करने को इच्छुक नहीं हैं। याचिकाकर्ताओं ने यह दावा करते हुए उच्चतम न्यायालय दरवाजा खटखटाया था कि चूंकि धन विधेयक से संबंधित एक मामला संविधान पीठ के समक्ष लंबित है, इसलिए इस मामले पर भी उस पीठ को ही निर्णय लेना चाहिए। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं की ओर से दलील देते हुए कहा गया कि एलआईसी अधिनियम में संशोधन ने पॉलिसी धारकों के हितों को गंभीर खतरे में डाल दिया है। केंद्र ने कहा कि धन विधेयक 15 महीने पहले 28 मार्च, 2021 को पारित किया गया था। याचिकाकर्ता अदालत में इतने बड़े अंतराल के बाद चुनौती नहीं दे सकते।

15 राज्यों की 57 राज्य सभा सीटों के लिए मतदान 10 जून को : आयोग

एजेंसी

नयी दिल्ली। निर्वाचन आयोग ने उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार, हरियाणा, राजस्थान और आंध्र प्रदेश समेत 15 राज्यों की इस साल जून से अगस्त के बीच रिक्त हो रही 57 राज्य सभा की सीटों के लिए मतदान 10 जून को कराने की घोषणा की है। निर्वाचन आयोग द्वारा गुरुवार को जारी कार्यक्रम के अनुसार इन सीटों के लिए अधिसूचना 24 मई को जारी की जाएगी और नामांकन पत्र 31 मई तक भरे जा सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच पहली जून को की जाएगी और नाम तीन जून तक वापस लिए जा सकेंगे। इन सीटों के लिए मतदान 10 जून को सुबह 09:00 बजे से शाम 04:00 बजे तक कराया जाएगा और मतों की गिनती उसी दिन शाम पांच बजे से शुरू होगी। आयोग ने कहा है कि मतदान की प्रक्रिया 13 जून तक संपन्न करा ली जाएगी। आयोग की विज्ञप्ति के अनुसार राज्य सभा की इन सीटों के चुनावों में आंध्र प्रदेश की चार, तेलंगाना की दो, छत्तीसगढ़ की दो, मध्य प्रदेश की तीन, तमिलनाडु की छह, कर्नाटक की चार, ओडिशा की तीन, महाराष्ट्र की छह, पंजाब की दो, राजस्थान की चार, उत्तर प्रदेश की 11, उत्तराखंड की एक, बिहार की पांच, झारखंड और हरियाणा की दो-दो सीटों पर मतदान कराया जाएगा। आयोग ने आज ही कर्नाटक विधान परिषद् की स्नातक निर्वाचन क्षेत्र की दो सीटों और शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र की दो सीटों के लिए चुनाव कार्यक्रम की भी घोषणा की। यह चारों सीटें चार जुलाई को रिक्त हो रही हैं। आयोग इन चार सीटों के लिए चुनाव की अधिसूचना 19 मई को जारी करेगा और इसके लिए नामांकन 26 मई तक जमा किए जा सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच 27 मई तक की जाएगी तथा नामांकन वापस लेने की अंतिम तिथि 30 मई है। विज्ञप्ति के अनुसार इन सीटों पर 13 जून को सुबह 08:00 बजे से शाम 04:00 बजे तक मतदान कराया जाएगा और 15 जून को मतगणना होगी। चुनाव आयोग ने बताया कि इन सीटों के लिए चुनाव प्रक्रिया 17 मई तक पूरी कर ली जाएगी।

पेज एक का शेष

सेंसेक्स 1158 और निफ्टी....

1158.08 अंक का गोता लगाकर लगभग नौ सप्ताह के निचले स्तर और 53 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे 52930.31 अंक पर आ गया। इससे पूर्व सेंसेक्स 07 मार्च को 52,842.75 अंक पर रहा था। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 359.10 अंक लुढ़ककर 16 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के नीचे 15808 अंक पर रहा। इस दौरान वैश्विक बाजार में हाहाकार रहा। ब्रिटेन का एफटीएसई 2.41, जर्मनी का डैक्स 2.30, जापान का निक्केई 1.77, हांगकांग का हैंगसेंग 2.24 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.12 प्रतिशत लुढ़क गया। इससे हताश निवेशकों ने बीएसई के सभी 19 समूहों में जमकर बिकवाली की, जिससे बेसिक मैटेरियल्स 2.56, सीडीजीएस 2.04, वित्त 3.14, इंडस्ट्रियल्स 2.72, दूरसंचार 2.81, यूटिलिटीज 3.90, ऑटो 2.03, बैंकिंग 3.14, कैपिटल गुड्स 2.46, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 2.63, धातु 3.75, रियल्टी 2.25 और पावर समूह के शेयर 4.11 प्रतिशत गिर गए। इस बीच निवेश सलाह देने वाली कंपनी स्वास्तिका इन्वेस्टमार्ट लिमिटेड के शोध प्रमुख संतोष मीणा ने कहा, ''यह बाजार कमजोर लोगों के लिए नहीं है क्योंकि बाजार में अभी और गिरावट आना संभव है और अल्पावधि में अस्थिरता के मोर्चे पर कोई राहत नहीं मिलेगी। निवेशकों को विशेष रूप से जिन्होंने कोविड बाद बाजार में प्रवेश किया है उन्हें शेयर बाजार से अपनी उम्मीदों को फिलहाल कम करना होगा।ङ्क शेयर बाजार ने आज हाहाकार के साथ कारोबार की शुरुआत की। सेंसेक्स 480 अंक की बड़ी गिरावट लेकर 53,608.35 अंक पर खुला। हालांकि मामूली लिवाली से यह थोड़ी देर बाद 53,632.55 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंचा। पूरे सत्र धीमी चाल में उतार-चढ़ाव से गुजरता हुआ कारोबार के अंतिम चरण में बिकवाली के दबाव में 52,702.30 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। संभलने की कोशिशें के बावजूद अंत में यह पिछले दिवस के 54,088.39 अंक के मुकाबले 2.14 प्रतिशत गिरकर 52,930.31 अंक पर रहा। इस दौरान बीएसई में कुल 3447 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2614 में गिरावट जबकि 747 में तेजी रही वहीं 86 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी भी 146 अंक टूटकर 16,021.10 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 16,041.95 अंक के उच्चतम जबकि 15,735.75 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले दिवस के 16,167.10 अंक की तुलना में 2.22 प्रतिशत लुढ़ककर 15,808 अंक पर रहा। इस दौरान एनएसई में 45 कंपनियों के शेयर लाल जबकि पांच हरे निशान पर रहे। इस दौरान सूचना प्रौद्योगिकी समेत विभिन्न क्षेत्रों में कारोबार करने वाली कंपनी विप्रो की 0.91 प्रतिशत की तेजी को छोड़कर सेंसेक्स की शेष 29 कंपनियों ने गोता लगाया। इंडसइंड बैंक ने सबसे अधिक 5.82 प्रतिशत का नुकसान उठाया। इसके अलवा गिरावट पर रहने वाली अन्य प्रमुख कंपनियों में टाटा स्टील 4.13, एक्सिस बैंक 3.44, एचडीएफसी बैंक 3.34, एचडीएफसी 3.17, एलटी 3.00, एसबीआई 2.93, एनटीपीसी 2.65, आईसीआईसीआई बैंक 2.56, रिलायंस 1.99, मारुति 1.63, इंफोसिस 1.18, आईटीसी 1.04 और टीसीएस 0.06 प्रतिशत शामिल रही।

मथुरा में कृष्ण...

गौरतलब है कि इस मामले में याचिकाकर्ता मनीष यादव ने खुद को भगवान कृष्ण का वंशज बताते हुए सिविल जज की अदालत में अर्जी दायर कर कहा था कि मथुरा में 13.37 एकड़ जमीन भगवान श्रीकृष्ण विराजमान की है। इसमें से 1.45 जमीन पर ईदगाह का अनधिकृत कब्जा है। याचिकाकर्ता ने अनधिकृत कब्जे को हटवाने की मांग करते हुए याचिका में अदालत को बताया कि उसकी सह अर्जी मथुरा के सिविल जज की अदालत में दिसंबर 2020 से लंबित है। उसने दलील दी है कि प्रतिवादी पक्ष सुन्नी वक्फ बोर्ड के प्रतिनिधि अब तक एक बार भी अदालत के समक्ष उपस्थित नहीं हुए हैं। उच्च न्यायालय ने मथुरा की स्थानीय अदालत को मामले के शीघ्र निस्तारण का निर्देश देते हुए कहा कि इस पर चार महीने के अंदर फसला किया जाना न्याय के हित में होगा।

ताजमहल के...

याचिका में यह भी दावा किया गया कि ताजमहल के बंद दरवाजों के भीतर भगवान शिव का मंदिर है। याचिका में अयोध्या के जगतगुरु परमहंस के वहां जाने और उन्हें भगवा वस्त्रों के कारण रोके जाने संबंधी हालिया विवाद का भी जिक्र किया गया। याची ने ताजमहल के संबंध में एक फैक्ट फाइंडिंग कमेटी (तथ्यों का पता लगाने वाली समिति) बनाकर अध्ययन करने और ताजमहल के बंद करीब 20 दरवाजों को खोलने के निर्देश जारी करने का आग्रह किया है जिससे सत्यता सामने आ सके । हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में सुनवाई में याचिकाकर्ता रजनीश सिंह के वकील ने कहा कि देश के नागरिकों को ताजमहल के बारे में सच जानने की जरूरत है। याचिकाकर्ता ने कहा ल्ल मैं कई आरटीआई लगा चुका हूं। मुझे पता चला है कि कई लगभग 20 कमरे बंद हैं और प्रशासन की ओर से बताया गया कि ऐसा सुरक्षा कारणों की वजह से किया गया है। इसके जवाब में यूपी सरकार के वकील ने कहा कि इस मामले में आगरा में पहले से ही मुकदमा दर्ज है और याचिकाकर्ता का इस पर कोई अधिकार क्षेत्र नहीं है। वहीं याचिकाकर्ता ने कहा ल्ल मैं इस तथ्य पर बात ही नहीं कर रहा कि वह जमीन भगवान शिव से जुड़ी है या अल्लाह से। मेरा मुख्य मुद्दा वो बंद कमरें हैं और हम सभी को जानना चाहिए कि आखिर उन कमरों के पीछे क्या है। इसके बाद दो न्यायाधीशों की बेंच ने याचिकाकर्ता से कहा ल्ल जाइए एमए करिए और उसके बाद ऐसा विषय चुनिए। अगर कोई संस्थान आपको रोकता है तो हमारे पास आइए। अदालत ने पूछा ल्ल आप किससे सूचना मांग रहे हैं। इसके जवाब में याचिकाकर्ता ने कहा प्रशासन से। इस पर कोर्ट ने कहा ल्ल अगर वो कह चुके हैं कि सुरक्षा कारणों से कमरे बंद हैं तो वही सूचना है। अगर आप संतुष्ट नहीं हैं तो इसको चुनौती दीजिए। आप एमए करिए और फिर नेट, जेआरएफ करिए और अगर कोई यूनिवर्सिटी आपको इस विषय पर शोध करने से रोके तो हमारे पास आइए। अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ता अपनी याचिका तक ही सीमित रहे। अदालत ने याचिका खारिज कर दी है ।

देवेंद्र सिंह चौहान...

में सबसे आगे हैं। उनकी गिनती मुख्यमंत्री के भरोसेमंद में होती है। पर अभी केंद्र से पैनल मांगा जाता है तो उसमें चौहान का नाम शामिल होना मुश्किल है। क्योंकि चौहान वरिष्ठता क्रम में चौथे नंबर पर हैं। लेकिन पैनल जुलाई के बाद मांगा जाता है तो उसमें चौहान का नाम शामिल हो सकता है। क्योंकि तब जीएल मीना का सेवाकाल 6 माह से कम रह जाएगा और यूपीएससी के नियमों के तहत 6 माह से कम कार्यकाल वाले को पैनल में शामिल नहीं किया जा सकता।

राम की नगरी का प्रवेश...

को भी समझाया जायेगा। अर्थात चौराहे के नाम निषाद राज चौराहा कहा जायेगा। इन दोनों प्रमुख चौराहों पर आधुनिक सुविधाओं को भी तैयार किया जायेगा। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा निर्देशित किये गये चौराहों को लेकर यह नगर निगम की बोर्ड बैठक में प्रस्ताव रखे गये जिसमें उदया चौराहा, लता मंगेशकर के नाम और टेढ़ी बाजार चौराहा निषाद राज के नाम से जाना जायेगा। कल देर शाम हुई नगर निगम की बोर्ड बैठक में पास होने के बाद अब इन चौराहों का नाम बदले जाने के लिये शासन को प्रस्ताव भेजा जायेगा।

राज्यसभा के 11 सदस्यों के...

10 जून को सुबह नौ बजे से अपराह्न चार बजे तक मतदान होगा। 10 जून, को ही शाम पांच बजे से मतगणना होगी। 13 जून से पूर्व निर्वाचन सम्पन्न करा लिया जायेगा।

जल शक्ति मिशन के...

जोड़ा जाए। महिला स्वयं सहायता समूहों को प्रशिक्षित कर उन्हें भी इस कार्य में शामिल किया जा सकता है। जल जीवन मिशन और नमामि गंगे परियोजनाओं के कार्यों का जिलाधिकारी स्तर पर सतत मानिटरिंग किया जाए। यथाशीघ्र राज्य स्तर पर प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट (पीएमयू) नियुक्त किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर ग्राम पंचायत में न्यूनतम एक सामुदायिक शौचालय कॉम्प्लेक्स के निर्माण का संकल्प पूरा होने की ओर है। सतत प्रयासों से प्रदेश के 58 हजार 289 ग्राम पंचायतों में से 57 हजार 266 में सामुदायिक शौचालय बन चुके हैं। स्थानीय ग्रामीण महिला को ही इनका केयरटेकर भी नियुक्त किया गया है। कॉम्प्लेक्स के प्रबंधन व रखरखाव के लिए तीन हजार और केयरटेकर को छह हजार मासिक भुगतान भी किया जा रहा है। इस प्रयास से ग्रामीण क्षेत्र में लोगों को काफी सुविधा मिली है। प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश खुले में शौच से मुक्त हो चुका है। अब हम ओडीएफ प्लस की ओर अग्रसर हैं। इस कार्य को तय लक्ष्य के सापेक्ष समयबद्ध ढंग से पूरा किया जाए। भारत सरकार की अटल भूजल योजना को आगे बढ़ाते हुए राज्य सरकार ने प्रदेश के सभी जिलों को भी भूजल योजना से जोड़ा है। बुंदेलखंड में इस योजना के अच्छे परिणाम देखने को मिले हैं। इस अभियान से अधिकाधिक लोगों को जोड़ने के प्रयास हो। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना का ही परिणाम है कि आज उत्तर प्रदेश के खेतों में सिंचाई की सुविधा में अभूतपूर्व सुधार हुआ है। बाणसागर, सरयू नहर, अर्जुन सहायक जैसी परियोजनाओं ने किसानों को बड़ी राहत दी है। खेत तक पानी पहुंचाने के लिए कुलाबे की जगह पाइप का प्रयोग करने पर भी विचार करें।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि बांध के पुनरुद्धार और सुधार के लिए भारत सरकार द्वारा अभिनव पहल की गई है। इस परियोजना में उत्तर प्रदेश के अधिकाधिक बांधों को शामिल कराया जाए। परियोजना से मौजूदा चयनित बांधों की सुरक्षा और संचालन क्षमता में सुधार होगा और उनकी असफलता का जोखिम कम होगा। साथ ही, आजीविका के लिए बांधों के जल क्षेत्र पर निर्भर शहरी और ग्रामीण समुदाय के लोगों को मिलेगा। बांधों में सिल्ट की समस्या के स्थायी निदान के लिए ठोस प्रयास किए जाने की आवश्यकता है। समीक्षा बैठक में उत्तर प्रदेश सरकार के सम्बंधित विभागीय मंत्री, भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार के अधिकारी भी मौजूद रहे।

यूएन में उत्तर कोरिया पर प्रतिबंधों को लेकर अमेरिका की चीन-रूस से हुई तीखी नोकझोंक

एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र। उत्तर कोरिया पर प्रतिबंधों को लेकर संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका-चीन और रूस आपस में भिड़ गए। अमेरिका की, उत्तर कोरिया के मिसाइल और परमाणु कार्यक्रमों को लेकर उस पर संयुक्त राष्ट्र के नए प्रतिबंध लगाने के लिए जोर दिए जाने पर चीन और रूस के कड़े विरोध के चलते बुधवार को उनसे तीखी नोकझोंक हुई। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक में चर्चा में दोनों पक्षों के बीच काफी मतभेद देखने को मिला और बाइडेन प्रशासन के लिए नए प्रतिबंधों के प्रस्ताव को परिषद में पारित कराना लगभग असंभव कार्य बन गया। चीन और रूस दोनों के पास वीटो का अधिकार है और उन्होंने कहा कि वे उत्तर कोरिया पर नयी वार्ता देखना चाहते है न कि उसे और सजा देना चाहते हैं। अमेरिका की राजदूत लिंडा थॉमस-

ग्रीनफील्ड ने कहा कि सुरक्षा परिषद उत्तर कोरिया के एक और उकसावे वाला, गैरकानूनी, खतरनाक कृत्य जैसे कि परमाणु परीक्षण करने तक का इंतजार नहीं कर सकती है। ग्रीनफील्ड इस महीने के लिए सुरक्षा परिषद की अध्यक्ष हैं। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक कोरिया गणराज्य ने इस साल अभी तक 17 बैलिस्टिक मिसाइल परीक्षण किए हैं। संयुक्त राष्ट्र के सहायक महासचिव खालिद खैरी ने परिषद में कहा कि उत्तर कोरिया ने दो साल पहले के मुकाबले पिछले पांच महीनों में अधिक मिसाइलों का परीक्षण किया है।'' ग्रीनफील्ड ने चीन और रूस का प्रत्यक्ष संदर्भ देते हुए कहा कि पिछले चार वर्षों में दो सदस्यों ने प्रतिबंध लगाने के ''हर प्रयास को बाधित किया है। उन्होंने कहा कि दिसंबर 2017 में पारित प्रतिबंधों के प्रस्ताव में सुरक्षा परिषद ने कहा था कि अगर उत्तर कोरिया अंतरमहाद्वीप तक पहुंचने में सक्षम बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण करता है तो उसे पेट्रोलियम निर्यात पर प्रतिबंध का सामना करना पड़ेगा। अमेरिकी राजदूत ने कहा कि इस साल उत्तर कोरिया ने कम से कम तीन आईसीबीएम परीक्षण किए और परिषद इस पर चुप है। अमेरिका के प्रस्तावित प्रतिबंध प्रस्ताव में अन्य प्रतिबंधों समेत तेल के निर्यात पर पाबंदी शामिल होगी। वहीं, चीन के राजदूत झांग जुन ने इस पर खेद जताते हुए कहा कि अमेरिका ''प्रतिबंधों की जादुई शक्ति के प्रति अंधविश्वासी बना हुआ है।

चीन: टेकऑफ के समय रनवे से फिसला विमान, पलभर में आग की लपटों में घिरा,40 से ज्यादा यात्री घायल

एजेंसी

बीजिंग। चीन के दक्षिण-पश्चिम चोंगकिंग शहर में बृहस्पतिवार को 'तिब्बत एयरलाइन्स' के एक विमान में रनवे से उतर जाने के कारण आग लग गई, जिससे 40 से अधिक लोग घायल हो गए हैं। 'तिब्बत एयरलाइन्स' ने बताया कि चोंगकिंग से तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र के न्यिंगची शहर जा रहे विमान में 113 यात्री और चालक दल के 9 सदस्य सवार थे। विमान से सभी लोगों को निकाल लिया गया है। सरकारी 'चाइना ग्लोबल टेलीविजन नेटवर्क' (सीजीटीएन) की खबर के अनुसार, हादसे में 40 से अधिक लोगों को मामूली चोटें आई हैं। हांगकांग के 'साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट' की खबर के अनुसार, 'चाइना सेंट्रल टेलीविजन' (सीसीटीवी) द्वारा जारी किए गए वीडियो में चोंगकिंग जियांगबेई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर तिब्बत एयरलाइन्स के विमान के आगे के हिस्से से

आग की लपटें और काला धुआं निकलता दिखाई दे रहा है। लोग अफरा-तफरी में पिछले दरवाजे से विमान से बाहर निकलते नजर आ रहे हैं। सीसीटीवी ने कहा कि आग पर काबू पा लिया गया है और रनवे फिलहाल बंद है। विमान तिब्बत के न्यिंगची के लिए रवाना होने वाला था और तभी उसमें आग लग गई। घटना की जांच की जा रही है। चीन में हालिया हफ्तों में दुर्घटनाग्रस्त हुआ यह दूसरा विमान है। बोइंग 737 विमान 12 मार्च को दुर्घटनाग्रस्त हो गया था, जिसमें सवार सभी 132 लोग मारे गए थे।

अमेरिका के स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय में नए स्कूल के पहले डीन पद के लिए भारतवंशी अरुण मजूमदार नामित

लॉस एंजलिस। भारतीय-अमेरिकी पदार्थ वैज्ञानिक, इंजीनियर और प्रोफ़ेसर डॉ. अरुण मजूमदार को स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय के जलवायु परिवर्तन और निरंतरता पर केंद्रित नए स्कूल का पहला डीन नामित किया गया है। 'स्टैनफोर्ड न्यूज' के मुताबिक विश्वविद्यालय के 70 सालो में पहले नए स्कूल 'स्टैनफोर्ड डोएर्र स्कूल ऑफ सस्टेनबिलिटी' की शुरुआत एक सितंबर को होगी। इसका उद्देश्य वैश्विक जलवायु संकट के त्वरित समाधान पर ध्यान केंद्रित करना होगा। मजूमदार फिलहाल जे प्रीकोर्ट प्रोवोस्टियल चेयर प्रोफ़ेसर, मेकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग एवं पदार्थ विज्ञान के संकाय सदस्य और प्रीकोर्ट इंस्टीट्यूट ऑफ एनर्जी के फैलो तथा पूर्व निदेशक हैं। वह 15 जून को अपना नया पदभार ग्रहण करेंगे। मूल रूप से कोलकाता के रहने वाले मजूमदार ने 1985 में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) बंबई से मकेनिकन इंजीनियरिंग में अपनी स्नातक डिग्री ली थी।

उत्तर कोरिया में कोरोना की दस्तक के बाद लॉकडाउन का ऐलान, ज्यादातर लोगों ने नहीं लगवाई है वैक्सीन

एजेंसी

प्योंगप्यांग। उत्तर कोरिया में संक्रमण के पहले मामले की पुष्टि करने के बाद देश के नेता किम जोंग-उन ने शहरों और काउंटी में पूर्ण लॉकडाउन लगाने का आदेश दिया है। कोविड-19 वैश्विक महामारी फैलने के दो साल से अधिक समय बाद उत्तर कोरिया में संक्रमण के पहले मामले की पुष्टि की गई है। उत्तर कोरिया की सरकारी समाचार एजेंसी 'कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी' (केसीएनए) ने बताया कि राजधानी प्योंगयांग में जांच के लिए रविवार को कुछ लोगों के नमूने लिए गए थे, जिनके कोरोना वायरस के 'ओमीक्रोन' स्वरूप से संक्रमित होने की पुष्टि हुई है। 'केसीएनए' ने बताया कि संक्रमण के मामले सामने आने के बाद देश के नेता किम जोंग-उन ने शहरों और काउंटी में पूर्ण लॉकडाउन लगाने का आह्वान किया है। ऐसा कहा जाता है कि 2.6 करोड़ की आबादी वाले देश में

अधिकतर लोगों को कोविड-19 रोधी टीके नहीं लगे हैं। उत्तर कोरिया ने संयुक्त राष्ट्र समर्थित 'कोवैक्स' टीका वितरण कार्यक्रम से मदद लेने का प्रस्ताव ठुकरा दिया था। एजेंसी ने बताया कि किम ने सत्तारूढ़ कोरियाई वर्कर्स पार्टी के पोलित ब्यूरो की बैठक में अधिकारियों से संक्रमण को रोकने और उसे जल्द से जल्द जड़ से खत्म करने को भी कहा। हालांकि, अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि उत्तर कोरिया में संक्रमण के कितने मामले सामने आए हैं और वैश्विक महामारी का प्रकोप वहां कितना है। इससे पहले, उत्तर कोरिया ने दावा किया था कि उसके देश में कोविड-19 का एक भी मामला सामने नहीं आया है। कोरोना वायरस फैलने के बाद उसने अपनी सभी सीमाएं बंद कर दी थीं और करीब दो साल तक सभी व्यापारियों तथा पर्यटकों के देश में आने पर प्रतिबंध लगा दिया था। परमाणु हथियार एवं मिसाइल कार्यक्रम के कारण पहले ही अमेरिकी प्रतिबंधों का सामना कर रहे देश की अर्थव्यवस्था कोरोना वायरस संबंधी प्रतिबंधों के कारण और संकट में आ गई थी।

पाक के प्रधानमंत्री शहबाज लंदन में बड़े भाई नवाज शरीफ से मिल, देश के संकट से अवगत कराया

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने अपने बड़े भाई एवं पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ से लंदन में मुलाकात की और उन्हें उन अहम राजनीतिक, आर्थिक और प्रशासनिक मुद्दों से अवगत कराया, जिनका समाना नकदी के संकट से जूझ रहे देश को करना पड़ रहा है। शहबाज अपनी पार्टी पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के वरिष्ठ सदस्यों के साथ बुधवार को एक निजी यात्रा पर लंदन पहुंचे। सूचना मंत्री मरियम औरंगजेब ने बुधवार को एक बयान में बताया कि बैठक में पिछले महीने सत्ता में आने के बाद से सरकार द्वारा उठाए गए कदमों पर विस्तार से चर्चा की गई और लोगों को बिजली की समस्या तथा महंगाई से बचाने के तरीकों पर विचार-विमर्श किया गया। पीएमएल-एन का प्रतिनिधिमंडल ऐसे समय लंदन पहुंचा है, जब देश में उसकी गठबंधन सरकार पर राजनीतिक एवं आर्थिक दबाव बढ़ता जा रहा है। वहीं, अपदस्थ प्रधानमंत्री इमरान खान के जल्द एक व्यापक विरोध-प्रदर्शन करने की संभावना है, जो देश में जल्द से जल्द चुनाव कराने की मांग कर रहे हैं। समाचार पत्र 'डॉन' की खबर के अनुसार, मरियम ने बताया कि बृहस्पतिवार को एक और बैठक की जाएगी, जिसमें देश को संकट से उबारने के लिए कड़े फैसले किए जाने की उम्मीद है। प्रधानमंत्री के 10 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल में रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ, सूचना मंत्री मरियम औरंगजेब, योजना मंत्री अहसान इकबाल, ऊर्जा मंत्री खुर्रम दस्तगीर, वित्त मंत्री मिफ्ता इस्माइल और रेल मंत्री ख्वाजा साद रफीक शामिल हैं। लंदन से सामने आए एक वीडियो में नवाज शरीफ (72) अपने छोटे भाई शहबाज (70) की पीठ थपथपाते नजर आ रहे हैं। दोनों भाइयों के गले मिलते हुए एक तस्वीर भी सामने आई और अन्य एक तस्वीर में वह बैठकर चर्चा करते दिख रहे हैं।

सनी लियोनी ने फिल्म 'जिस्म 2' से रखा था बॉलीवुड में कदम

जन्मदिवस पर विशेष

एजेंसी

मुम्बई। बॉलीवुड फिल्मों और गानों में अपनी बोल्डनेस की वजह से हमेशा सुर्खियां बटोरने वाली अभिनेत्री सनी लियोनी आज मनोरंजन जगत का एक बड़ा नाम बन चुकी हैं।कनाडा के सार्निया ओंटेरियो में 13 मई,1981 को जन्मी सनी लियोनी का असली नाम करणजीत कौर वोहरा है। एक सिख पंजाबी परिवार में जन्मी सनी के पिता तिब्बत में जन्मे और दिल्ली में पले बढ़े थे। उनकी माँ हिमाचल प्रदेश के एक छोटे-से गाँव नाहन, सिरमौर से थी। बचपन से ही वह काफ़ी चुस्त थीं और लड़कों के साथ हॉकी खेलती थीं।वो आइस स्केटिंग करना पसंद करती थीं।परिवार ने सनी का दाखिला कैथलिक स्कूल में करवाया, ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि वे सोचते थे कि पब्लिक स्कूल में जाना सनी के लिए सुरक्षित नहीं है। सनी ने महज 15 साल की उम्र में जर्मन बेकरी में अपनी पहली नौकरी की थी। 19 साल की उम्र में सनी ने पोर्न इंडस्ट्री में कदम रखा और जल्द ही पोर्न इंडस्ट्री की क्वीन बन गईं। साल 2011 में सनी ने अपने बॉयफ्रेंड और अभिनेता डेनियल वेबर से शादी कर ली। साल 2011 में सनी कलर्स टीवी पर प्रसारित होने वाले मशहूर रियलिटी शो 'बिग बॉस' का हिस्सा बनीं। इस शो में एक दिन फिल्ममेकर महेश भट्ट भी पहुंचे, जहां उनकी नजर सनी पर पड़ी। इसके बाद उन्होंने सनी को अपनी फिल्म के लिए रोल ऑफर किया। साल 2012 में सनी ने फिल्म 'जिस्म 2 ' से बॉलीवुड में कदम रखा। हालांकि फिल्म सफल नहीं हो पाई, लेकिन सनी के अभिनय को काफी पसंद किया गया। इसके बाद वह कई फिल्मों में नजर आईं, जिनमें जैकपोट, रागिनी एमएमएस, मस्तीजादे, वन नाइट स्टैंड आदि शामिल हैं। इसके अलावा सनी ने कई बॉलीवुड फिल्मों में अपने आइटम नंबर से दर्शकों का दिल जीता। सनी ने हिंदी के अलावा तमिल,तेलुगु, कन्नड़ आदि भाषाओं की फिल्मों में भी अभिनय किया। सनी और डेनियल ने 2017 में निशा कौर वेबर को गोद लिया था। उसके बाद मार्च 2018 सनी सरोगेसी के जरिए दो बेटों अशर सिंह वेबर और नोआ सिंह वेबर की मां बनी। आज सनी अपने परिवार के साथ एक खुशहाल जिंदगी बिता रही हैं। उन्होंने अपनी जिंदगी में कम समय में नाम और शोहरत दोनों कमाया और दर्शकों के दिलों में अपने लिए खास जगह बनाई। फिलहाल सनी अपने परिवार के साथ अमेरिका में हैं। वह जल्द ही फिल्म 'कोका कोला','हेलेन' और 'द बैटल ऑफ़ भीमा कोरेगांव में नजर आयेंगी।

खार्कीव में लगातार रूसी सेना को पीछे ढकेल रहे यूक्रेन के जवान

एजेंसी

कीव। रूस को खार्किव में कब्जे के बाद मंगलवार से लगातार पीछे हटना पड़ रहा है। यूक्रेन की सेना को बुधवार को अपने दो गांव रूसी कब्जे से छीनने में सफलता मिली है। रूस की सीमा से 50 किलोमीटर दूर यूक्रेन के दूसरे सबसे बड़े शहर खार्कीव पर कब्जे की लड़ाई फरवरी से जारी है लेकिन दो महीने से ज्यादा की भीषण लड़ाई में रूसी सेना को सफलता नहीं मिली है। इस बीच यूक्रेन ने डोनबास में रूस से होकर यूरोप को जाने वाली गैस पाइपलाइन की आपूर्ति रोक दी है। रूसी सेना को कड़ी टक्कर दे रही यूक्रेन की सेना अब उसे अपने इलाकों से धकेलकर पीछे भी कर रही है। बीते 24 घंटे में यूक्रेन की सेना ने खार्कीव के पूर्व में स्थित विहिव्का और रूबीझेन गांव रूसी सेना से छीन लिए हैं। इतना ही नहीं यूक्रेनी सैनिक रूसी सेना की आपूर्ति व्यवस्था पर भी हमले कर रहे हैं। ये हमले रूसी सीमा के भीतर तक हो रहे हैं। आपूर्ति व्यवस्था पर हमला कर और कड़े प्रतिरोध करके यूक्रेनी सेना ने रूसी सेना को कीव पर कब्जा नहीं करने दिया था। कम संसाधनों वाली यूक्रेनी सेना अपनी रणनीतिक कौशल से रूसी सेना के लिए लगातार मुश्किलें खड़ी कर रही है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा है कि खार्कीव क्षेत्र में उनकी सेना भारी पड़ रही है। डोनबास में रूस समर्थित विद्रोहियों के इलाके से होकर जा रही रूसी गैस पाइपलाइन को भी यूक्रेन ने रोक दिया है। करीब 11 हफ्ते से जारी युद्ध में ऐसा पहली बार हुआ है कि यूक्रेन ने यूरोप जा रही रूसी गैस को रोका हो।

हार की स्थिति में पुतिन कर सकते हैं परमाणु हथियार का इस्तेमाल, अमेरिकी खुफिया अधिकारी की चेतावनी

एजेंसी

वाशिंगटन/कीव। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन यूक्रेन में हार की स्थिति में और अपने सत्ता पर खतरा देख संभावित रूप से परमाणु हथियार का इस्तेमाल कर सकते हें। यह चेतावनी एक शीर्ष अमेरिकी खुफिया अधिकारी ने दी है। दुनिया भर में खतरों पर सीनेट को ब्रीफिंग करने वाले खुफिया प्रमुखों के आकलन में यह चेतावनी आई थी। नेशनल इंटेलिजेंस की निदेशक एवरिल हेन्स ने सीनेट की सशस्त्र सेवा समिति को बताया कि पुतिन रूस के परमाणु शस्त्रागार का उपयोग यूक्रेन के लिए और अमेरिका एवं उसके सहयोगियों को समर्थन प्रदान करने से रोकने के प्रयास में जारी रखेंगे। हेन्स ने तर्क दिया कि रूसी नेता परमाणु हथियार का उपयोग तब तक नहीं करेंगे, जब तक कि वह रूस या उनके शासन के लिए एक संभावित खतरा नहीं देख लेते। उन्होंने कहा कि वह यूक्रेन में हार की संभावना को इस तरह के खतरे के रूप में देख सकते हैं।

यूक्रेन नाटो में शामिल रहता तो रूस नहीं करता हमला : जेलेंस्की

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि अगर उनका देश पहले से नाटो समूह में होता तो रूस का हमला नहीं होता। फ्रेंच यूनिवर्सिटी के छात्रों से ऑनलाइन बात करते हुए जेलेंस्की ने कहा कि अगर यूक्रेन युद्ध से पहले नाटो का हिस्सा होता तो कोई हमला नहीं होता।

केमिकल प्लांटों पर हमले का अंदेशा

यूक्रेनी सेना ने चेतावनी दी है कि रूस की सेना देश के केमिकल प्लांटों को निशाना बना सकती है। यूक्रेन के जनरल स्टाफ ने यह अंदेशा ऐसे समय जताया है, जब रूसी बमबारी में यूक्रेनी तेल भंडारों और अन्य औद्योगिक स्थलों को निशाना गया है।

जर्मनी ने कीव में अपना दूतावास फिर खोला

रिपोर्ट के मुताबिक रूसी आक्रमण के बाद जर्मनी ने कीव में बंद अपने दूतावास को फिर से खोल दिया है। जर्मन विदेश मंत्री एन्नालेना बारबोक ने मंगलवार को कहा कि उनका देश यूक्रेन का साथ देगा। दो महीने पहले लड़ाई शुरू होने के बाद यूक्रेन की यात्रा पर जाने वाली वह पहली जर्मन मंत्री हैं। उन्होंने कहा कि जब युद्ध अपराध की जांच एवं उसे लेकर मुकदमा चलाने की बारी आएगी तब भी जर्मनी यूक्रेन के साथ रहेगा।

सोनाक्षी सिन्हा ने सगाई की अफवाहों पर लगाया विराम

एजेंसी

मुम्बई। हाल ही में भिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर अपनी कुछ तस्वीरें साझा की थीं, जिनमें वह अपने हाथों में पहनी हुईं खूबसूरत रिंग फ्लॉन्ट करती नजर आईं थी। सोनाक्षी की इन तस्वीरों के सामने आने के बाद फैंस कयास लगा रहे थे कि सोनाक्षी सिन्हा ने सगाई कर ली है।लेकिन अब सोनाक्षी ने फैंस के इन कयासों को अफवाह बताते हुए अपनी सगाई की ख़बरों पर पूर्ण विराम लगा दिया है। सोनाक्षी ने अपनी लेटेस्ट पोस्ट में खुलासा किया है कि उन्होंने सगाई नहीं की है,बल्कि उन्होंने अपना एक नया नेल ब्रांड लांच किया है।

सोनाक्षी ने सोशल मीडिया पर अपनी एक तस्वीर साझा करते हुए लिखा-'मुझे लगता है मैंने आपको बहुत परेशान कर लिया। बहुत सारी हिंट दी गईं और उनमें से कुछ भी झूठ नहीं था। मेरे लिए ये बहुत बड़ा दिन है, क्योंकि मैं अपनी खुद की आर्टिफिशियल नेल ब्रांड सोएजी (ट्रुक्ट्रुक) लॉन्च कर रही हूं। हर लड़की के अमेजिंग नेल्स पाने का जरिया। मेरा सबसे बड़ा सपना सच हो गया, क्योंकि फाइनली मैंने एंटरप्रेन्योरशिप की दुनिया में कदम रखा है। और मैं आप सब के साथ इसे शेयर करने का इंतजार नहीं कर सकती। पिछली पोस्ट में मैं सिर्फ अपने नए प्यार यानि की नेल्स को फ्लॉन्ट कर रही थी। आप लोगों ने क्या सोचा था? लव यू गाइज। आप सबके सपोर्ट के लिए शुक्रिया।' सोनाक्षी के इस पोस्ट पर सोशल मीडिया यूजर्स जमकर प्रतिक्रिया दे रहे हैं। साल 2010 में आई फिल्म 'दबंग' से बॉलीवुड में डेब्यू करने वाली सोनाक्षी सिन्हा के वर्क फ्रंट की बात करें तो वह जल्द ही फिल्म डबल एक्सेल में अभिनय करती नजर आएंगी।

शिल्पा शेट्टी ने बनाई सोशल मीडिया से दूरी

सोशल मीडिया पर सक्रिय रहने वाली फिल्म अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी ने अब सोशल मीडिया से दूरी बनाने का फैसला किया है। इसकी जानकारी खुद शिल्पा शेट्टी ने सोशल मीडिया जे जरिये दी है । शिल्पा ने गुरुवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर करते हुए लिखा-'एकरसता (मोनोटनी) से ऊब गई हूं। सबकुछ एक जैसा दिख रहा है। सोशल मीडिया से दूर जा रही हूं, जब तक मुझे एक नया अवतार नहीं मिल जाता। शिल्पा शेट्टी के इस पोस्ट से सनसनी मच गई है , क्योकि सोशल मीडिया पर शिल्पा शेट्टी की अच्छी खासी फैन फॉलोइंग है।अपनी फिटनेस को लेकर चर्चा में रहने वाली शिल्पा शेट्टी जल्द ही शब्बीर खान की फिल्म निकम्मा में नजर आएंगी। फिल्म की शूटिंग पूरी हो चुकी है और यह फिल्म इसी साल 17 जून को रिलीज होगी। वहीं इस फिल्म के अलावा शिल्पा शेट्टी रोहित शेट्टी की कॉप सीरीज इंडियन पुलिस फोर्स में नजर आएंगी।' इंडियन पुलिस फॉर्स' में शिल्पा शेट्टी के साथ सिद्धार्थ मल्होत्रा और विवेक ओबेरॉय भी लीड रोल में हैं।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान सह सम्पादक* - धर्मेन्द्र कुमार गुप्ता
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063